RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 91
नई दिल्ली, मंगलवार, 6 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा एक साहसी कार्य

राष्ट्रीय-10

# 2024 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार आह्वान

## भाजपा विचारधारा, घोषणापत्र और गारंटी देने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्वास जताया कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और भाजपा कम से कम 370 सीटें जीतेगी। मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि विपक्षी दल चुनाव लड़ने का साहस खो चुके हैं और उन्होंने लंबे समय तक विपक्ष में रहने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में बहस का जवाब देते हुए कहा, 'मैं देश के मूड को समझ सकता हूं, यह निश्चित रूप से एनडीए को 400 से अधिक सीटें और भाजपा को कम से कम 370 सीटें देगा।' उन्होंने कहा कि सरकार का तीसरा कार्यकाल ज्यादा दूर नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'अधिक से अधिक 100-125 दिन शेष हैं।' मोदी ने कहा, 'अबकी बार' और भाजपा सदस्यों ने एक स्वर में '400 पार' कहा। मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान का जिक्र करते हुए कहा, 'यहां तक कि खड़गे जी भी यही बात कह रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया और कटाक्ष किया कि विपक्षी दल के सदस्यों के बयानों से उन्हें विश्वास हो गया है कि उसने अर्से तक विपक्ष में बैठने का संकल्प ले लिया है।

मोदी ने अपने इस कथन को दोहराया कि मैं देश को अगले हजार वर्ष तक समृद्धि और सिद्धि के शीर्ष पर देखना चाहता हूं। हमारा तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए मजबतू नींव रखने का काम करेगा। देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य पर मुझे अपार भरोसा है। प्रधानमंत्री ने अपने करीब पौने दो घंटे के भाषण में कहा, मै विशेष रूप से विपक्ष के संकल्प की सराहना करता हूं, उन्होंने लंबे अर्से तक वहां (विपक्ष दीर्घा में) बैठने का संकल्प ले लिया है। आप कई तक दशक तक जैसे यहां (सत्ता पक्ष की ओर) बैठे थे, वैसे ही कई दशक तक आपके वहां बैठने के संकल्प को जनता जरूर आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा, आप जिस ऊंचाई पर हैं, उससे अधिक ऊंचाई पर पहुंचेंगे। अगले चुनाव के बाद आप दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। मोदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, विपक्ष में कई युवा सांसद हैं जिनमें उत्साह और उमंग है लेकिन उनकी छवि से किसी और की छवि न दब जाए, इसलिए उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। प्रधानमंत्री का कहना था कि कांग्रेस विपक्षी दल के रूप में अपना दायित्व निभाने में विफल रही तथा दूसरे विपक्षी दलों को उभरने का मौका नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दस साल का समय मिला लेकिन उसने मजबूत विपक्ष बनने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, विपक्ष ने जो संकल्प लिया है, उसकी सराहना करता हूं, उनके भाषण से यह संकल्प पक्का हो गया है कि उन्हें लंबे समय तक वहीं रहना है। मोदी ने कहा, आप (विपक्ष) में से बहुत लोग चुनाव लड़ने का हौसला खो चुके हैं, कुछ ने पिछली बार सीट बदली थी और इस बार भी बदलने के प्रयास में हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, (मल्लिकार्जुन) खरगे जी एक सदन से दूसरे सदन में चले गए, गुलाम नबी आजाद पार्टी से ही चले गए...एक ही प्रोडक्ट लॉन्च करने के प्रयास में कांग्रेस की दुकान को ताला लगने की नौबत आ गई है।



संसद के बजट सत्र के दौरान सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि तीसरी बार उनकी सरकार बनेगी और उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उनका कहना था कि कांग्रेस इस तरह से कैंसल कल्चर में फंस गई है कि वह देश की सफलताओं को ही कैंसल (निरस्त) कर रही है। मोदी ने कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है उसकी सबसे ज्यादा दोषी कांग्रेस है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव को सदन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के बाद ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर एक परिवार के बाहर नहीं देखने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश ने जितना परिवारवाद का खामियाजा उठाया है, उसका खामियाजा कांग्रेस ने भी उठाया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी परिवार के दस लोग भी अपनी योग्यता से राजनीति में आते हैं तो वह उसका स्वागत करते हैं।

मोदी ने कहा, हमने कभी इसे परिवारवाद नहीं कहा। नई पीढ़ी के अच्छे लोग आएं स्वागत योग्य है। हम एक ही पार्टी को परिवार द्वारा चलाए जाने, परिवार के लोगों को प्राथमिकता देने, परिवार के लोगों द्वारा ही सारे निर्णय लिए जाने को परिवारवाद कहते हैं। इसमें परिवार ही पार्टियां चलाते हैं। अध्यक्ष परिवार से ही होगा। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, न राजनाथ जी का कोई राजनीतिक दल है, न अमित शाह की कोई पार्टी है। मोदी ने अभिभाषण में अल्पसंख्यकों का कोई उल्लेख नहीं होने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की टिप्पणियों पर निशाना साधते हुए कहा, हो सकता है आपके यहां युवा, किसान, महिला और गरीब अल्पसंख्यक नहीं हों। हो सकता है आपके यहां जब नारी, युवाओं की बात होती है तो सबकी बात नहीं होती हो। आखिर कब तक समाज को बांटते रहोगे, टुकड़ों में तोड़ते रहोगे।

मोदी ने विपक्षी दलों की ओर संकेत करते हुए कहा, नेता बदल गए, टेप रिकॉर्डर वही बज रहा है। कोई नई बात नहीं आती नहीं... चुनाव का वर्ष है, कुछ मेहनत करते, कुछ नया निकालकर लाते, जनता को संदेश देने के लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम देश के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं तो कांग्रेस के साथी मजाक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन 2014 के अंतरिम बजट में तत्कालीन संप्रग सरकार के वित्त मंत्री ने भारत के दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था बनने पर भी बड़ा गौरव जताया था और अगले तीन दशक यानी 2044 तक भारत की जीडीपी को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर पहुंचाने का विश्वास जताया था। मोदी ने कहा कि तब कांग्रेस के लोगों को दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर भी गर्व हो रहा था, लेकिन आज पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बनने पर उन्हें गौरव का अनुभव नहीं हो रहा। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लोग सपना देखने का सामर्थ्य भी खो चुके थे, संकल्प तो दूर की बात थी। लेकिन हम आपके सामने विश्वास से खड़े हैं, इस पवित्र सदन में मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम तीस साल नहीं लगने देगे। यह मोदी की गारंटी है। मेरे तीसरे कार्यकाल में देश दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सुस्त रफ्तार का कोई मुकाबला नहीं, जबकि आज देश में जिस रफ्तार से काम हो रहा है, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती थी। मोदी ने कहा, हमने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए और शहरी गरीबों के लिए 80 लाख घर बनाए। कांग्रेस की रफ्तार से ये आवास बनते तो 100 साल लगते और पांच पीढ़ियां गुजर जातीं। हमने दस वर्ष में 40 हजार किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया। कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते। चार पीढ़ियां गुजर जातीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश के सामर्थ्य पर कभी विश्वास नहीं किया। (शेष पेज 9)

# कांग्रेस पार्टी ने 1975 के बाद सबसे बड़ी गलती की

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस के** प्रथम परिवार- गांधी परिवार पर तीखा हमला करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि परिवार के सदस्य भगवान राम का 'बहिष्कार' कर रहे हैं, यह निश्चित रूप से उनके लिए उत्तर प्रदेश की राह का अंत है। न ही सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और न ही उनके रिश्तेदार कभी भी उस राज्य में चुनावी मैदान में उतरने की हिम्मत नहीं करेंगे जो कई दशकों से नेहरू-गांधी परिवार का निर्विवाद गढ़ रहा है। इन अटकलों के साथ कि कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष और सबसे लंबे समय तक कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी राज्यसभा में जा सकती हैं और राहुल गांधी जो 2019 की लड़ाई पहले ही हार चुके हैं, अभी भी दक्षिण भारत के लिए प्रयास कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा, 'उनके कदम अब लड़खड़ाने लगे हैं (वे सचमुच अब कांप रहे हैं)।'

ठाकुर ने पायनियर को बताया, 'गांधी चुनाव लड़ने लायक नहीं। उनकी यात्राओं के बावजूद उनकी घटती सार्वजनिक पहुंच को देखें। वो राम विरोधी हैं (गांधी अब चुनाव के लिए उपयुक्त नहीं हैं। वे भगवान राम के खिलाफ हैं), 1975 (आपातकाल) के बाद यह कांग्रेस की दूसरी सबसे बड़ी गलती है।' जबकि सोनिया कई कार्यकालों से रायबरेली का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, पड़ोसी अमेठी का प्रतिनिधित्व 2019 तक राहुल गांधी ने किया था, जहां वह केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार गए थे। सूत्रों ने कहा कि जहां सोनिया के पास राज्यसभा में जाने का विकल्प है, वहीं राहुल फिर से केरल के वायनाड में अपने वर्तमान लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और परिवार के अन्य सदस्य जैसे संजय गांधी और अन्य लोग यूपी से लोकसभा में रहे हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी के प्रति लोगों की घटती धारणा के बारे में विस्तार से बताते हुए, ठाकुर ने कहा कि उनके बयान की पुष्टि की जा सकती है और उन तीन राज्यों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए पुष्टि की जा सकती है, जहां वे वर्तमान में शासन कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा, 'वे कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और हाल ही में जीते गए तेलंगाना में परेशानी में हैं। वे बहुत धूमधाम और दिखावे के साथ आए और बहुत जल्द ही इन राज्यों में सरकारों की लोकप्रियता घट रही है और अंदरूनी कलह बढ़ गई है। हालाँकि, ये चीजें केवल लोकसभा चुनावों में भाजपा की मदद करने वाली हैं और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मेरी पार्टी के लक्ष्यों को और अधिक बढ़ाने वाली हैं।' उन्होंने आगे कहा कि जहां कांग्रेस और उसके गठबंधन व्यापक रूप से भ्रष्टाचार और विश्वसनीयता की हानि का पर्याय हैं, वहीं भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो लोगों के लिए अपने घोषणापत्र और सबसे बढ़कर विचारधारा को साकार करने में सफल रही है।

ठाकुर ने याद दिलाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के सदस्य या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं, चाहे वह सोनिया, राहुल, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, ममता बनर्जी पार्टी के नेता और अन्य हों। ठाकुर ने कहा, 'मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं, पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा अब शायद दुनिया की एकमात्र पार्टी है जो अपनी विचारधारा के साथ मेल खाती है और हमने कई अन्य राजनीतिक दलों की तरह इस मामले में कभी भी लापरवाही नहीं बरती है। मोदी अब सार्वभौमिक रूप से एक बड़ा नाम हैं और पार्टी ने अपनी स्थापना के बाद से जो कुछ भी कहा है वह लगभग पूरा हो चुका है और अब लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आगे बढ़ रही है।' (शेष पेज 9)

## चंपई सोरेन ने झारखंड विधानसभा में विश्वासमत हासिल किया

**पीएनएस।** रांची

**मुख्यमंत्री** चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने विश्वास मत प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित थे। विश्वास मत हासिल करने के बाद, चंपई सोरेन ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों में मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। वहीं, सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने कहा कि यह (विश्वास मत) भाजपा को एक जोरदार झटका है जिसने लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करते हुए एक साजिश रची थी। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झामुमो नेता हेमंत सोरेन को धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद झामुमो विधायक दल के नेता चंपई सोरेन (67) ने दो फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। सत्तारूढ़ गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) शामिल हैं जबकि गठबंधन को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन) के इकलौते विधायक का बाहर से समर्थन प्राप्त है।

# योगी सरकार ने पेश किया अब तक का सबसे बड़ा बजट

## ● 736437.71 करोड़ के बजट में महिलाओं, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक ध्यान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 7 लाख 36 हजार 437 करोड 71 लाख रुपए (736437.71 करोड़ रुपए) है। बजट में 24 हजार 863 करोड़ 57 लाख रुपए (24863.57 करोड़ रुपए ) की नई योजनाएं भी शामिल की गई हैं। प्रदेश सरकार के बजट में महिलाओं, युवा, किसान और रोजगार सृजन पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। योगी सरकार के बजट में 6 लाख 6 हजार 802 करोड़ 40 लाख रुपये (606802.40 करोड़ रुपए) की राजस्व प्राप्तियां तथा 1 लाख 14 हजार 531 करोड़ 42 लाख रुपए (114531.42 करोड़ रुपए) की पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं। इसके अलावा राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 4 लाख 88 हजार 902 करोड़ 84 लाख रुपए (488902.84 करोड़ रुपए) है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2 लाख 70 हजार 86 करोड रुपये (270086 करोड़ रुपए) तथा केन्द्रीय करों में राज्य का अंश 2 लाख 18 हजार 816 करोड़ 84 लाख रुपए शामिल है। यूपी के इस वित्तीय वर्ष के बजट में 5 लाख 32 हजार 655 करोड़ 33 लाख रुपए राजस्व लेखे का व्यय हैए जबकि 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपए पूंजी लेखे का व्यय है। (शेष पेज 9)



# ग्रैमी में भारत की धूम, कई पुरस्कार जीते

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत ने संगीत** के क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैमी अवॉर्ड्स 2024 में अपना जलवा बिखेरा और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन तथा बांसुरी वादक राकेश चौरसिया समेत पांच भारतीय संगीतकारों ने पुरस्कार जीते। ग्रैमी अवॉर्ड्स जीतने पर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी विजेताओं को बधाई व शुभकामना संदेश प्रेषित किया है। इसके साथ सोशल मीडिया पर बधाईयों का दौर जारी है।

जाकिर हुसैन ने तीन ग्रैमी पुरस्कार अपने नाम किए जबकि राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम के एक फ्यूजन संगीत समूह शक्ति ने दिस मूमेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में 2024 का ग्रैमी पुरस्कार जीतने पर मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन, महादेवन, राकेश चौरसिया, सेल्वागणेश और गणेश राजगोपालन और उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि उनकी इस उपलब्धि पर भारत को गर्व है। उन्होंने कहा, संगीत के प्रति आपकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने दुनिया भर में दिल जीता है। भारत को गर्व है। इस एल्बम में संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन के साथ हुसैन, महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तालवादक सेल्वागणेश विनायकराम शामिल हैं। शक्ति का 45 से अधिक वर्षों में पहला स्टूडियो एल्बम (शेष पेज 9)



# रामनगरी अयोध्या ने वैश्विक पर्यटन के लिए खोली अपनी बांहें

**बिस्वजीत बनर्जी। अयोध्या**

**22 जनवरी** को अयोध्या में पवित्र राम जन्मभूमि स्थल, जहां नया राम मंदिर जनता के लिए खोला गया था, से महज एक किलोमीटर की दूरी पर दिनेश यादव खुद अपनी डोमिनोज पिज्जा की दुकान स्थापित करने की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। हाल ही में इसे खोलने के बावजूद उनका व्यवसाय अच्छा चल रहा है। यादव ने इस संवाददाता को बताया, 'पहले दिन मैंने लगभग 5000 रुपये का कारोबार किया और दूसरे दिन, यह 4500 रुपये था। हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' डोमिनोज़ पहला फास्ट फूड चेन आउटलेट है जो राम मंदिर के आसपास खुला है। यादव ने कहा, 'हमने जल्दबाजी में शुरुआत की। यह दुकान बहुत छोटी है। निर्माण कार्य अभी भी जारी है। हम यहां से बड़ी संख्या में ग्राहकों को सेवाएं नहीं दे सकते।' हालाँकि हमने 28 जनवरी को अपनी दुकान खोली, हम पहले से ही एक बड़ी दुकान की तलाश में हैं।

दूसरी ओर, राम मंदिर से लगभग 8 किमी दूर अवध कुमार वर्मा, जो मॉल ऑफ अवध में पिज्जा हट के संचालन की देखरेख करते हैं, राम मंदिर के पास एक दुकान खोलने का अवसर खोने से दुखी हैं। उन्होंने कहा, 'पिज्जा हट ने यह दुकान लगभग तीन महीने पहले खोली थी जब प्रतिष्ठापन की तारीखों की घोषणा की गई थी। लेकिन अब हम राम पथ पर एक दुकान की तलाश कर रहे हैं क्योंकि भीड़ उस क्षेत्र को जाम कर रही है। हमारा कारोबार काफी अच्छा है, लेकिन वहां दुकान मिलने से कैश काउंटर पर काम शुरू हो जाएगा।' उन्होंने कहा, पिज्जा हट अयोध्या में सभी शाकाहारी भोजन परोसने के लिए तैयार है। हालाँकि हम मुख्य मंदिर से आठ किमी दूर हैं और पंच कोसी परिक्रमा मार्ग के बाहर हैं। हम यहाँ नॉन-वेज खाद्य पदार्थ नहीं परोसते हैं। मेनू पूरी तरह से शाकाहारी है। उन्होंने कहा, 'एक बार जब हमें अयोध्या शहर में जगह मिल जाएगी तो हम शाकाहारी चीजें परोसना जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा कि उन्हें राम पथ पर एक दुकान खोलने की ज़रूरत है। यह जितनी जल्दी होगा उतना ही बेहतर होगा।




अयोध्या एक शराब और मांस निषेध क्षेत्र है जहां पंच कोसी मार्ग के अंदर मटन और मादक पेय पर प्रतिबंध है। अयोध्या में एक सरकारी अधिकारी विशाल सिंह ने कहा, 'हमारे पास अयोध्या में अपनी दुकानें स्थापित करने के लिए बड़े खाद्य श्रृंखला आउटलेट्स के प्रस्ताव हैं। हम उनका खुले दिल से स्वागत करते हैं लेकिन एक ही प्रतिबंध है कि वे पंच कोसी के अंदर मांसाहारी खाद्य पदार्थ नहीं परोसेंगे।' पंच कोसी परिक्रमा अयोध्या के चारों ओर 15 किलोमीटर का तीर्थयात्रा सर्किट है, जो रामायण से जुड़े पवित्र स्थलों का दौरा करता है। सिंह ने कहा कि कुछ आउटलेट जो अपने मांसाहारी खाद्य पदार्थों के लिए प्रसिद्ध हैं, उन्होंने 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बाहर अपनी इकाइयां स्थापित की हैं – जो उचित है। उन्होंने कहा, 'केएफसी ने अयोध्या-लखनऊ राजमार्ग पर अपनी इकाई स्थापित की है क्योंकि हम यहां मांसाहारी खाद्य पदार्थों की अनुमति नहीं देते हैं। हम केएफसी को भी जगह उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं, अगर वह केवल शाकाहारी चीजें बेचने का फैसला करता है। चूंकि इसकी खासियत चिकन है इसलिए हमारी ओर से सख्त मनाही है।' यहां तक ??कि हरिद्वार में भी शहर के अंदर शराब और मटन प्रतिबंधित है और इसलिए नॉन-वेज खाद्य पदार्थ परोसने वाली खाद्य श्रृंखला केएफसी के आउटलेट हरिद्वार-रुड़की राजमार्ग पर हैं। अनुमान के मुताबिक अयोध्या में राम मंदिर में राम नवमी – 17 अप्रैल तक प्रति सप्ताह 10-12 लाख लोगों के आने की संभावना है – और उसके बाद भी शहर में आगंतुकों की संख्या अधिक रहने की उम्मीद है। अफसरों का दावा है कि खाद्य श्रृंखला समूह ने 100 करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान लगाया है, जिस तरह से तीर्थयात्री अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए आ रहे हैं, उसे देखते हुए यह काफी संभव है। फैजाबाद होटल एसोसिएशन (एफएचए) के अध्यक्ष शरद कपूर ने कहा कि पिछले सात दिनों में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का स्वरूप बदल गया है। पहले कुछ दिनों में हमारे पास पड़ोसी जिलों से भी लोग दर्शन के लिए आते थे, लेकिन अब राज्य के अन्य हिस्सों से भी लोग अयोध्या आ रहे हैं। कपूर ने कहा, 'चूंकि ये लोग देश के विभिन्न हिस्सों से आ रहे हैं, (शेष पेज 9)

# ईडी के समन का अदालत में देंगे जवाब : केजरीवाल

## बोले: दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की ओर से मिले नोटिस में किसी भी प्राथमिकी का जिक्र नहीं

● जांच एजेंसी का इस्तेमाल कर सरकारें गिराई जा रही हैं, गलत तरीके से जनतंत्र को खत्म किया जा रहा: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ईडी के समन और क्राइम ब्रांच की नोटिस को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को मुखर दिखे। उन्होंने कहा कि वो पूछ रहे हैं कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदने के लिए किन लोगों ने संपर्क किया। यह तो पूरी दुनिया जानती हैं कि इस देश में एक ही पार्टी है, जो सबको खरीद रही है। जिन्होंने गोवा व कर्नाटक में सरकार गिराई और महाराष्ट्र में एनसीपी-शिवसेना को तोड़ा, उन्होंने ही हमारे विधायकों से संपर्क किया।

ईडी के समन को लेकर सात फरवरी को होने वाली राउस एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई पर सीएम ने कहा कि वह कोर्ट में अपना जवाब देंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तानाशाही चल रही है।

ईडी का इस्तेमाल कर सरकारों को गिराया जा रहा है और गलत तरीके से जनतंत्र को खत्म किया जा रहा है। क्राइम ब्रांच को लेकर सीएम ने कहा कि मेरे घर आए अफसरों पर मुझे बहुत दया आ रही थी, क्योंकि एक युवा यह सोच लेकर पुलिस में भर्ती होता कि वो देश और समाज की रक्षा करेगा। लेकिन जिस तरह इन लोगों ने उनसे मेरे घर पर पांच घंटे नौटंकी करवाई, इससे उन अफसरों को भी बुरा लगा होगा, क्योंकि इनके राजनीतिक आकाओं ने पूरी दिल्ली पुलिस की बेइज्जती की है। केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भाजपा द्वारा आप विधायकों को खरीदने का प्रयास करने के उनके आरोपों पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की ओर से मिले नोटिस में किसी भी प्राथमिकी का कोई जिक्र नहीं है और देश इस तरह की नौटंकी से प्रगति नहीं कर पाएगा।

केजरीवाल ने एक कार्यक्रम से इतर मीडिया से बातचीत में कहा कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के राजनीतिक आकाओं से और उन्हें नैनौटंकी करने के लिए मजबूर किया, जो उनके लिए काफी अपमानजनक है।

केजरीरवाल ने कहा कि उन्हें उन अधिकारियों पर दया आती है। युवा अधिकारी बहुत आदर्शवाद के साथ पुलिस में शामिल होते हैं कि वे महिलाओं की रक्षा करेंगे और अपराध कम करेंगे। उन्होंने कभी नहीं सोचा होगा कि उन्हें नाटक करने के लिए मजबूर किया जाएगा। क्या इसीलिए वे पुलिस में शामिल हुए होंगे। अधिकारियों को बुरा लग रहा होगा। यह अपमान उनके राजनीतिक आकाओं के कारण हुआ।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों के सिलसिले में रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी के आवास पहुंचकर उन्हें भी नोटिस दिया था।

केजरीवाल को नोटिस शनिवार को मिला था। झारखंड में राजनीतिक स्थिति के बारे में बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी सही नहीं है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा, एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत था। उन्होंने 48 घंटे तक इंतजार कर यह देखा कि झारखंड की सरकार गिरती है या नहीं, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक नहीं टूटे। देश में जो कुछ भी हो रहा है, वह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। सोरेन के इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया।

# तीर्थयात्रा कराना मेरा धर्म और कर्तव्य : सीएम



बुजुर्ग तीर्थयात्री को तिरुपति बालाजी के लिए रेल टिकट सौंपते मुख्यमंत्री।

● मुख्यमंत्री त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या में पहुंच कर तीर्थयात्रा के लिए वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाएं दी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत सोमवार को 780 बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को लेकर 89वीं ट्रेन तिरुपति बालाजी के लिए रवाना हुई। इससे पहले, त्यागराज स्टेडियम में तीर्थयात्रियों के लिए भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहां खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहुंच कर तीर्थयात्रियों से मुलाकात की और सुखद व सफल यात्रा के लिए उनको शुभकामनाएं दी।

इस यात्रा के दौरान तीर्थयात्री तिरुपति बालाजी के अलावा पदमावती और इस्कान मंदिर का दर्शन करेंगे। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि उन्हें बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने की प्रेरणा श्रवण कुमार से मिली है। मैंने हमेशा दिल्ली के दो करोड़ लोगों को अपना परिवार माना है।

इसलिए अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराना मेरा धर्म और कर्तव्य है। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि लगभग हर हफ्ते दिल्ली से एक ट्रेन बुजुर्ग तीर्थयात्रियों को लेकर देश के कोने-कोने में किसी न किसी तीर्थ स्थल का दर्शन कराने के लिए लेकर जाती है। तीर्थयात्रा योजना के तहत बुजुर्ग रामेश्वरम, द्वारकाधीश, पुरी, हरिद्वार, ऋषिकेष, मथुरा, वृंदावन, शिरडी बाबा समेत करीब 13 तीर्थस्थान हैं। तीर्थयात्री अपनी श्रद्धा के अनुसार इन तीर्थस्थलों में से कोई भी स्थान चुन सकते हैं और तीर्थयात्रा कर सकते हैं। अभी तक दिल्ली से 88 ट्रेनें जा चुकी हैं और आज यह 89वीं ट्रेन तिरुपति के लिए जा रही है। अब तक इन ट्रेनों के जरिए करीब 84 हजार तीर्थयात्री तीर्थयात्रा करके वापस आ चुके हैं।

# मानहानि मामले में समन रद्द करने से इनकार

*नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित एक कथित मानहानिकारक वीडियो को रीट्वीट करने संबंधी आपराधिक मानहानि मामले में आरोपी के रूप में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जारी समन को सोमवार को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केजरीवाल को तलब करने वाले निचली अदालत के 2019 के आदेश को रद्द करने से इनकार करते हुए कहा कि मानहानिकारक सामग्री वाले सोशल मीडिया पोस्ट को रीट्वीट करना भारतीय दंड संहिता की धारा 499 के तहत मानहानि के समान होगा। अदालत ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री को रीट्वीट करते समय कुछ जिम्मेदारी की भावना अवश्य जुड़ी होनी चाहिए जिसके बारे में व्यक्ति को जानकारी नहीं है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने समन रद्द करने से इनकार करने के निचली अदालत के दो आदेशों को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने मामले में पहले निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। मजिस्ट्रेट अदालत ने सोशल मीडिया पेज आई सपोर्ट नरेन्द्र मोदी के संस्थापक की आपराधिक शिकायत के बाद अगस्त 2019 में केजरीवाल को तलब किया था।*

# राजधानी में स्कूल आज से पुराने समय पर खुलेंगे

● मौसम में सुधार होने पर शिक्षा निदेशालय ने जारी किया आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में मौसम में सुधार होने के बाद मंगलवार से स्कूलों को सामान्य समय पर खोलने का निर्देश दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है।

पिछले महीने दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के एक परिपत्र के बाद, ठंड की स्थिति के कारण दिल्ली के स्कूलों में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच कक्षाएं आयोजित की जा रही थीं।

निदेशालय ने सोमवार को जारी एक आदेश में कहा, दिल्ली में मौसम की बेहतर स्थिति को देखते हुए सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को सामान्य समय पर खोला जाएगा।

राजधानी दिल्ली में मौसम में सुधार होने के बाद अब स्कूलों की टाइमिंग में भी बदलाव कर दिया गया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अनुसार, अब स्कूल अपने नियमित समय पर खुलेंगे।

स्कूल को लेकर जारी किया गया यह आदेश कल यानी छह फरवरी से ही लागू हो जाएगा। जनवरी की शुरुआत में शिक्षा विभाग ने दिल्ली में भारी कोहरे की स्थिति को देखते हुए स्कूलों के समय में फेरबदल किया था। ठंड के मौसम क ध्यान में रखते हुए निर्देश दिया था कि स्कूल सुबह 9 बजे से पहले और शाम 5 बजे के बाद नहीं खुलेंगे। इस साल दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से तीन डिग्री कम है।

# जंतर-मंतर में नशे में धुत युवक ने कार से पुलिस बूथ को टक्कर मारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली के जंतर-मंतर इलाके के पास नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी कार से एक एकीकृत पुलिस बूथ में टक्कर मार दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मामले में दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि एक फरवरी को, पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में तैनात कांस्टेबल रामवीर सिंह टॉल्स्टॉय रोड पर गश्त कर रहे थे, तब सुबह लगभग साढ़े छह बजे उन्होंने देखा कि एक अनियंत्रित कार पहले फुटपाथ से टकराई और फिर बिजली के खंभे को टक्कर मारते हुए एकीकृत पुलिस बूथ से टकरा गई। प्राथमिकी में कहा गया है कि टक्कर से फुटपाथ टूट गया, बिजली का खंभा गिर गया और पुलिस बूथ का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। प्राथमिकी के अनुसार कार चालक को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने रक्त जांच कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक व्यक्ति की सांस की जांच की गई, आईपीसी और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।**

# पुलिस मुठभेड़ के बाद बवाना गिरोह का शूटर गिरफ्तार



● करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास हुई मुठभेड़ में एक बदमाश भाग निकला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने दक्षिणपूर्व दिल्ली के करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास मुठभेड़ के बाद नीरज बवाना गिरोह के एक संदिग्ध शार्पशूटर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की पहचान अंबेडकर नगर निवासी एहसान अली के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि उसका साथी नीरज भागने में सफल रहा। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा, दो फरवरी को हमें सूचना मिली थी कि नीरज बवाना गिरोह के दो शार्पशूटर फरीदाबाद से करणी सिंह शूटिंग रेंज में आने वाले हैं। देव ने बताया कि करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास एक छापेमारी दल को मौके पर भेजा गया और मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध अपराधियों को रात करीब साढ़े आठ बजे रोका गया। उन्होंने बताया, जब पुलिस दल ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो दोनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाइकिल को मोड़ने की कोशिश में वह अनियंत्रित होकर गिर गए। अधिकारी ने बताया कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा नीरज अंधेरे की आड़ लेकर जंगली इलाके में भाग निकला लेकिन उसकी बंदूक वहीं गिर गई। उन्होंने बताया कि वहीं दूसरे अपराधी अली ने अपनी बंदूक निकाली और पुलिस पर गोली चलाई जो एक हेड कांस्टेबल की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चेतावनी के तौर पर हवा में गोली चलाई।

पुलिस ने बताया कि जब अली ने दूसरी गोली चलाने का प्रयास किया तो एक पुलिसकर्मी ने उसके पैर में गोली मारी, जिससे वह संतुलन खोकर गिर गया। देव ने कहा, पुलिस दल ने तभी उसे धर-दबोचा और उसकी पहचान एहसान अली के रूप में हुई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अली के पैर पर मामूली चोट आई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


राजधानी में पूरे दिन बादल और हल्की धूप की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। फोटो: रंजन डिमरी

# किन्नर भी बसों में करेंगे मुफ्त सफर

**नई दिल्ली।** आप सरकार ने दिल्ली में रह रहे किन्नर समाज के लोगों को सम्मान की जिंदगी देने के लिए बड़ा फैसला किया है। सरकार ने महिलाओं की तरह ही अब किन्नर समाज को भी बसों में मुफ्त सफर की सुविधा देने का ऐलान किया है। यह घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव पास कर इसे लागू कर दिया जाएगा। जिस तरह महिलाओं को बसों में सफर करने के दौरान मुफ्त टिकट दिया जाता है, वैसे ही किन्नर समाज के लोगों को भी मुफ्त टिकट दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार ने महिलाओं का बसो में सफर मुफ्त करने का ऐलान किया था।

# मनीष सिसोदिया को बीमारी पत्नी से मिलने की मिली अनुमति

● नियमित जमानत पर सुनवाई 12 को

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अदालत से बड़ी राहत मिली है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है। बैठक के दौरान डॉक्टर भी उनसे मिलेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी। उनकी नियमित जमानत पर सुनवाई 12 फरवरी को होगी। विशेष न्यायाधीश एम. के. नागपाल ने पहले दी गई हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किए जाने के बाद सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 फरवरी तक बढ़ा दी। न्यायाधीश ने यह आदेश सीबीआई और ईडी द्वारा दायर आबकारी नीति से संबंधित मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका को स्थगित करते हुए दिया। सिसोदिया ने सप्ताह में अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए हिरासत में पैरोल की मांग की थी।

# मेहरौली मस्जिद मामले में डीडीए यथास्थिति बनाये रखेः अदालत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण से मेहरौली में उस जमीन के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने को कहा, जहां पिछले महीने छह शताब्दी से अधिक पुरानी एक मस्जिद को ध्वस्त कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि यह आदेश सुनवाई की अगली तारीख तक प्रभावी रहेगा।

उन्होंने कहा कि यह आदेश क्षेत्र में अन्य अवैध संरचनाओं के खिलाफ कार्वाई के दौरान अधिकारियों के रास्ते में नहीं आएगा। अदालत ने मामले को 12 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उस स्थान पर यथास्थिति बनाए रखेगा जहां अखुंदजी मस्जिद स्थित था। यह फैसला दिल्ली वक्फ बोर्ड की प्रबंध समिति की याचिका पर आया, जिसमें दलील दी गई है कि मस्जिद को गिराया जाना अवैध था।

डीडीए ने 30 जनवरी को संपत्तियों को अनधिकृत निर्माण बताते हुए मस्जिद, बहरुल उलूम मदरसा और विभिन्न कब्रों को तोड़ दिया था। 31 जनवरी को हाई कोर्ट ने डीडीए से जवाब मांगा कि क्या उसने मस्जिद गिराने से पहले कोई पूर्व सूचना दी थी। अदालत ने कहा डीडीए को एक सप्ताह की अवधि के भीतर अपना जवाब दाखिल करने दें, जिसमें संबंधित संपत्ति के संबंध में की गई कार्रवाई और उसके आधार को स्पष्ट रूप से बताया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई सोमवार को पांच मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद मामले को स्थगित कर दिया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिंह की नियमित जमानत याचिका पर आदेश 31 जनवरी को सुरक्षित रख लिया था। राजू ने अदालत से अनुरोध किया, उन्होंने उच्च न्यायालय के समक्ष नियमित जमानत के लिए अर्जी दाखिल की हुई और उनकी याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। इसलिए सुनवाई कुछ समय के लिए स्थगित कर दी जाए।

पिछले साल 20 नवंबर को आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली सिंह की याचिका पर केंद्र और ईडी से जवाब मांगा था।

## संक्षिप्त समाचार


सिविक सेंटर के गेट पर ज्ञापन चस्पा करते ग्रामीण।

### सिविक सेंटर पर ज्ञापन किया चस्पा

**नई दिल्ली।** महापौर व नेता सदन ने दिल्ली नगर निगम का बजट तैयार करने के दौरान वादा के बावजूद गांवों से जुड़े मसलों के सुझाव नहीं लेने के विरोध में दिल्ली पंचायत संघ के बैनर तले ग्रामीणों ने सिविक सेंटर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मेयर ने मिलने का समय न देने पर ग्रामीणों ने सिविक सेंटर के गेट पर ज्ञापन चस्पा किया। पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव की अगुवाई में किए गए प्रदर्शन में पूर्व परिवहन व विकास मंत्री देवेंद्र सिंह शौकीन, पूर्व विधायक विजय लोचव, पंचायत संघ के पंच प्रमुख सुनील शर्मा, दलबीर सिंह, राजकुमार यादव, राजपाल कत्याल, एडवोकेट यमन यादव आदि ने मेयर व नेता सदन को ग्रामीण विरोधी करार दिया। इस मौके पर थान सिंह यादव ने कहा कि मेयर व नेता सदन ने गत आठ दिसंबर को एमसीडी का बजट आम जनता की राय पर तैयार करने का ऐलान किया था। इस संबंध में उन्होंने दिल्ली के 360 गांवों में से एक गांव के ग्रामीण से भी राय नहीं ली।

### रिटायर्ड डीटीसी कर्मियों की पेंशन को 280 करोड़ मंजूर



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के 20,000 से अधिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सितंबर से जनवरी तक लंबित पेंशन के भुगतान के लिए करीब 280 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। सेवानिवृत्त डीटीसी कर्मचारियों ने अपनी पेंशन जारी करने के लिए कई बार सरकार से संपर्क किया था। दिल्ली परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि डीटीसी के 20,000 से अधिक सेवानिवृत्त पेंशनभोगी कर्मचारियों की सितंबर से जनवरी तक लंबित पेंशन के भुगतान के लिए लगभग 280 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। लंबित पेंशन अगले दो से तीन दिनों के भीतर पेंशनभोगियों के खातों में स्थानांतरित कर दी जाएगी। कैलाश गहलोत ने हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने पिछले सप्ताह डीटीसी को 650 करोड़ रुपये का अनुदान जारी किया।

# तीन करोड़ लोगों के लिए 6 सीटी स्कैन पर हाईकोर्ट नाराज

● उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों की बुनियादी ढांचे पर जोर दिया




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में तीन करोड़ नागरिकों के लिए केवल छह सीटी स्कैन मशीनें होने पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में और सुधार करने व स्वास्थ्य क्षेत्र में रिक्तियों को भरने की आवश्यकता पर बल दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि लोगों की जान इसलिए जा रही है क्योंकि सुविधाओं और कर्मचारियों की कमी के कारण सरकारी अस्पतालों में उनकी देखभाल नहीं की जा रही है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक स्थिति रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि डॉक्टरों, पैरामेडिक्स और दवाओं की कमी सहित कई कमियां हैं और उन्होंने अपने सुझाव भी दिए हैं।

कई सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण करने वाले भारद्वाज ने दावा किया कि जब भी उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों के साथ बैठकें बुलाईं, दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार अनुपस्थित रहे। हालांकि, अदालत में मौजूद कुमार ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उन्होंने सभी बैठकों में भाग लिया।मैं मंत्री के साथ विभिन्न अस्पतालों में गया हूं और जहां भी मैं नहीं जा सका, मैंने उन्हें सूचित किया और अपने ओएसडी या कुछ अन्य अधिकारियों को उनके साथ भेजा। कुमार ने कहा, मैं हमेशा बैठकों और बैठकों में वहां रहा हूं। मंत्री की बैठकों के मिनट्स में मेरी उपस्थिति दिखेगी। दिल्ली सरकार द्वारा संचालित 39 अस्पताल हैं।

दिल्ली सरकार के स्थायी वकील संतोष कुमार त्रिपाठी के माध्यम से दायर स्थिति रिपोर्ट में भारद्वाज ने कहा कि मौजूदा अस्पतालों में, जो दशकों से काम कर रहे हैं, डॉक्टरों की कुल स्वीकृत संख्या के 33 प्रतिशत से अधिक रिक्त हैं।

कुछ विशिष्टताओं में 75 प्रतिशत स्वीकृत पद खाली हैं) और पैरामेडिक्स की कुल स्वीकृत शक्ति का 20 प्रतिशत से अधिक खाली हैं, जिससे मौजूदा बुनियादी ढांचे का कम उपयोग हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्री ने 2 जनवरी को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर उनसे संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से अनुरोध करने और सेवा विभाग को डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के चयन और नियुक्ति में तेजी लाने का निर्देश देने का आग्रह किया। उन्होंने सक्सेना से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को एक वर्ष की अवधि के लिए या यूपीएससी/डीएसएसएसबी (दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन) के माध्यम से नियमित पदधारियों के शामिल होने तक अनुबंध के आधार पर रिक्त स्वीकृत पदों पर डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को नियुक्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया। बोर्ड), जो भी पहले हो।

# अदालत ने नहीं दी अविवाहित को गर्भपात कराने की अनुमति

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 28 सप्ताह की अविवाहित गर्भवती युवती (20) को गर्भपात की अनुमति देने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा, याचिका खारिज की जाती है।

अदालत ने पिछले सप्ताह याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था लेकिन उसने यह मौखिक टिप्पणी की थी कि वह महिला को पूर्ण रूप से विकसित भ्रूण को गिराने की इजाजत नहीं देंगे। न्यायाधीश ने कहा था, मैं 28 सप्ताह के पूर्ण रूप से विकसित भ्रूण को गिराने की इजाजत नहीं दूंगा।

रिपोर्ट में मुझे भ्रूण में कोई असामान्यता नहीं दिखाई दी। अपनी याचिका में युवती ने दावा किया कि वह सहमति से बनाए गए संबंधों की वजह से गर्भवती हुई।

# भारतीय करेंसी में जिस दिन वैश्विक स्तर पर व्यापार होने लगेगा तो महंगाई कम हो जाएगी: इंद्रेश कुमार

## युवा शक्ति को कुशल व हुनरमंद बनाने से ही विकसित भारत: 2047 का स्वप्न होगा साकार

### सारथी कॅरियर समिट 2024 में लगा बुद्धिजीवियों का जमावड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विवि में एक दिवसीय सारथी कैरियर समिट-2024 में पुस्तिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार व अन्य अतिथि।

**शिक्षा**, रोजगार, कौशल तथा उद्यमिता के क्षेत्र में विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार को गुरुग्राम विवि ने भारत-तिब्बत सहयोग मंच, देवालय, रिपोर्टर जी के साथ मिलकर एक दिवसीय सारथी कैरियर समिट-2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने शिरकत की। अध्यक्षता गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रंजना अग्रवाल निदेशक सीएसआईआर, श्री विश्वकर्मा कौशल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राज नेहरू, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, आरजे खुराफाती नितिन, हरियाणवी गायक सुभाष फौजी, बॉलीवुड गायक राहुल यादव फाजिलपुरिया, हरियाणवी गायक एमडी देसी रॉक स्टार ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंद्रेश कुमार ने कहा कि विकसित भारत: 2047 की इस परिकल्पना को साकार रूप देने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। युवा शक्ति को कुशल और हुनरमंद बनाने से ही विकसित भारत: 2047 का स्वप्न साकार होगा। उन्होंने इस दौरान युवाओं के व्यक्तित्व विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष और गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कायक्रम में भाग लेने के लिए सभी मेहमानों और कलाकारों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। जो विद्यार्थी प्रतिभा को निखारने वाले इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, वो बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता उनके कदम चूमती है। डॉ. रंजना अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। गुरुग्राम विवि में चार सत्रों में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसके तोमर, वरिष्ठ पत्रकार दीपक चौरसिया, स्कूल शिक्षा बोर्ड, हरियाणा के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव, एडीसी गुरुग्राम हितेश कुमार, भारत-तिब्बत सहयोग मंच के हरियाणा प्रान्त के अध्यक्ष अमित गोयल, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राकेश योगी, पत्रकार राज वर्मा उपस्थित रहे।

# सैनिकों और शहीदों को मोदी सरकार ने दिया है उचित मान-सम्मान: सत्यप्रकाश जरावता



शहीद कपिल कुंडू की याद में कुश्ती दंगल में उनकी माता का सम्मान करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

### शहीद कैप्टन कपिल कुंडू की याद में कुश्ती दंगल में कही यह बात

### सरपंच सुंदर लाल यादव भी अतिथि के रूप में पहुंचे

पायनियर समाचाचर सेवा। गुरुग्राम

**शहीद** कैप्टन कपिल कुंडू की याद में ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में करीब साढ़े तीन सौ पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। दंगल का शुभारंभ शहीद कैप्टन कपिल कुंडू की माताजी सुनीता कुंडू की मौजूदगी में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता व पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने किया। श्रीमती सुनीता कुंडू को शॉल व मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि हम अपने सैनिकों के ऋणी हैं। सैनिकों की बदौलत ही हम सुरक्षित होकर रह रहे हैं। सीमाओं पर हमारे सैनिक तैनात रहते हैं। वे सर्वोच्च बलिदान देकर हमारी रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा क्षेत्र सैनिकों की खान है। यहां की धरती ने भारत माता को ऐसे सैनिक दिए हैं, जिन्होंने सेना में उच्च पद भी हासिल किए हैं और अपनी शहादत भी दी है। विधायक ने कहा कि हमें अपने सैनिकों का सदा मान और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सैनिकों का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने सैनिकों को अनेक सुविधाएं दी हैं। सबसे बड़ा मुद्दा वन रैंक वन पेंशन का था, जिसे लागू करके प्रधानमंत्री ने अपने देश के सैनिकों को बड़ा तोहफा दिया।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमें अपने सैनिकों पर सदा गर्व रहता है। सैनिकों के जीवन से हमारी पीढ़ियां अनुशासन सीख सकती हैं। देश हित में काम करने की हिम्मत ले सकती हैं। उनके द्वारा किए जाने वाले राष्ट्र की सुरक्षा कार्यों को देखकर हमारी आगे की पीढ़ियां भी सेना को भविष्य के रूप में चुन सकती हैं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमारे देश में सैनिकों को सेना में रहते हुए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक सुविधाएं दी हैं। सेवानिवृति के भी उन्हें पूरा सम्मान दिया जाता है। शहीद कैप्टन कपिल कुंडू की याद में इस ऐतिहासिक कुश्ती दंगल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को नकद ईनाम राशि, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगता का आयोजन खोड़ अखाड़े के कुश्ती कोच जीत ठाकरान और भीम पहलवान द्वारा किया गया।

# अब नागरिक अस्पताल में होगी कैंसर की जांच, कम रेट पर मिलेंगी जेनरिक दवाएं

## नागरिक अस्पताल में हिस्टोपैथोलॉजी लैब व पीएम जन औषधि केंद्र शुरू

### कैंसर जांच के लिए अब मरीजों को नहीं जाना होगा गुरुग्राम जिला से बाहर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में हिस्टोपैथोलॉजी लैब व जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**सेक्टर**-10 स्थित नागरिक अस्पताल में कैंसर जांच के लिए हिस्टोपैथोलॉजी लैब व आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के लिए कम दाम पर जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध होंगी। इसके लिए सोमवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शुभारंभ हुआ। अब मरीजों को कैंसर जांच के लिए मरीजों को गुरुग्राम जिला से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

डीसी निशांत कुमार यादव ने हिस्टोपैथोलॉजी लैब का शुभारंभ करने उपरांत कहा कि गुरुग्राम जिले में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने व गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को सुगम व सरल तरीके से उपलब्ध कराने के लिए धरातल पर निरन्तर गंभीर व आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। नागरिक अस्तपाल में कैंसर की जांच के लिए हिस्टोपैथोलॉजी लैब की स्थापना उन्हीं प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कैंसर जांच के लिए निजी अस्पताल में होने वाला जेब खर्च काफी हद तक कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि लैब में उपलब्ध सुविधाओं के तहत अब किसी भी नागरिक की कैंसर की जांच व उसकी स्टेज पता करने में आसानी होगी।

**नागरिक अस्पताल में मिलेगी कम दाम पर जेनेरिक दवाइयां**

सिविल सर्जन डॉ. विरेन्द्र यादव ने डीसी निशांत कुमार यादव को बताया कि इस केंद्र के माध्यम से आम नागरिकों को जेनेरिक दवाइयां 50 से 90 प्रतिशत कम मूल्य पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। यह दवाइयां ब्रांडेड दवाइयों जितनी ही प्रभावी होंगी। उन्होंने बताया कि खांसी आदि के लिए जो कफ सिरप बाजार में 90 रुपये के करीब मिलता है। उसी साल्ट का सिरप जन औषधि सिरप नाम से यहां करीब 18 रुपये में उपलब्ध करवाया जाएगा।

विटामिन-डी का जो पाउच बाजार में 25 रुपये के करीब है। वो यहां केवल 9 रुपये में दिया जाएगा। डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में अभी कुल 94 साल्ट की दवाइयां उपलब्ध कराई गई है। आगामी समय में मरीजों की आवश्यकता और मांग के अनुसार दवाओं की संख्या में वृद्धि की जाएगी। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ. अनुज गर्ग, पीएमओ डॉ. जयमाला, डीएमएस डॉ मनीष राठी, डॉ. नीरज यादव, डॉ. हिमानी यादव, ईएनटी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. असदुद्दीन व पैथोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. बीके राजोरा सहित स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर डकैती के सात आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में कंपनी में डकैती के आरोपी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### आरोपियों ने सुरक्षाकर्मियों को गंभीर चोटें भी मारीं

**एक** कंपनी में सुरक्षाकर्मियों को बंधकर बनाकर उनके साथ मारपीट करने और डकैती करने के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कम्पनी के गोदाम से काफी मात्रा में बिजली का सामान गाड़ी में लोड करके ले गए। एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने सोमवार को बताया कि आरोपियों का अपराधिक रिकॉर्ड है।

बता दें कि 2 फरवरी 2024 को आयरियो कंस्ट्रक्शन कंपनी के गोदाम के एक गार्ड ने पुलिस थाना सेक्टर-56 में शिकायत देकर कहा कि यह सेक्टर-58 में आयरियो के गोदाम में सुरक्षाकर्मी की नौकरी करता है। एक-दो फरवरी 2024 की रात को 6-7 लड़के कंपनी के गोदाम का गेट कूदकर घुस गए। दो लड़कों ने उसे व उसके एक अन्य साथी सुरक्षाकर्मी को बंधक बना लिया। उन्हें गंभीर चोटें मारी एवं कम्पनी के गोदाम से काफी मात्रा में बिजली का सामान गाड़ी में लोड करके ले गए। इस शिकायत पर थाना सेक्टर-56 में केस दर्ज किया गया।

अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 की प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार टीम ने आरोपियों को सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाकर गंभीर चोटें मारकर डकैती करने की वारदात को अंजाम देने वाले 7 आरोपियों को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान अनुज उर्फ कालू, सागर उर्फ भोली, पवन, अकरम अंसारी, हारून, नियाजउद्दीन उर्फ नियाजु व नाजिम के रूप में हुई।

# मां ने बेटी को साबुन लेने भेजा, कुछ देर बाद पड़ोसी के घर में मृत मिली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके आरोपी की गिरफ्तार के प्रयास शुरू किए

यहां सेक्टर-40 स्थित अपने घर में बर्तन धो रही नेपाल मूल की एक महिला ने अपनी बेटी को घर के बाथरूम से बर्तन धोने का साबुन लेने के लिए कहा था। जब बेटी साबुन लेकर नहीं आई तो मां ने उसकी तलाश शुरू की। इसकी सूचना महिला ने अपने पति को दी। दंपत्ति ने बेटी को आस-पड़ोस में ढूंढा तो वह पड़ोसी के घर में मृत मिली। उसका लहु-लुहान शव कंबल से ढका हुआ था। उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आरोपी की धरपकड़ शुरू की।

मूलरूप से नेपाल के रहने वाले ज्ञानी थापा ने सेक्टर-40 थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वे वर्ष 2019 से यहां रह रहे हैं। उनके पड़ोस में ही नेपाल का ही रहने वाला राम बहादुर उर्फ रामू भी किराए पर रहता है। वह उनकी बेटी को अपनी भांजी मानता था। वह उसे कभी रुपए देता तो कभी खाने का सामान देता था। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब छह महीने पहले रामू ने उनकी बेटी पर मोबाइल और नकदी चोरी करने का आरोप लगाया था। इस बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। इस दौरान रामू ने उन्हें परिवार के एक सदस्य की हत्या करने की धमकी दी थी। इस पर वह अपने परिवार को लेकर दूसरे स्थान पर किराए का मकान लेकर रहने लगा। रामू भी उसके मकान में आ गया।रविवार को जब उनकी बेटी को उनकी पत्नी ने साबुन लेने के लिए भेजा तो वह वापस नहीं आई।

# गुरुग्राम जिला की पहली महिला ड्रोन पायलट बनीं ऊंचा शर्मिला व हिमांशी

## नई तकनीक और ड्रोन की मदद से बदल रही है जिला में खेती की तस्वीर

### घंटों का काम मिनटों में होने से किसानों ने भी दिखाई ड्रोन स्प्रे में रुचि

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



ड्रोन से खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव करती ड्रोन पायलट शर्मिला।

ड्रोन की मदद से जिला में खेती की तस्वीर बदलने लगी है। नई तकनीक के माध्यम से अब घंटो का काम मिनटों में हो रहा है। किसानों की सेहत को बेहतर करने में भी ड्रोन से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जैसी सेवा कारगर साबित हो रही है। कृषि क्षेत्र में कम लागत पर अधिक उत्पादन के लिए तकनीक का इस्तेमाल बेहद कारगर साबित हो रहा है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत गुरुग्राम जिला की पहली महिला पायलट बनी हैं हिमानी व शर्मिला।

खेती में नई तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा भी धरातल पर गंभीर प्रयास किए जा रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा इसका जीवंत उदाहरण है, जिसमें जिला की 157 पंचायतों में 10 हजार से अधिक किसानों के समक्ष ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव कर सफल डेमो दिया गया है। जिसके उपरांत जिला के किसान भी आगे आकर खेतीबाड़ी में ड्रोन के इस्तेमाल में रुचि दिखा रहे है। किसानों के हित को देखते हुए सरकार ने भी ड्रोन के इस्तेमाल को प्रोतसाहन देने के लिए नमो ड्रोन दीदी नाम से कार्यक्रम चलाया है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत गुरुग्राम जिला की पहली महिला पायलट बनी हिमानी व शर्मिला इसका प्रमुख उदाहरण है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि कृषि में महिलाएं एक महत्वपूर्ण भाग अदा करती हैं। जिला में पटौदी खंड के गांव ऊंचा माजरा की शर्मिला व फर्रुखनगर खंड के गांव जराउ की हिमांशी को इफको की तरफ गुरुग्राम के बिलासपुर स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर ड्रोन पायलट का 15 दिन का प्रशिक्षण दिया गया है। फील्ड में सुगम आवजाही के लिए इफको द्वारा दोनों महिला को ड्रोन के साथ एक-2 मोडिफाई ऑटो भी दिया गया।

**नमो ड्रोन दीदी से लखपति दीदी की राह हुई आसान**

डीसी ने बताया नमो ड्रोन दीदी की यह योजना स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में भी कारगर भूमिका निभा रही है। किसान द्वारा प्रत्येक एकड़ पर इन्हें सौ रुपये भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शर्मिला व हिमांसी को जिला में 2000 हजार एकड़ का टारगेट दिया गया है। जिसमें करीब 300 एकड़ क्षेत्र का टारगेट इन्होंने सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

**ड्रोन स्प्रे में रुचि ले रहे जिला के किसान:** जिला कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. अनिल तंवर ने बताया कि परम्परागत तरीके से यूरिया या दवाई का स्प्रे करते वक्त किसानों के सामने भी कई चुनौती आ जाती हैं। छोटी ऊंचाई की फसलों पर तो आसानी से स्प्रे हो जाती है, लेकिन ऊंचाई वाली फसलों में स्प्रे करने में दिक्कतें हो जाती है।

ऐसे में इस तकनीक से न केवल कम ऊंचाई वाली फसलों बल्कि ज्यादा ऊंचाई वाली फसलों जैसे बाजरे आदि पर भी आसानी से दवा का छिड़काव किया जा सकता है। दवाई और यूरिया के छिड़काव के लिए एक बेहतरीन तकनीक है। इस तकनीक के द्वारा इंसान पर दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता, इसके अलावा फसलों पर एक समान छिड़काव होता है।

**एक एकड़ में 10 मिनट में हो जाता है छिड़काव**

इफको गुरुग्राम के फील्ड मैनेजर हितेंद्र कुमार ने बताया कि खेतों में पारंपरिक तरीकों से दवाई छिड़काव पानी व समय की खपत के साथ किसान की सेहत पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। ऐसे में तकनीक के इस नए अविष्कार ड्रोन से ना सिर्फ पानी व समय की बचत करती है, बल्कि खेतों में नैनो यूरिया अथवा नैनो डीएपी के माध्यम से दवाई का छिड़काव एक निर्धारित मात्रा में ही किया जा सकता है। आमतौर पर एक एकड़ में दवा के छिड़काव के लिए 150 से 200 लीटर पानी की आवश्यकता होती है।

# एमजी मोटर इंडिया ने अपने बेजोड़ वाहनों के साथ 100 साल पूरे किए

### एमजी हेक्टर का मूल्य 14.94 लाख रुपये से शुरू होता है

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून



**एमजी** मोटर इंडिया द्वारा अपना शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में कंपनी अपने 2024 रेंज के मॉडलों पर बेहतरीन मूल्यों का प्रस्ताव देकर कार खरीदने वालों की खुशी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने एमजी जैडएस ईवी के नए ट्रिम के साथ एमजी कॉमेट ईवी, एमजी हेक्टर, और एमजी ग्लॉस्टर के लिए आकर्षक मूल्य पेश किए हैं।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी के जैडएस ईवी 'एक्जिक्यूटिव' पेश किया है, जो ईवी पोर्टफोलियो की उपलब्धता बढ़ाकर ईवी को तेजी से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आगे-पीछे दोनों सीटों पर यात्रियों को लक्जरी से पूर्ण, आरामदायक और सुविधाजनक इन-केबिन अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया, विशाल जैडएस ईवी एक्जिक्यूटिव 18.98 लाख रुपये के आकर्षक मूल्य में उपलब्ध है। एमजी जैडएस ईवी 75 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स और सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 50.3 kWh प्रिज्मेटिक सेल IP69K रेटेड ASIL-D और UL2580 बैटरी के साथ एक पॉवर-पैक्ड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का अनुभव प्रदान करती है। इसकी बैटरी पूरी चार्ज हो जाने के बाद 461 किमी की प्रमाणित रेंज प्रदान करती है, जिसके कारण यह काफी कॉस्ट-इफेक्टिव मोबिलिटी सॉल्यूशन है। एमजी हेक्टर 2019 में पेश की गई भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी है। यह कार पैनोरमिक सनरूफ, भारत के सबसे बड़े 35.56 सेमी (14-इंच) एचडी पोर्ट्रेट इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल की और एडीएएस लेवल 2 जैसी श्रेणी की सबसे अच्छी और आधुनिक विशेषताओं के साथ आती है। हेक्टर डीजल में 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड इंजन लगा है, और यह इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम, हिल असिस्ट कंट्रोल जैसी एक्टिव सुरक्षा विशेषताओं के साथ सभी वैरिएंट्स में सनरूफ प्रदान करता है। एमजी हेक्टर पेट्रोल वैरिएंट का मूल्य 14.94 लाख रुपये और डीजल वैरिएंट का मूल्य 17.50 लाख रुपये से शुरू होता है। भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के परिवेश को मजबूत करने और ईवी अपनाने की दर बढ़ाने के अपने उद्देश्य की दिशा में एमजी ने कॉमेट ईवी का लॉन्च किया था, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक शहरी ग्राहकों को मोबिलिटी का एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है।

# सरकार के रोजगारपरक कार्यक्रमों का लाभ उठाएं विद्यार्थी: रणजीत सिंह



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जमालपुर में आयोजित इस अभियान में बोलते सहायक रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रोजगार** विभाग ने छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए जिला में सक्रिय अभियान चलाया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जमालपुर में आयोजित इस अभियान में विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार के लिए दिए जाने वाले बैंक लोन, ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया गया।

सहायक रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि मंडल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम के तत्वावधान में जिला की शिक्षण संस्थाओं में व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विशेषज्ञों ने उनकी रूचि के अनुसार व्यवसाय अपनाने तथा उस दिशा में सरकार के सहायक कार्यक्रमों के बारे में बताया। रणजीत सिंह रावत ने कहा कि भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग विभाग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुद्रा लोन, पीएमजीपी, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान कार्यक्रम आदि अनेक ऐसी योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा खुद का रोजगार शुरू कर सकते हैं।

# ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज की पहली सूची की घोषणा

## नौवें संस्करण की लॉन्गलिस्ट में चुने गए कुल 23 कवर डिजाइन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**ऑक्सफोर्ड** बुकस्टोर बुक कवर प्राइज की लॉन्गलिस्ट यानी पहली सूची की घोषणा की गई है। प्रतिष्ठित ज्यूरी ने यह लॉन्गलिस्ट तैयार की है। विभिन्न पब्लिशर्स, डिजाइनर्स, लेखक और साहित्यिक हस्तियों की उपस्थिति में म्यूजियम क्यूरेटर एवं ज्यूरी प्रमुख डॉ. अल्का पांडे, लेखक एवं सांसद शशि थरूर, आईएफआई में काउंसलर फॉर को-ऑपरेशन एंड कल्चरल एक्शन एमैनुएल लेब्रन डेमियंस और इन्फॉर्मेशन सर्विसेज साउथ एशिया गोए थे इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर एंजा रीडबर्गर ने लॉन्गलिस्ट के लिए चुने गए 23 बुक कवर का अनावरण किया।

ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज ज्यूरी पैनल में प्रीति पटेल, शोभा डे, डॉ. कुणाल बसु, डॉ. शशि थरूर, डॉ. अल्का पांडे के साथ-साथ एमैनुएल लेब्रन डेमियंस एवं एंजा रीडबर्गर भी अतिथि ज्यूरी के रूप में शामिल रहे। इन प्रतिष्ठित ज्यूरी सदस्यों ने अपनी व्यापक पकड़ एवं समृद्ध समझ के आधार पर 350 से ज्यादा आवेदनों में से नौवें ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज की लॉन्गलिस्ट तैयार की। उन्होंने कवर डिजाइन एवं इलस्ट्रेशन के आधार पर अलग-अलग विषय एवं थीम पर 23 कवर का चयन किया। पिछले आठ संस्करणों की सफलता के साथ ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर प्राइज ने बुक कवर डिजाइन के मामले में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। नौवें संस्करण के लिए लॉन्गलिस्ट के एलान के साथ-साथ प्रतिष्ठित भरतनाट्यम नृत्यांगना अरूपा लाहिड़ी ने भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति भी दी। पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट का अनावरण इस महीने 9 से 11 फरवरी को होने वाले एपीजे कोलकाता लिटरेरी फेस्टिवल (ए के एल एफ) के दौरान किया जायेगा। उसके कुछ सप्ताह बाद दिल्ली में विजेताओं का ऐलान होगा।

# ग्रीन एक्सप्रेसवे से उतार-चढ़ाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

## परेशान ग्रामीणों ने विधायक नयनपाल रावत से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**ग्रीन** एक्सप्रेसवे बल्लभगढ़-जेवर एयरपोर्ट रोड पर ग्राम मोहना में उतार-चढ़ाव की मांग को लेकर 52 पालों के प्रधान जय नारायण और महापंचायत द्वारा गठित की गई कमेटी के सदस्यों ने पृथला क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत से उनके सेक्टर-15ए स्थित निवास पर मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

मांगपत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि तीन मई, 2022 को ग्राम पन्हेडा खुर्द में खड़ेश्री बाबा के विशाल भंडारे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की थी कि लोगों के हितों तथा विकास की दृष्टि के चलते यहां से उतार चढ़ाव दिया जाएगा। पिछले करीब चार माह से लोग ग्राम मोहना में धरने प्रदर्शन पर है, लेकिन आज तक उनकी मांगों को नहीं माना गया। उन्होंने बताया कि पलवल, फरीदाबाद के सैकड़ों गांवों के लोगों की मांग है कि उक्त हाईवे से उन्हें उतार चढ़ाव मिलना चाहिए। ग्रामीणों की बातें सुनने के बाद विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि ग्रामीणों की मांग बिल्कुल जायज है और इस मांग को पूरा करवाने के लिए वह कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ रहे। दो बार वह केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर उनके समक्ष इस मांग को उठा चुके हैं और उन्हें विश्वास है कि जल्द ही सरकार लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए यहां उतार चढ़ाव देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश का राजा होता है और राजा जो प्रजा को वचन दे देता है उसे अवश्य पूरा करता है और उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री भी अपने वायदे को पूरा करके लोगों को राहत प्रदान करेंगे।

विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि वह खुद भी चाहते है कि ग्रीन एक्सप्रेसवे से उतार चढ़ाव मिले, ताकि न केवल सामाजिक रूप से बल्कि व्यापारिक दृष्टि से भी इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि वह पूरी तरह से उनके साथ है और इस मांग को पूरा करवाने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर ईश्वर शर्मा, हेतराम, खजान सिंह, प्रताप, बंसल, हरिकिशन, गुरुदयाल, लक्ष्मण, गिर्राज, धर्मबीर सरपंच, गिर्राज सरपंच, रणधीर अत्तरी, बिशन सिंह, रूपलाल, हुकम चंद, सोहनलाल, विनोद आशु अत्री, महेंद्र सिंह, केसर डागर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# मानव कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के तीसरे बैच की ट्रेनिंग शुरू

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन पर संचालित मानव कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के तीसरे बैच की ट्रेनिंग सोमवार से शुरू हुई है।

समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व महिला मंडल चेयरमैन उषा किरण शर्मा ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में सभी के लिए कंप्यूटर की ट्रेनिंग बहुत जरूरी है। खासकर उन युवाओं व महिलाओं के लिए जो 10वीं 12वीं करके घर बैठे हैं। इसी को ध्यान में रखकर मानव सेवा समिति ने कंप्यूटर की बेसिक व एडवांस छह महीने की ट्रेनिंग शुरू की है। कंप्यूटर टीचर शालू एमसीए ने कहा है कि पहले दो बैच में जिन्होंने ट्रेनिंग ली है, उन्हें रोजगार मिलने में काफी आसानी हुई है और काफी लाभ मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### भक्ति से भगवान की प्राप्ति संभव : सुमेधानंदजी महाराज



**फरीदाबाद।** सात दिवसीय राम कथा के समापन पर सेक्टर-14 कम्युनिटी सेंटर में व्यास पीठ पर विराजमान राम कथा के मर्मज्ञ स्वामी कार्षिण सुमेधानंद जी महाराज ने भक्ति की महत्वता पर बल दिया। भगवान भी भक्त के वश में हैं, भक्ति की शक्ति अपार है। अहिल्या की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान राम ने दर्शन दिए, माता शबरी के मीठे बेर खाए। कलयुग केवल नाम अधारा, कलयुग में नाम की महिमा अपरंपार है। भगवान का सुमिरन और ध्यान भक्ति का मूल मंत्र है। हम सच्चे मन से भगवान की भक्ति करें, किसी की निंदा न करें, किसी का दिल न दुखाएं। रमणरेती धाम से पधारे कार्षिण स्वामी गोविंदानंद जी महाराज ने राम चरित मानस की महत्ता पर बल दिया। राम मर्यादा पुरुषोत्तम है, हमारे आदर्श हैं। घर-घर में रामायण होना जरूरी है। व्यास पीठ पर विराजमान सभी संतों का शैलेंद्र गर्ग ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कथा के पश्चात सभी के लिए सुंदर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

### बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर व युवती को बनाया बंधक

**पलवल।** पिंगोड गांव में एक प्रॉपर्टी डीलर व उसकी साथी युवती को प्लॉट के पैसे देने के बहाने घर बुलाकर हथियारों के बल पर बंधक बनाकर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने का मामला प्रकाश में आया है। प्रॉपर्टी डीलर का आरोप है कि आरोपियों ने उससे चार लाख नकद, आभूषण व उनकी गाड़ी लूट ली। सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं सदर थाना प्रभारी छत्रपाल का कहना है कि उसकी शिकायत पर जांच की तो लूट होने का मामला नहीं पाया गया, बल्कि दोनों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर झगड़ा होने पर बंधक बनाने का मामला पाया गया है। जिसके संबंध में पुलिस ने आरोपी राज कुमार फौजी, उसकी पत्नी रेखा, उसके चाचा, भाई राहुल व राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, कैली गांव फरीदाबाद निवासी सुधीर ने दी शिकायत में कहा है कि उसका कैली गांव में सत्यम प्रॉपर्टी के नाम से कार्यालय है। उसके कार्यालय पर पिंकी नाम की लड़की भी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। उन्होंने पिंकी के माध्यम से 200 वर्ग गज के एक प्लाट का सौदा पिंगौड गांव निवासी राज कुमार फौजी के साथ किया था। राजकुमार ने उन्हें पैसे लेने के लिए पिंगौड गांव में अपने घर पर बुला लिया। उसने बताया कि डीलर व उसकी साथी पिंकी स्कार्पियो गाड़ी में सवार होकर राजकुमार फौजी के घर पेमेंट लेने पहुंच गए। वहां पर राजकुमार फौजी व उसके परिजन मिले, जिन्होंने उसे व पिंकी को घर के अंदर बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। शिकायत में आरोप है कि दोनों की कनपटी पर बंदूक लगाकर उन्हें अलग-अलग कमरों में बंधक बना लिया और छोड़ने की एवज में 20 लाख रुपये की मांग की। इतना ही नहीं आरोपियों ने उनके बैग लूट लिए, जिनमें तीन लाख 95 हजार रुपये व जरूरी कागजात रखे हुए थे। उसके, पिंकी व भूषण के गले से सोने की चेन भी लूट ली। पीडित ने मौत के भय के चलते अपने दोस्त भूषण को पैसे लेकर पिंगौड गांव बुलाया। भूषण जब पिंगौड गांव पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद उन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें आरोपियों के कब्जे से छुडवाया। शिकायत में आरोप लगाया है कि आरोपियों ने पुलिस चौकी का भी घेराव कर लिया। जिससे वे बुरी तरह डर गए और जैसे-तैसे वापस अपने कार्यालय पर पहुंचे। इसके बाद शिकायत सदर थाना पुलिस को दी है।

### स्टेडियम में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता आज



**पलवल।** जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेल विभाग पलवल द्वारा लड़के व लड़कियों के लिए जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन छह फरवरी को सुबह नौ बजे से स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान योगा के विभिन्न इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे। जैसे ट्रेडिशनल योगासन, आरटिस्टिक सिंगल, आरटिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर जोकि अलग-अलग आयु वर्गों 9 से 14, 14 से 18, 18 से अधिक और 28 वर्ष आयु वर्ग में करवाए जाएंगे। प्रतिभागी अपने साथ आयु सत्यापन के लिए मार्कशीट, जिसमें जन्म तिथि अंकित हो या जन्म प्रमाण पत्र की प्रति व आधार कार्ड की प्रति अवश्य साथ लाएं। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कमशः एक हजार, 700 व 500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के प्रत्येक आयु वर्ग से नौ लड़के व नौ लड़कियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता ने भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इसके अतिरिक्त नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में खेल विभाग की ओर से गत एक फरवरी से आगामी 20 फरवरी तक खिलाड़ियों द्वारा सूर्य नमस्कार का भी आयोजन करवाया जा रहा है।

### राजकीय महाविद्यालय में कुकिंग कार्यशाला का आयोजन



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉक्टर रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत तीन दिवसीय कुकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. चारू मिड्डा तथा डॉ. ललिता चौधरी व डॉ. अंकिता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कॉलेज की प्रचार्या ने बताया कि कुकिंग कार्यशाला में 35 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला में मिलेट्स रेसिपी बताई गई और प्रियंका पवार डाइटीशिनय ने न्यूट्रीशन पर व्याख्यान दिया। डॉ. सबीना सिंह, डॉ. शालिनी मल्होत्रा, डॉ कमल कुमार और डॉ. प्रियंका पाराशर, निशा तेवतिया, मंजु रानी इस मौके पर उपस्थित रहे।

### गोल्डी अरोड़ा ने जताया केंद्रीय मंत्री का आभार

**फरीदाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री गोल्डी अरोड़ा को भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा द्वारा जिला भाजपा का सचिव नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर गोल्डी अरोड़ा ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का उनके सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पहुंचकर स्वागत करते हुए आभार जताया। गोल्डी अरोड़ा ने अपनी नियुक्ति पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी सहित भाजपा हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें संगठन ने सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

# केंद्रीय मंत्री ने 228 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित कीं

दिव्यागों की सहायता के लिए लगाया शिविर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**केंद्रीय** विद्युत एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में 228 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित की। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगों को प्यार से सहयोग करने की जरूरत है। आज के समय में देश के हर क्षेत्र में दिव्यांगजन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में सब की जिम्मेदारी बन जाती है कि वह प्यार से इनका सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि पहले दिव्यांगजनों को हाथ से चलने वाली साइकिल प्रदान की जाती थी, लेकिन आज की आधुनिक तकनीक के चलते दिव्यांगजनों का जीवन सरल व सुगम हो सके इसके लिए बैटरी से चलने वाली साइकिल व सुरक्षा के लिए हेलमेट प्रदान की गई है। उन्होंने कहा मोटराइज्ड ट्राई साइकिल को पलवल में ही रिपेयर करने के लिए एक वर्कशॉप खोल दी गई है, ताकि हमारे किसी भी विकलांग भाइयों को कोई किसी भी तरह की परेशानी न हो, निश्चित तौर पर उनके जीवन में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि पैरा ओलंपिक से लेकर खेलों के दूसरी प्रतियोगिताओं में भी दिव्यांगजन अपना झंडा गाड़ रहे हैं। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांगजन स्कूल जा सकते हैं, कॉलेज जा सकते हैं बाजार जा सकते हैं, किसी भी प्रकार का अपना बिजनेस कर सकते हैं। इन लोगों को किसी के ऊपर आश्रित रहने की आवश्यकता नहीं है। वह खुद किसी भी प्रकार का कार्य कर सकते हैं। भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए और भी दूसरी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर पलवल के विधायक दीपक मंगला, हथीन के विधायक प्रवीण डागर, पलवल नगर परिषद अध्यक्ष डॉ, यशपाल, जिला परिषद की चेयरपर्सन आरती रावत, नगर परिषद होडल की चेयरपर्सन इंद्रेश सौरोत, ब्लॉक समिति अध्यक्ष भगत सिंह घुघेरा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरेंद्रपाल राणा आदि मौजूद थे।

# बैंक्वेट हॉल संचालक पर थिनर डाल लगाई आग

शरीर के कई अंग झुलसे

बाप-बेटे पर आरोप



**फरीदाबाद।** ग्रीन फील्ड इलाके में बाप बेटे ने एक बैंक्वेट हॉल के संचालक पर थिनर डालकर आग लगा दी। आग से व्यक्ति का हाथ और चेहरा बुरी तरह से झुलस गया। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस को भी शिकायत दी गई है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि आरोपी बाप बेटे के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में दाखिल इम्तियाज ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का रहने वाला है। फिलहाल वह फरीदाबाद में रह रहा है। कुछ महीने पहले ही उसने ग्रीन फील्ड इलाके-19 नंबर गली में गायत्री बैंक्वेट नाम से एक बैंक्वेट हॉल को मालिक पंकज मल्होत्रा से डेढ़ लाख रुपये महीने पर किराए पर लिया था। वह बीती रात खाना खाकर जब अपने बैंक्वेट हॉल पहुंचा तो वहां पर कुछ लोग तीनों शराब पी रहे थे। उन्हें शराब पीते हुए काफी देर हो गई थी। उसने उन्हें वहां से चले जाने के लिए कहा। उसका आरोप है कि इसके बाद एक युवक ने उसके ऊपर थिनर डाल दिया और उसके पिता ने उसके लाइटर जलाकर उसे आग लगा दी। इसके चलते वह बुरी तरह जलने लगा। वहां पर मौजूद अन्य लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। तब तक वह काफी हद तक झुलस गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और पुलिस ने उसे बादशाह खान सिविल अस्पताल में पहुंचाया। पीड़ित इम्तियाज के मुताबिक वह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का रहने वाला है, शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे हैं। उसका यहां पर किसी से कोई झगड़ा नहीं था। वह चाहता है कि उस पर जानलेवा हमला करने वालों खिलाफ कार्रवाई हो।

# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत बेटे सहित आठ लोग घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

खड़ी बाइक को ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**दो स्थानों** पर हुए हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके बेटे सहित आठ घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। गदपुरी थाना पुलिस ने दुर्घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहन ड्राइवरों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, स्यारोली गांव निवासी सोनू ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका पिता एपीजे कॉलेज में नौकरी करते हैं। दोनों बाइक पर सवार होकर अपने गांव से ड्यूटी जा रहे थे। रास्ते में एक कंपनी के सामने उनके गांव का लड़का मामचंद खड़ा हुआ मिला। उसे देखकर उन्होंने बाइक रोक ली और बातें करने लगे।

इसी दौरान पलवल की तरफ से आए एक ईंटों से भरे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। इससे उसके पिता परसराम को गंभीर चोटें लगी, जबकि उसे (सोनू) व मामचंद को भी चोटें लगी। इसके बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। राहगीरों ने तीनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर व बाइक को कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा कर लिया। घायल परसराम की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल परसराम की नोएडा के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने घायल सोनू की शिकायत पर ट्रैक्टर के ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं, महेशपुर गांव निवासी सोहनपाल ने दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा सतीश बल्लभगढ़ कंपनी में नौकरी करता है। उसका बेटा सतीश, महेशपुर गांव निवासी अभिषेक, राखौता गांव निवासी घनश्याम, बढ़ा गांव निवासी लक्ष्मण व योगेश ऑटो में बैठकर अपने गांव के लिए आ रहे थे।

# श्री विश्वकर्मा विवि के मॉडल पर यूनिवर्सिटी बनाएगा तेलंगाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**तेलंगाना** सरकार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रारूप पर स्किल यूनिवर्सिटी विकसित करेगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल का अध्ययन करने के लिए तेलंगाना के कमिश्नरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन के संयुक्त निदेशक डॉ. सी श्रीनाथ और तकनीकी शिक्षा विभाग के उप निदेशक गिरिबाबू देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ मुलाकात की और स्किल एजुकेशन के मॉडल को समझा।

संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू ने देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। उन्होंने सभी राज्यों के सामने स्किल एजुकेशन का मॉडल रखा। इसी मॉडल पर कौशल विश्वविद्यालय खोलने के लिए दूसरे राज्य लगातार श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के भ्रमण पर आ रहे हैं। इससे पूर्व भी कई राज्यों और दूसरे देशों के प्रतिनिधिमंडल कौशल शिक्षा के दोहरे शिक्षा प्राणली के मॉडल को देखने पहुंच चुके हैं। इसी कड़ी में तेलंगाना राज्य भी हैदराबाद के आसपास राजकीय कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करेगा। इस दौरे में तेलंगाना के अधिकारियों ने प्रोफेसर ज्योति राणा से दोहरे मॉडल के ऑन द जॉब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने उन्हें बताया कि हैदराबाद के आसपास इंडस्ट्री का सर्वे करके इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार ही स्किल पर आधारित प्रोग्राम तैयार किए जाने चाहिएं, ताकि स्किल यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री की जरूरत को पूरा कर सके। इससे न केवल इंडस्ट्री को फायदा होगा बल्कि विद्यार्थियों की प्लेसमेंट में भी सहायता मिलेगी। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना में हर तरह के अकादमिक और परामर्श सहयोग का भरोसा दिया। डॉ. मनी कंवर ने आभार जताया।

# गोदाम की दीवार तोड़ तीन लाख की मोटरें चोरी



**पलवल।** जैंदापुर गांव के निकट स्थित एबीबी विमको के गोदाम की दीवार तोड़ कर चोरों ने तीन लाख रुपये की इंडक्शन मोटरें चोरी कर लीं। पुलिस ने कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कंपनी से मिली सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, एबीबी इंडिया लिमिटेड के मैनेजर मनीष तोमर ने दी शिकायत में कहा है कि उनकी कंपनी का जैंदापुर गांव में गोदाम है। उसमें कंपनी में तैयार हुए इंडक्शन का स्टॉक रखा जाता है और फिर ग्राहकों को भेज दिया जाता है। गोदाम पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने जब गोदाम को खोल कर अंदर निरीक्षण किया तो पाया की शेड के पीछे की दीवार में एक छेद किया हुआ था। इसकी सूचना सुरक्षा गार्ड ने तुरंत कंपनी के सुपरवाइजर को दी तो स्टाक चैक किया। इसमें 20 नग इंडक्शन मोटरें गायब मिली। वहां पर करीब तीन लाख रुपए कीमत की इंडक्शन मोटरें रखी हुई थी। इसके बाद गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की तो पाया कि दो लोग दीवार में किए गए छेद से मोटरों को उठाकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी में दिखाई दे रहे दोनों लोगों की पहचान कराई जा रही है, पहचान होते ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में अग्रवाल कॉलेज रहा द्वितीय

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राजकीय** महिला महाविद्यालय फरीदाबाद में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के अलग-अलग महाविद्यालय से रसायन विज्ञान भौतिक विज्ञान ज्योग्राफी केंप्यूटर साइंस जूलॉजी तथा बॉटनी के मॉडल का प्रदर्शन किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय की ओर से सुदेशना तथा सपना बीएससी तृतीय वर्ष, पंकज और रोहित बीएससी केमेस्ट्री ऑनर्स तृतीय वर्ष तथा कनिष्का और शीतल बीसीए तृतीय वर्ष ने क्रमशः भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान कंप्यूटर विज्ञान के मॉडल प्रस्तुति में सहभागिता की। भौतिक विज्ञान का मॉडल स्मार्ट सिटी स्मार्ट सॉल्यूशंस को जिला स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस मॉडल की प्रस्तुति देने वाले सहभागी सपना और सुदेशना को 800 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के बीएससी केमेस्ट्री ऑनर्स तृतीय वर्ष के छात्र पंकज को सर्वोत्तम मॉडल व्याख्या के लिए 500 रुपये का नकद पुरस्कार भी मिला। दो दिवसीय इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय तथा विश्व विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में सूक्ष्म स्तर पर विज्ञान की समझ को विकसित करना है। महाविद्यालय की गवर्निंग कमेटी के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता तथा महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने मॉडल प्रस्तुति में भाग लेने वाले महाविद्यालय के सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा इनाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

# फरीदाबाद से अयोध्या के लिए मिलेगी सीधी बस



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद से अयोध्या के लिए डायरेक्ट बस सेवा शुरू हो गई है। पहली बस हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने झंडी दिखा कर रवाना की। मौके पर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता और पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा मौजूद रहे। परिवहन मंत्री ने अयोध्या जाने वाली पहली बस को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से न केवल रवाना किया, बल्कि उन्होंने बस में सफर भी किया।

उन्होंने बताया कि यह लड़ाई 500 वर्षों से चल रही थी। उसमें भाजपा सरकार ने जीत हासिल करते हुए अयोध्या में न केवल राम मंदिर का निर्माण कराया, बल्कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी की। केबिनेट मंत्री ने बस के बारे में बताया कि यह फैजाबाद, सैफई, लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। जल्द ही हरियाणा के हर जिले से अयोध्या के लिए बस सेवा शुरू की जाएगी। वहीं, पहली बस में सफर कर रहे श्रद्धालुओं मनोज, गीता, आदि ने कहा कि यह सरकार की अच्छी पहल है। इससे श्रद्धालुओं को सीधा फायदा पहुंचेगा।

# पूनम पांडे
## मौत की अफवाह

**वयस्क इंटरटेनर पूनम पांडे** के नवीनतम कृत्य ने लोगों को मनोरंजन प्रदान करने के बजाय गुस्से से भर दिया है। गोवा से सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करने के कुछ ही घंटे बाद उनकी पीआर मैनेजर ने दावा किया कि पूनम की मृत्यु सर्वाइकल कैंसर से हो गई, लेकिन एक दिन बाद खुलासा किया वे 'जीवित' हैं। 'मौत' की इस निन्दनीय अफवाह के लिए बहाना बनाया गया कि यह सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा लोगों को इस पर बात करने के लिए किया गया था। हालांकि, पहले भी पूनम पांडे सस्ते प्रचार स्टंटों के लिए कुख्यात रही हैं, पर इस बार उन्होंने सीमा पार कर दी। इस घटना से सोशल मीडिया पर गुस्से का तूफान आ गया तथा प्रयोगकर्ताओं व सेलेब्रिटीज़ ने इस तौरतरीके की निन्दा की। पूनम पांडे ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा, 'मैं जीवित हूं। मैं सर्वाइकल कैंसर से मरी नहीं। दुर्भाग्य से मैं उन सैकड़ों हजारों महिलाओं के बारे में बात नहीं कर सकती जिनकी मौत सर्वाइकल कैंसर से हुई।' इसके बाद उन्होंने बीमारी का वर्णन करते हुए इसके बारे में जानकारी के अभाव पर चिन्ता प्रकट की और जागरूकता पर जोर दिया। पहले जिन लोगों ने 'खबर' पर शोक संदेश भेजे थे और दु:ख प्रकट किया था, बाद में उनकी ओर से सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना आई। पूनम पांडे पहली बार अपने प्रचार स्टंट के कारण विवादों में नहीं आई हैं। उन्होंने दावा किया था कि यदि भारतीय क्रिकेट टीम 2011 क्रिकेट वर्ड कप जीत जाएगी तो वे सारे कपड़े उतार देंगी। अनैतिक पब्लिसिटी स्टंटों, खासकर फर्जी मौतों या गंभीर बीमारियों संबंधी स्टंटों की गंभीर निन्दा करनी चाहिए क्योंकि इनकी प्रकृति



अंतर्निहित रूप से अनैतिक होती है। देश का कानून तोड़ना अपराध है क्योंकि इससे सार्वजनिक अव्यवस्था पैदा होती है, भावनायें भड़कती हैं, गलत सूचनायें फैलती हैं तथा व्यक्तिगत लाभ के लिए संवेदनशील मुद्दे उछालने से नैतिक निष्ठा खतरे में पड़ती है व समाज को नुकसान हो सकता है। सार्वजनिक लोगों को निष्ठा और जिम्मेदारी से काम करना चाहिए क्योंकि उनके कार्यों से जनता का विचार बनता है। धोखा देने वाले प्रचार स्टंट करने वालों की निन्दा से स्पष्ट संदेश जाएगा कि नैतिक सीमाओं का पालन अवश्य किया जाना चाहिए। इससे ज्यादा ईमानदार तथा पारदर्शी मीडिया दृष्टिकोण विकसित होगा। जागरूकता पैदा करने तथा सामाजिक लक्ष्यों को प्रोत्साहित करने के वास्तविक प्रयासों में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी प्रकार की विकृति न पैदा होने पाए। यदि पूनम पांडे का तर्क मान भी लिया जाए तो सवाल उठेगा कि उन्होंने इसे कैसे प्राप्त किया? एक प्रकार से उनके कृत्य ने कैंसर से बचने वालों का मजाक उड़ाया है तथा उनकी पीड़ा का प्रयोग अपनी आनलाइन फालोइंग बढ़ाने के लिए किया है। यदि कोई कैंसर पीड़ितों की सहायता करना चाहता है तो उसके अनेक तरीके हैं और निश्चित रूप से यह उनमें से नहीं था। हालांकि, पूनम पांडे विभिन्न कारणों से ध्यान आकर्षित करती रहती हैं, पर अब उनके बारे में मिलने वाली किसी सूचना को संदेह से देखना जरूरी हो गया है। वे विवादास्पद व्यक्ति हैं और अक्सर अपने भड़काऊ बयानों या कार्यों से सुर्खियों में बनी रहती हैं। पहले वे किंगफिशर कैलेंडर से जुड़ने के कारण सुर्खियों में आईं और बाद में कुछ बालीवुड फिल्मों में भी काम किया। सोशल मीडिया पर वे अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं जिनसे उनके कॅरियर को बढ़ावा मिलता है। आने वाला समय ही बताएगा कि आम जनता और मनोरंजन उद्योग उनकी इस हरकत पर क्या प्रतिक्रिया करता है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग हो रही है।

# अंतरिम बजट में संतुलन के प्रयास

बजट 2024-25 में कृषि क्षेत्र के लिए 1.27 लाख करोड़ के आबंटन के साथ सनातन धर्म सिद्धान्तों के अनुसार संतुलन का प्रयास किया गया है। सरकार आर्गेनिक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है।



**अनिल अग्रवाल**
(लेखक, राज्यसभा सदस्य हैं)



**अंतरिम बजट** में कृषि मंत्रालय के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में 1.27 लाख करोड़ का आबंटन किया गया है जो 2023-24 में संशोधित अनुमान 1.16 लाख करोड़ तथा 1.15 लाख करोड़ के बजट अनुमान से अधिक है। बजट में विभिन्न पहलों के लिए प्रतिबद्धता दुहराई गई है जिसमें कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन, महिला सशक्तीकरण तथा किसानों की आय बढ़ाना शामिल हैं। पिछले दशक में सरकार ने 'पीएम किसान सम्मान योजना' के माध्यम से 118 मिलियन किसानों को वित्तीय सहायता दी जिससे प्रत्येक किसान परिवार को आर्थिक लाभ मिला। यह किसान-केन्द्रित नीतियों, आय में सहायता, मूल्य व बीमा समर्थन से जोखिम की कवरेज, तकनीकों को प्रोत्साहन तथा स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने में सहायता का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में लगभग 4 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो समावेशी विकास तथा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कृषि बजट में वृद्धि प्रतीकात्मक रूप से सनातन धर्म के सिद्धान्तों के अनुसार है जिसमें 'हिंदूवाद' के आंतरिक मूल्य समाहित हैं। सनातन धर्म ने सभी जीवित प्राणियों और पर्यावरण के बीच परस्पर संबंधों पर जोर दिया है जो प्रकृति के प्रति दायित्व तथा उसकी प्रासांगिकता को बढ़ावा देता है। कृषि क्षेत्र को आबंटन बढ़ाना किसानों की सहायता के प्रति प्रतिबद्धता है जो जीवन चक्र का अंतर्निहित अंग हैं तथा समाज की बेहतरी में उल्लेखनीय योगदान करते हैं। कृषि पर बजट का फोकस भूमि का उपजाऊपन बढा़ने, किसानों को आजीविका प्रदान करने तथा पर्यावरण से उनके सामंजस्यपूर्ण संबंध बढ़ाने को लक्षित है।

भारत की सांस्कृतिक विरासत में सनातन धर्म और कृषि के बीच संबंध एक धागे की तरह है जिसका विस्तार शताब्दियों तक फैला है। इससे न केवल फसलों का पोषण होता है, बल्कि यह टिकाऊ और आध्यात्मिक सोच से भी जुड़ा है। अक्सर हिंदूवाद कहा जाने वाला सनातन धर्म केवल धार्मिक व्यवस्था न होकर अनेक आयामों को अपने भीतर समाहित करता है जिसमें प्रकृति और कृषि के बीच संबंध शामिल हैं। सनातन धर्म और कृषि के बीच अनन्त काल से संबंध हैं जिसके आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व परिस्थितिकीय आयाम हैं और उनके बीच सामंजस्य स्थापित है। सनातन धर्म के केन्द्र में प्रकृति के प्रति गहन प्रेम की भावना है तथा उसे केवल संसाधन न मानकर दैवी माना जाता है। पृथ्वी की प्रासांगिकता 'भूदेवी' के रूप में है तथा पौधों, जानवरों व प्राकृतिक तत्वों को पूरे ब्रह्मांड की व्यवस्था का अभिन्न अंग माना जाता है। इसमें कृषि के आध्यात्मिक महत्व पर जोर दिया गया है। 'यज्ञ' की अवधारणा वैदिक साहित्य में मंत्रों के रूप में की गई है जो मनुष्यों और प्रकृति के बीच संबंध स्थापित करते हैं। यज्ञ के दृष्टिकोण से कृषि को देखने पर यह आध्यात्मिक कृत्य हो जाता है जहां किसानों को ऐसे संरक्षक के रूप में देखा जाता है जिस पर धरती के पालन-पोषण की जिम्मेदारी होती है। भारत का सांस्कृतिक परिदृश्य त्योहारों और परंपराओं से बंधा हुआ है जिसमें कृषि, फसल चक्र तथा मौसमों की महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति होती है। मकर संक्रान्ति, पोंगल और बैसाखी जैसे त्योहार फसल कटाई से जुड़े हैं जब प्रकृति की समृद्धि का उत्सव मनाते हुए त्योहारों व परंपराओं के माध्यम से उसके प्रति आभार प्रकट किया जाता है। रामायण व महाभारत जैसे ग्रंथों में कृषि व्यवहारों के वर्णन समाहित हैं। भगवान राम यहां बंजर भूमि में खेती करते हैं और अर्जुन किसान के रूप में सालों तक अज्ञातवास में रहते हैं। इन कथाओं में न केवल कृषि संबंधी विवेक, बल्कि खेती से जुड़ी विनम्रता और प्रतिबद्धता भी प्रकट होती है। परंपरागत कृषि व्यवहारों में आर्गेनिक फार्मिंग, फसल चक्र, परिस्थितिकीय दृष्टिकोण से टिकाऊ सिद्धान्तों का पालन शामिल है जो गहराई से प्राचीन कृषि संबंधी विवेक से जुड़े हैं।

हालिया वर्षों में भारत सरकार ने आर्गेनिक फार्मिंग को प्रोत्साहित करने के लिए अनन्त काल से जारी सनातन धर्म के सिद्धान्तों से प्रेरणा प्राप्त की है। यह पैराडाइम परिवर्तन टिकाऊ विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि की समग्र समझदारी पर आधारित है जिसकी जड़ें गहराई तक भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ी हैं। सरकार ने 2015-16 से आर्गेनिक फार्मिंग को प्रोत्साहन देने के लिए 'परंपरागत कृषि विकास योजना'-पीकेवीवाई तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में मिशन आर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट का प्रयोग किया है। दोनों योजनाओं में आर्गेनिक फार्मिंग में लगे किसानों को पूर्ण समर्थन दिया जाता है जिसमें उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, प्रमाणन, मार्केटिंग, पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण शामिल हैं। ये सभी योजनाओं के अभिन्न अंग हैं। पीकेवीवाई के अंतर्गत राज्यों व संघशासित क्षेत्रों को 3 साल के लिए प्रति हेक्टर 50,000 रुपये की सहायता दी जाती है। इसमें से तीन साल तक किसानों को सीधे डीबीटी के माध्यम से प्रति हेक्टर 31,000 रुपये दिए जाते हैं। इसके अलावा 3 साल तक मार्केटिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, मूल्य संवर्धन तथा अन्य मार्केटिंग पहलों के लिए 8,800 रुपये प्रति हेक्टर सहायता दी जाती है। इसके साथ ही तीन साल के लिए 2,700 रुपये प्रति हेक्टर प्रमाणन व रिजीडुअल विश्लेषण के लिए दिए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण के लिए तीन साल तक 7,500 रुपये प्रति हेक्टर सहायता भी दी जाती है। मिशन आर्गेनिक के अंतर्गत एफपीओ बनाने, आर्गेनिक इन्पुट के लिए किसानों की सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीजों व पौध सामग्री, प्रशिक्षण, सहायता व पंजीकरण के लिए तीन साल तक 46,575 रुपये प्रति हेक्टर की सहायता दी जाती है। सरकार ने इसके लिए जैविकखेती डाटइन नामक वेब पोर्टल भी बनाया है। यह आनलाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म किसानों द्वारा उपभोक्ताओं को आर्गेनिक उत्पादों की सीधी बिक्री प्रोत्साहित करता है। कुल मिला कर 6.09 लाख किसानों ने जैविक खेती पोर्टल पर पंजीकरण कराया है।

कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत नेशनल सेंटर फार आर्गेनिक एंड नेचुरल फार्मिंग विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है। इनमें तीस दिन का प्रमाणपत्र कोर्स, फील्ड डिमांस्ट्रेशन व प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण के लिए एक्सटेंशन अधिकारी की नियुक्ति शामिल है। इसके साथ ही आर्गेनिक खेती के विभिन्न आयामों पर 7 दिन का आनलाइन या आफलाइन प्रशिक्षण कोर्स भी चलाया जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर के वैज्ञानिकों की एक बहुविषयी टीम किसानों को आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण देती है तथा एक्सटेंशन एजेंट राज्य एजेंसियों को आर्गेनिक फार्मिंग प्रोत्साहित करने के लिए तकनीकी समर्थन भी देते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्रों-केवीके पर वेज्ञानिक किसानों तथा एक्सटेंशन कार्यकर्ताओं के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इनमें विषयों में आर्गेनिक खेती तथा आर्गेनिक इन्पुट का उत्पादन और प्रयोग शामिल हैं। 'स्वायल हेल्थ कार्ड योजनाओं'-एसएचसी के अंतर्गत सरकार ने समन्वित पोषण प्रबंधन-आईएनएम को बढ़ावा दिया है। इसके अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग के साथ बायोफर्टिलाइजरों व आर्गेनिक खादों का उपयोग भी शामिल है ताकि मृदा का स्वास्थ्य, उर्वरकता व उत्पादकता बढ़ाई जा सके। परंपरागत कृषि व्यवहारों का वर्णन अक्सर वेदों और पुराणों में पाया जाता है। इसमें प्रकृति के साथ सामंजस्य पर जोर दिया गया है। प्राकृतिक उर्वरकों के प्रयोग, फसल चक्र तथा संश्लेषित रसायनों का उपयोग न करना इन व्यवहारों का अभिन्न अंग है। यह आर्गेनिक खेती के सिद्धान्तों का अभिन्न अंग है। किसानों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपने काम को पर्यावरण की सेवा, जिम्मेदारी की भावना विकसित करने तथा भूमि के लिए प्रासांगिकता के रूप में देखें। कृषि व्यवहारों को सांस्कृतिक व आध्यात्मिक मूल्यों के साथ जोड़ कर भारत न केवल स्वस्थ व ज्यादा टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करना चाहता है, बल्कि वह सांस्कृतिक विरासत में अंतर्निहित सिद्धान्तों का सम्मान भी करता है। इस संबंध को सुरक्षित रख व प्रोत्साहित कर हम न केवल अपनी कृषि परंपराओं की रक्षा करेंगे, बल्कि धरती के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व भी सुनिश्चित करेंगे।।

# बीज मंत्रों की शक्ति

"भौतिक प्रगति, तनाव मुक्ति मानसिक शांति व आध्यात्मिक विकास के लिए बीज मंत्रों का प्रयोग अत्यधिक महत्वपूर्ण है।"

**स्वामी चरणाश्रृत**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



**बीज मंत्र** प्राचीन व शक्तिशाली ध्वनि तरंगे हैं जिनकी जड़ें गहराई से हिंदूवाद और बौद्धवाद की आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ी हैं। विश्वास है कि इन पवित्र उच्चारणों से एक विशिष्ट प्रतिध्वनि पैदा होती है जो मंत्रोच्चार करने वाले की चेतना को उच्च स्तर पर ले जाती है जिससे आध्यात्मिक विकास और बेहतरी सुनिश्चित होती है। 'बीज' शब्द संस्कृत का है जिसमें इन मूल ध्वनियों में अंतर्निहित संभावनाओं पर जोर दिया गया है। बीज मंत्रों की उत्पत्ति प्राचीन वैदिक पाठों में पाई जा सकती है जहां इनकी ध्वनि की शक्ति को ब्रह्मांड की मूल शक्ति के रूप में पहचाना गया है। वैदिक दर्शन के अनुसार, प्रत्येक अस्तित्व की एक ध्वनिक क्षमता या बारंबारता होती है। विशिष्ट ध्वनियों के उच्चारण से व्यक्ति अपनी क्षमताओं को प्रकृति और ब्रह्मांड के साथ सामंजस्य में लाकर सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कर सकता है। बीज मंत्र की क्षमता ध्वनियों की गुणवत्ता और उनकी प्रतिध्वनियों पर आधारित होती है। प्रत्येक शब्द या उसके अंश से एक खास प्रतिध्वनि व ध्वनि पैदा होती है जिसका संबंध शरीर के किसी खास ऊर्जा चक्र से होता है। विश्वास किया जाता है कि बीज मंत्रों के प्रयोग से शरीर के ऊर्जा चक्रों में संतुलन स्थापित होता है जिससे शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उदाहरण के लिए मंत्र 'ओं' सर्वव्यापी बीज मंत्र है जो ब्रह्मांड की मूल ध्वनि का प्रतिनिधित्व करता है।

ओं का महत्व है कि यह ब्रह्मांड के मूल स्वर का प्रतिनिधित्व करता है तथा इस प्रकार यह परम सत्य का भी प्रतिनिधित्व करता है। यह शीर्ष चक्र से जुड़ा है तथा आध्यात्मिक जागरूकता व ईश्वर से संबंध स्थापित करता है। 'श्री' बीज मंत्र देवी लक्ष्मी से जुड़ा है और यह संपदा, समृद्धि व प्रचुरता का प्रतीक है। इसका संबंध हृदय व सौर चक्र से है जो प्रेम, सद्भावना तथा प्रचुरता प्रदान करने वाले हैं। 'ह्' बीज मंत्र का संबंध देवी दुर्गा से है और यह शक्ति, साहस व संरक्षण का प्रतिनिधित्व करता है। यह सौर चक्र को जाग्रत करता है तथा आंतरिक शक्ति व आत्मविश्वास बढ़ाता है। 'क्लीं' बीज मंत्र का संबंध देवी काली से है और यह दैवीय नारीशक्ति के भयंकर रूप में परिवर्तन का प्रतीक है। यह मूलाधार चक्र को प्रभावित करता है जिससे आधार पर पकड़ मजबूत होती है तथा बाधाओं को तोड़ने में सहायता मिलती है। बीज मंत्रों का जाप करने तथा ध्यान लगाने से अनेक लाभ होते हैं। बीज मंत्रों का जाप आमतौर से ध्यान तथा आध्यात्मिक कर्मों से जुड़ा होता है। भक्त लोग मंत्रों का जाप शाब्दिक रूप से या मौन रूप से अंर्तमन में कर सकते हैं। इनकी ध्वनियों व प्रतिध्वनियों पर ध्यान केन्दित करने से मंत्र से जुड़े गुण प्राप्त होते हैं। पूरी गंभीरता और अच्छे उद्देश्य से चयनित बीज मंत्र के प्रयोग से यह ध्वनियां आपकी प्रगति में सहायक सिद्ध होती हैं तथा ईश्वरीय ऊर्जा से गहन संपर्क स्थापित होता है।



बीज मंत्रों के माध्यम से ध्यान लगाने के अनेक लाभ होते हैं। बीज मंत्रों का नियमित ध्यान करने से तनाव दूर होता है तथा विश्राम की स्थिति प्राप्त होती है। इनसे संकेंद्रण बढ़ता है। विभिन्न विषयों पर ध्यान एकाग्र करने में सहायता मिलती है। बीज मंत्र मानसिक स्पष्टता की इच्छा रखने वालों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। बीज मंत्रों की परिवर्तनकारी शक्ति से आध्यात्मिक विकास में सहायता मिलती है, गहन आत्मचेतना जाग्रत करने में सहायता मिलती है तथा ईश्वर से संबंध स्थापित होता है। बीज मंत्रों के ध्यान से ऊर्जा चक्र सक्रिय होते हैं तथा भौतिक व ऊर्जा के दृष्टिकोण से समग्र बेहतरी सुनिश्चित होती है। बीज मंत्र आध्यात्मिकता की खोज करने वालों के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं। इससे अपने भीतर तथा बाहर दैवी चेतना से जुड़ने में सहायता मिलती है। इन पवित्र ध्वनियों का लाभ इनके उच्चारण की क्षमता पर निर्भर करता है जो ब्रह्मांड की ऊर्जा से जोड़ कर सभी प्राणियों में प्रवाहित होती है। आंतरिक शांति, समृद्धि, शक्ति या परिवर्तन की इच्छा रखने वालों के लिए बीज मंत्रों के माध्यम से ध्यान करने का अभ्यास करना समय की कसौटी पर परीक्षित व आध्यात्कि प्रगति का सटीक रास्ता है।

## आप की बात

### चीनी मांझे पर प्रतिबंध

**मध्य प्रदेश** में चीनी मांझा और उसके निर्माण में उपयोगी पदार्थों से बने सिंथेटिक धागे के विक्रय पर पर्यावरण विभाग ने प्रतिबंध लगा दिया है। विभाग ने केंद्र सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए चीनी मांझे सहित नायलान, प्लास्टिक या अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बने पतंग उड़ाने वाले धागे एवं अन्य किसी पतंग उड़ाने वाले धागे पर भी प्रतिबंध लगाया है जो सिंथेटिक से लेपित और नान-बायोडिग्रेडिबल हो। इसके निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद, आपूर्ति, आयात और उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इस प्रकार केवल सूती धागे से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पांच साल तक के कारावास तथा एक लाख रुपये जुर्माने की सजा दी जा सकेगी। प्रदेश सरकार का यह निर्णय निश्चित रूप से स्वागत योग एवं सराहनीय है। रोक लगाने के आदेश के बावजूद चाइनीज मांझे का प्रयोग निरंतर जारी था। उम्मीद है कि अब 5 साल की सजा और जुर्माने के प्रावधान के कारण इसकी बिक्री पूर्णत: रुक जाएगी। देशभर मे ऐसा ही सख्त कानून सभी राज्यों में लागू किया जाना चाहिए। इससे मनुष्यों के साथ ही निरीह पक्षियों को सुरक्षा मिलेगी तथा चीन को भारतीय मुद्रा भी जाने पर रोक लगेगी।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### कांग्रेस की भूलें

**कांग्रेस** देश की सबसे पुरानी 138 साल की पार्टी है। लेकिन अपने जीवन में उसने कई ऐतिहासिक भूलें की है। उसके नेताओं ने इनसे अपनी जन्मदाता पार्टी को हर बार परेशान किया है और बाद में इसका खामियाजा भी भुगता है। कांग्रेस ने राम मंदिर का ताला खुलवाकर भी भगवान राम के मंदिर को महत्व नहीं दिया। उसने अदालत में प्रकारान्तर से भगवान राम का अस्तित्व स्वीकारने से भी इनकार कर दिया तथा राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलने के बाद भी उसे स्वीकार नहीं किया। कांग्रेस की एक और भूल स्वयं को केवल गांधी-नेहरू परिवार तक संकुचित कर लेना है। संभवत: इसी कारण वह आज वित्त मंत्री तथा प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में प्राप्त उपलब्धियों का नाम तक नहीं लेती है। कांग्रेस ने देश को दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का शव तक कांग्रेस मुख्यालय में नहीं ले जाने दिया और उनका दिल्ली में अंतिम संस्कार तक नहीं होने दिया। जहां तक एजेंडे का सवाल है, कांग्रेस आज क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बन गई है जबकि एक समय वह वैचारिक रूप से जनसंघ, भाजपा और संघ परिवार का डट कर मुकाबला करने की स्थिति में थी।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### जंगलों में आग

**जंगलों** में लगने वाली आग अब बहुत बढ़ गयी है। पहले ऐसी घटनायें कभी-कभी होती थीं, पर आज रोज कहीं न कहीं इस प्राकृतिक आपदा के बारे में सुनने को मिलता है। इस समय दक्षिण अमेरिकी देश चिली का मध्यभाग भीषण दावानल के चपेट में है। यहां मृतकों की संख्या सौ पार हो गई है जो और बढ़ सकती है। जल कर खाक हो चुके अनेक रिहाइशी इलाकों में अभी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं। 1931 में स्थापित एक प्रशिद्ध वनस्पति उद्यान आग की लपटों से नष्ट हो गया है। लगभग छह महीने पहले अमेरिकी राज्य हवाई में बड़े पैमाने पर जंगल की आग फैल गयी थी। इसमें भी सौ से अधिक लोगों की जान गई थी। जंगलों में बार-बार लगने वाली आग सारी मानवजाति के लिए एक सबक है। मानव खुद को धरती का सबसे बुद्धिमान प्राणी मानता है मगर प्रकृति के सामने उसकी तमाम चालाकी बेकार साबित हो जाती है। जंगलों में लगने वाली आग के अनेक स्थानीय कारण हो सकते हैं, पर सबसे बड़ा कारण ग्लोबल वार्मिंग है। इसके चलते पश्चिम के अनेक ठंडे कहे जाने वाले क्षेत्र आज न केवल गरमी, बल्कि भयानक लू का सामना कर रहे हैं। इस कारण जंगलों में आग लगने की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही है।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### यशस्वी का यश

**युवा** भारतीय सलामी बल्लेबाज़ यशस्वी जायसवाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपना यश स्थापित कर दिया है। उन्होंने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक जड़ा। महत्वपूर्ण साझेदारी निभाने वाले इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने शानदार फुटवर्क के साथ गेंदों को खूबसूरती से टाइम किया और अपने पहले शतक तक पहुंचने के लिए दमदार ड्राइव और उम्दा छक्के लगाए। यशस्वी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने दोहरे शतक के दौरान 18 चौके और 7 छक्के लगाए। जयस्वाल ने मैदान पर धमाल मचा दिया और एक शानदार दोहरा शतक बनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह उनका 11वां टेस्ट था और एक बेहतरीन शॉट के साथ उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। यह एक अविश्वसनीय पारी थी। यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक इस बात का संकेत देता है कि वह स्पष्ट रूप से एक बहुत ही खास खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन से अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित किया है।

- **तौकीर रहमानी,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# उत्सव, उद्योग और उम्मीद, यही है नए यूपी की तस्वीर: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने बजट में प्रस्तावित महत्वपूर्ण योजनाएं और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं
- कहा, न तो कोई अतिरिक्त कर, न ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया
- 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## लोकमंगल के पर्याय हैं श्रीराम, बजट के शुरुआत, मध्य और अंत में हैं श्रीरामलला: योगी




**उत्तर** प्रदेश के अब तक के सबसे बड़े बजट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम को समर्पित किया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट 2024-25 प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं और इस बजट के आदि, मध्य और अंत में श्रीरामलला ही हैं। सीएम योगी ने कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का दस्तावेज हैए जिससे प्रदेश की समग्र संकल्पनाओं को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उत्सवए उद्योग और उम्मीद को नए यूपी की तस्वीर बताया।

पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को पांचवीं बार बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार का ये आठवां बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा 736437.71 करोड़ का बजट है। सीएम योगी ने कहा कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित इस बजट में 2023-24 की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश के बजट के आकार में हुई बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने, डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता, प्रधानमंत्री के विजन सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास पर आधारित है। सीएम ने बजट के महत्वपूर्ण बिंदुओं को गिनाते हुए बताया कि पहली बार 2 लाख 3 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपए के कैपिटल एक्सपेंडीचर का प्रावधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे खर्च होंगे तो ना केवल रोजगार का सृजन होगा बल्कि अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि 2016-17 में जहां प्रदेश की जीडीपी 12 लाख करोड़ रुपए की थी, वो 2024-25 में 25 लाख करोड़ रुपए यानी दोगुनी से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रतिव्यक्ति आय को दोगुना करने में भी उनकी सरकार को सफलता मिली है। आज यूपी देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि सरकार ने ना केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि रेवेन्यु लिकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है। यही कारण है कि यूपी आज एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले सात साल में राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। इसके लिए ना तो कोई अतिरिक्त कर लगाया गया और ना ही आम आदमी पर बोझ बढ़ाया गयाए यही नहीं इस दौरान लोकमंगल की तमाम योजनाएं भी बड़े पैमाने पर संचालित किए गए।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि रिजर्व बैंक के द्वारा राजकोषीय घाटे की लिमिट 3.5 की सीमा के अंदर ही उत्तर प्रदेश का राजकोषीय घाट (3.46) है। ये इस बात को प्रदर्शित करता है कि सरकार का विजन सुरक्षा, विकास और सुशासन के साथ साथ बजट में राजकोषीय अनुशासन का भी है। उन्होंने बताया कि पिछले सात साल में बेरोजगारी की दर को नियंत्रित करने में भी सरकार को सफलता मिली है। 2016-17 में प्रदेश में बेरोजगारी दर 19.2 प्रतिशत थी, जो आज घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है। रोजगार के नये अवसर और औद्योगिक निवेश के नये वातावरण का सृजन हुआ है, एमएसएमई यूनिट को पुनर्जीवित किया गया है। साथ ही ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं ने यूपी को देश में नई पहचान दिलाई है।

### शुरू होगी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना

**मुख्यमंत्री** ने प्रदेश में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए बजट में किए गए महत्वपूर्ण प्रस्तावों की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि बजट में 24863.57 करोड़ रुपए की नई परियोजनाएं शामिल की गई हैं। युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपए ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा रोजगार प्रोत्साहन कोष का गठन, जिसमें ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और अपरेंटिसशिप की व्यवस्था की गई है। वाराणसी में राजकीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापनाए 2 मेगा राजकीय आईटीआई की स्थापना, 69 आईटीआई के अपग्रेडेशन। स्पोर्ट साइंस एंड इंजरी सेंटर की स्थापना, वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष की स्थापना, 22 हजार मिनी आंगनवाड़ी केंद्र को मुख्य आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में डेवलप किया जाना भी बजट के महत्वपूर्ण प्रस्ताव हैं।

# अयोध्या धाम में रखी विकास के 'नए अध्याय की नींव'

- बजट भाषण में शुरू से लेकर अंत तक अयोध्या की गौरवभूमि का रहा उल्लेख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर होगी रामनगरी, करोड़ों रुपए के अनुदान का बजट में प्रावधान

'**मर्यादा** पुरूषोत्तम श्रीराम का जीवन हजारों वर्षों से भारत और विश्व को महत्तर जीवन आदर्शों की ओर अग्रसर होने को प्रेरित करता रहा है। पिता के वचन का मान रखने के लिए समस्त राजसी वैभव को निसंकोच त्याग कर वनवास के लिए प्रस्थान करना और दुष्टों और अधर्मियों का दृढ़तापूर्वक दलन करना ऐसे राजधर्म का अनुपम उदाहरण कहीं और नहीं मिलता।' अयोध्या गौरवभूमि की आत्मा प्रभु श्रीराम का नाम लेकर इन्हीं शब्दों के साथ न केवल योगी सरकार ने बजट 2024-25 को विधानसभा में पेश किया, बल्कि पूरे भाषण के दौरान बार-बार प्रभु श्रीराम और अयोध्या का उल्लेख होता रहा।



नव्य-भव्य व दिव्य अयोध्या धाम के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का कार्य कर रही योगी सरकार ने संपूर्ण अयोध्या मंडल में विकास के नए अध्याय की नींव बजट भाषण में रखी। योगी सरकार द्वारा वार्षिक बजट 2024-25 में अयोध्या धाम समेत पूरे मंडल के विकास का जो खाका खींचा गया है उसके केंद्र में अयोध्या में पहुंच मार्गों के विस्तार व सौंदर्यीकरण, पर्यटक-जन सुविधाओं के विकास समेत महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार जैसी बड़ी परियोजनाएं शामिल रहीं।

### अयोध्या एयरपोर्ट का होगा विस्तार, जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़ रुपए

**प्रदेश** में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए भी बजट में प्राविधान किए गए हैं। भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस-उड़ान) तथा राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति के तहत धन खर्च किये जाने हैं। बजट में इस बात का भी उल्लेख है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी के लिए चयनित एयरपोर्ट्स अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती तथा चित्रकूट विकसित तथा म्योरपुर (सोनभद्र) व सरसावा (सहारनपुर) के एयरपोर्ट्स का कार्य गतिमान है। इसके अलावा अयोध्या में श्महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डा अयोध्या धामश् के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ हवाई पट्टियों के निर्माणए विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण एवं भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के जेवर में अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कार्य एवं भूमि क्रय के लिए 1150 करोड़ रुपए की व्यवस्था भी बजट में की गई है।

### इन प्रोजेक्ट्स पर अयोध्या में वर्ष 2024-25 में रहेगा मुख्य फोकस

- जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य के दृष्टिगत पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की संख्या में सम्भावित वृद्धि के दृष्टिगत 3 पहुंच मार्गों का चैड़ीकरण/सौन्दर्यीकरण का कार्य एवं 6 स्थानों पर पार्किंग तथा जन सुविधाओं का विकास कार्य किया जा रहा है।
- अयोध्या में 'महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम' का विकास कराया गया है। अयोध्या में एयरपोर्ट की स्थापना एवं विस्तार हेतु 150 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या हेतु 10 करोड़ रुपए प्रस्तावित है।
- अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, लखनऊ, विन्ध्याचल, प्रयागराज, नैमिषारण्य, गोरखपुर, मथुरा, बटेश्वर धाम, गढ़मुक्तेश्वर, शुकतीर्थ धाम, मां शाकुम्भरी देवी, सारनाथ एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण के कार्य कराए जा रहे हैं।
- 'मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना' के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने की योजना है। इस क्रम में अयोध्या मंडल के जनपदों में भी धार्मिक व पर्यटन क्षेत्रों के समेकित विकास को सुनिश्चित करने का खाका खींचा गया है।

# वाराणसी व विन्ध्य क्षेत्र के लिए सरकार ने की धनवर्षा

- प्रगति के नए सोपानों की ओर अग्रसर होगी महादेव की नगरी, विन्ध्य क्षेत्र के भी समेकित विकास का योगी सरकार ने खींचा खाका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को विकास के पथ की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ने महादेव की नगरी के तौर पर प्रसिद्ध वाराणसी व शक्ति उपासना के प्रमुख तीर्थों में शुमार विन्ध्य क्षेत्र में भी समेकित विकास का खाका खींचा है। सोमवार को विधानसभा में पेश वार्षिक वित्तीय बजट के अंतर्गत वर्ष 2024.25 में वाराणसी मंडल तथा विन्ध्य क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा तमाम नागरिक सुविधआओं से लैस करने की जारी विभिन्न योजनाओं के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि प्रावधानित की गई। इस क्रम मेंए वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए 400 करोड़ रूपए, रोपवे व अवस्थापना परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए भूमि क्रय के लिए 150 करोड़ रुपए का बजट जारी किया है।

बजट भाषण में काशी-अयोध्या का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भारत की संस्कृति धार्मिकए बौद्धिक, वैज्ञानिक रूप से अत्यन्त समृद्ध रही है। दुनिया के लिए यह एक आश्चर्य का विषय रहा है कि इतनी प्राचीन संस्कृति संदियों तक बाहरी आक्रमणों के बावजूद किस प्रकार अभी भी अविच्छिन्न बनी हुई है। यह उनके लिये आश्चर्य का विषय हो सकता है परन्तु हमारे लिए यह जीवनशैली है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने हमारे सांस्कृतिक धरोहरों की अनदेखी की परन्तु पीएम मोदी व सीएम योगी नेतृत्व में हमारी सांस्कृतिक धारा अधिक प्रवाहमयी हो रही है। दूसरी ओर, काशी तथा अयोध्या धाम में बढ़ते तीर्थ पर्यटन पर फोकस करते हुए सीएम योगी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उत्तर प्रदेश में स्पीरिचुअल टूरिज्म की अपार संभावनाएं निहित हैं। न केवल काशी-अयोध्या बल्कि प्रदेश भर में धार्मिक तथा पर्यटक स्थलों के पुनर्रुद्धार तथा सौंदर्यीकरण का मार्ग प्रशस्त होने से उत्तर प्रदेश की आर्थिक आर्थिक उन्नति भी सुनिश्चित होगी।

## अयोध्या व वाराणसी में मेडिकल कॉलेज की स्थापना

**आयुष्मान** कार्यक्रम के तहत 1600 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर स्थापित किये जाएंगे जबकि 1035 राजकीय आयुर्वेदिक होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सालयों को हेल्थ वेलनेस सेन्टर में परिवर्तित किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वर्तमान में 2110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी,1585 होम्योपैथिक चिकित्सालयों के साथ ही 8 आयुर्वेदिक, 2 यूनानी तथा 9 होम्योपैथिक कॉलेज एवं उनसे सम्बद्ध चिकित्सालय क्रियाशील हैं। बजट में आयुष विभाग के तहत महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर का निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा।

इसी के साथ अयोध्या में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं वाराणसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

# 755 करोड़ से प्रदेश की कानून व्यवस्था होगी चुस्त दुरुस्त, 25 करोड़ से खरीदे जाएंगे नए वाहन

- पीएसी, साइबर क्राइम थानों और एसटीएफ को मिलेंगे नए वाहन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपराध** और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में यूपी पुलिस (गृह विभाग) को कुल 755 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की है। यह धनराशि पुलिस विभाग की सैलरी समेत अन्य मदों में खर्च की जाएगी जबकि संसाधन खरीदने के लिए 25 करोड़ 64 लाख की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से पीएसीए नवगठित 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों और एसटीएफ के लिए नये वाहन खरीदे जाएंगे। 5 करोड़ से चित्रकूट में अभियोजन विभाग के नये कार्यालय का होगा निर्माण। पुलिस विभाग को आवंटित 25 करोड़ 64 लाख से पीएसी बल को सशक्त और गतिशीलता बढ़ाने के लिए 120 नए वाहनों को खरीदा जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। इस धनराशि से पीएसी के लिए बीपीआरएडी मानक के अनुसार एवं 24 कंपनियां क्रियाशील होने के दृष्टिगत 120 नए वाहन खरीदे जाएंगे। इसी तरह प्रदेश में साइबर अपराध को कंट्रोल करने के लिए नवगठित 18 परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 5 करोड़ 7 लाख रुपए की धनराशि से नये वाहन खरीदे जाएंगे। इसके अलावा एसटीएफ को 3 नए इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने के लिए 57 लाख खर्च किए जाएंगे। इतना ही नहीं गृह विभाग (राजनैतिक पेंशन तथा अन्य व्यय) के अभियोजन विभाग के चित्रकूट में नए कार्यालय के निर्माण के लिए 5 करोड़ की धनराशि दी गई है। 4 जिला होमगार्ड्स कार्यालयों के प्रथम तल पर मंडलीय होमगार्ड्स कार्यालय के भवन निर्माण एवं 8 मंडलीय इकाइयों में जिला होमगार्ड्स कार्यालय के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। इसके साथ ही होमगार्ड्स विभाग के 3 मंडलीय प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण के लिए 15 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है।

योगी सरकार की नीतियों का ही असर है कि प्रदेश में वर्ष 2016 के मुकाबले वर्ष 2023 में डकैती के मामलों में 87 प्रतिशत, लूट में 76 प्रतिशत, हत्या में 43 प्रतिशत, बलवा में 65 प्रतिशत, फिरौती हेतु अपहरण में 73 प्रतिशत की कमी आई है। अपराधियों पर नकेल कसने और आधी आबादी को सुरक्षित माहौल देने के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 854634 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

वहीं अप्रैल 2017 से जनवरी, 2024 तक पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर 155830 भर्तियां तथा 141866 पदोन्नतियां की गयी हैं। महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए सेफ सिटी परियोजना के तहत महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, डार्क स्पॉट्स का चिन्हीकरण एवं लाइट्स लगाना, हॉट प्वाइण्ट्स को चिन्हित करनेए पिंक बूथों की स्थापना तथा बस/ टैक्सियों में पैनिक बटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में 3 महिला पीएसी बटालियन लखनऊ, गोरखपुर एवं बदायूं में स्थापित हैं जबकि बलरामपुर, जालौन, मिर्जापुर, शामली तथा बिजनौर में 5 अन्य पीएसी बटालियन स्थापित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश स्पेशल सेक्योरिटी फोर्स की 6 वाहिनियां गठित की गयी हैं। महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तीकरण के लिए 1699 एंटी रोमियो स्क्वॉयड का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की मृत्यु की दशा में उनके आश्रितों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती है। ऐसे में दुर्घटना बीमा योजना के तहत होमगार्ड्स को 30 लाख रुपये की बीमा सुविधा प्रदान की गयी है।

## 2500 करोड़ से होगा महाकुंभ का भव्य आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 100 करोड़ रुपए किए गए आवंटित

**2025** में प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ मेले के आयोजन के लिए योगी सरकार ने नगर विकास के माध्यम से 2500 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। इस राशि के जरिए नगर विकास विभाग विश्व स्तरीय सुविधाओं के माध्यम से महाकुंभ का भव्य आयोजन करेगा। इसके अलावा योगी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन के लिए संस्कृति विभाग को भी 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट दिया हैए जिससे महाकुंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

योगी सरकार ने नगर विकास विभाग को बजट में 25698 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इसके तहत गरीबों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध कराने को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए लगभग 3948 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की है। योजना के अंतर्गत वर्ष 2007 से 2017 तक प्रदेश में मात्र 2.51 लाख मकान निर्मित किए गए, जबकि वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश में लगभग 17.65 लाख से अधिक लाभार्थियों को कुल लगभग 35236 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित की गई है।

इसी तरह वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई अमृत 2.0 योजना के लिए 4500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है, जबकि मुख्यमंत्री.ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के अंतर्गत 800 करोड़ रुपए प्रस्तावित हैं जो वर्तमान वर्ष के सापेक्ष 60 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के शहरों को बाढ़ की समस्या एवं जलभराव से मुक्ति के लिए अर्बन फ्लड एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना प्रारम्भ की गई जिसके लिए 1000 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित मलिन बस्ती विकास योजना के लिए 675 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में लगभग दो गुना है। नगरीय सेवा और अवस्थापना विकास की नई योजना के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के लिए 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है जो वर्तमान वर्ष के सापेक्ष 63 प्रतिशत अधिक है। कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के लिए 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है जो वर्तमान वर्ष की तुलना में दो गुने से अधिक है।

# रामचरितमानस की चौपाई से की शुरुआत, विपक्ष पर हमले से किया समापन

- वित्त मंत्री ने चौपाई और शेर के माध्यम से किया उपलब्धियों का बखान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार के दूसरे कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एक बार फिर शायराना अंदाज में नजर आए। उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई से बजट की शुरुआत की तो बीच-बीच में योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान भी शेरो-शायरी के माध्यम से किया।

वित्त मंत्री ने बजट पेश करते समय कहा कि बजट की शुरुआत रामचरित मानस से शुरू करना चाहते हैं। हमारी संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। बाल कांड में गुरु वशिष्ठ जी ने विशेष रूप से यह बात कही है कि धर्मशील लोगों के पास सुखए संपदाए ऐश्वर्य अपने आप आ जाता है। इसमें चौपाई है-

जिमि सरिता सागर महुं जाहीं। जद्यपि ताहि कामना नाहीं।।
तिमि सुख संपति बिनहिं बोलाएं। धरमसील पहिं जाहिं सुभाएं।।

**'हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं'**

वित्त मंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश आर्थिक-सामाजिक विकास के हर क्षेत्र में नई ऊचाईयों को प्राप्त कर रहा है। हमने इस नैरेटिव को सिरे से खारिज कर दिया कि उत्तर प्रदेश एक बीमारू प्रदेश है। हमने प्रदेश की जनता मेंए प्रदेश की मेधा में अपार सम्भावनाओं को देखा और बड़े आत्मविश्वास के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकासगाथा की रचना की है। हौसले दिल में जब मचलते हैं, आंधियों में चिराग जलते हैं

**'मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से...'**

वित्त मंत्री ने भाषण के दौरान कहाए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस प्रकार प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हुआ है और बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया हैए वह अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय मिसाल के रूप में हमारे समक्ष है। आम आदमी क्या सोचता है।

'मुक्त हूं कर्तव्य की चिन्ताओं से, दर्द से दुख से मुझे आराम है
हर किसी के वास्ते हर वस्तु हैए यह हमारे ऐश्वर्य का पैगाम है

**'...दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर'**

उन्होंने कहा, आज से 07 वर्ष पहले कोई यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि उत्तर प्रदेश इतनी तीव्र गति से ऐसा मुकाम हासिल कर पाएगा। यहां दो पंक्तियां प्रस्तुत हैंण्ण्ण श्पैदा नजर-नजर में एक ऐसा मुकाम करए दुनिया सफर करे तेरे दामन को थाम कर।'

**'जगमगाता है हृदय का अंधकार'**

ओडीएफ समेत विभिन्न योजनाओं में प्रदेश की अभूतपूर्व उपलब्धि पर वित्त मंत्री ने कहा...
आंख का हर अश्रु कण हंसने लगा है,
ढल गई है आह भी संगीत में,
जगमगाता है हृदय का अंधकार,
कष्ट परिवर्तित हुए हैं गीत में।

**'...बाकी नामों-निशां हमारा'**

पिछली सरकारों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने हमारी सांस्कृतिक धरोहरों की अनदेखी की परन्तु प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सांस्कृतिक धारा अधिक प्रवाहमयी हो रही है। यूनान, मिश्र, रोमा सब मिट गए जहां से, अब तक मगर है बाकी नामों-निशां हमारा।।

**'किसी के नाम से मशहूर होकर गांव चलता है'**

अपने बजट भाषण को खत्म करते हुए वित्त मंत्री ने विपक्ष पर हमला किया...
तुम्हारी शख्सियत से ये सबक लेंगी नई नस्लें,
वहीं मंजिल पर पहुंचा है जो अपने पांव चलता है।
डुबो देता है कोई नाम तक भी खानदानों का,
किसी के नाम से मशहूर होकर गांव चलता है।।

## वाराणसी मंडल व विन्ध्य क्षेत्र में इन प्रोजेक्ट्स पर रहेगा मुख्य फोकस

**वाराणसी** में नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलाजी (निफ्ट) की स्थापना के लिए भूमि क्रय के लिए 150 करोड़ रुपए का बजट। मीरजापुर में विन्ध्याचल स्थित त्रिकोणीय क्षेत्र में माँ विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर, मां कालीखोह मंदिर को जोड़ने वाले त्रिकोण सरेखण में आने वाले परिक्रमा मार्गों एवं जन सुविधाओं के उन्नयन के लिए कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। अयोध्या के सर्वांगीण विकास के लिए 100 करोड़ रुपए की बजट व्यवस्था। लखनऊ विकास क्षेत्र तथा प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों के विकास क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं का विकास तथा वाराणसी एवं अन्य शहरों में रोप-वे सेवा विकसित किये जाने के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था। आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय की स्थापना के लिए 11.79 करोड़ रुपए प्रावधानित। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने की योजना है।

# निर्माण कार्यों में कोताही नहीं

## ● सीडीओ ने की निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा, दिए निर्देश



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. की अध्यक्षता में 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की निर्माणपरक परियोजनाओं की माह जनवरी तक की अद्यतन प्रगति की समीक्षा विकास भवन सभागार कक्ष में की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों को तेजी से करनेए शिफ्ट बढ़ाये जाने तथा समय अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को दिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष भौतिक प्रगति होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि जिन कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की प्रगति ठीक नहीं हैए उन्हें नोटिस जारी किया जाएए साथ ही जिन कार्यदायी संस्थाओं के उच्च अधिकारी मीटिंग में प्रतिभाग नहीं किये हैए उनको भी नोटिस दी जाए। उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा बैठक में सभी कार्यदायी संस्थाओं के उच्च अधिकारी जरूर प्रतिभाग करें। इस दौरान सीडीओ ने अलग.अलग कार्यदायी संस्थाओं से उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संस्थाओं को समय के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी निर्माण कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता एवं मानक पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की गुणवत्ता या मानक में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिन कार्यदायी संस्थाओं का कार्य धीमा है, उन्हें मजदूरों की संख्या बढ़ाकर तेजी से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अर्थ एवं संख्याधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि अगली बैठक में कार्यदायी संस्था के साथ जिन विभागों की योजनाओं का कार्य चल रहा है, उनके अधिकारियों को भी बैठक में बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा सभी परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा, निरीक्षण के दौरान यदि कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके सिंह आदि अधिकारी गण एवं कार्यदाई संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गयारहवी की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्वे में अज्ञात कारणों के चलते दादी के साथ रह रही ग्यारहवी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राठ क्षेत्र के गल्हिया गांव निवासी सियाराम राजपूत की लड़की आकाशी (17) जीआरवी इंटर कॉलेज में कक्षा 11वीं की छात्रा थी। वह तीन दिन पहले चरखारी रोड सिकंदरापुरा मोहल्ला स्थित अपनी दादी शिवकली राजपूत के घर रहने चली गई थी। सोमवार को जब उसकी दादी शिवकली घर से बाहर गई। तभी पुत्री आकाशी ने जाल के सहारे साड़ी का फंदा डालकर फांसी पर लटका गई। जब दादी कमरे के अंदर पहुंची। तब उसे फंदे पर लटका देख चीख पड़ी। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और आनन फानन में उसके शव को फंदे से उतरा। तब तक उसकी मौत हो गई। बताया कि आकाशी पहली पत्नी मालती की पुत्री थी। 13 साल पहले बीमारी से मालती की मौत हो गई थी।

# अधिकारी स्वयं रुचि लेकर एमओयू जीबीसी को करें तैयार: जिलाधिकारी




**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वर देवी सभागार कक्ष में इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त एमओयू को प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने उद्यमियों द्वारा कुल 218 एमओयू में से कुल हस्ताक्षरित 214 एमओयू के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु अथक प्रयास किये जायें। जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए भूमि संबंधित विवादों को शीघ्र निस्तारित कराते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु प्रत्येक एमओयू के अभिलेख वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एमओयू के संबंध में संबंधित उद्यमी से नियमित वार्ता कर उनके कार्य में आ रही बाधाओ को दूर कर उनको जमीनी हकीकत में भी तब्दील किये जाने हेतु इन्वेस्टर्स की हर संभव मदद की जाए जिससे अधिक से अधिक एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हो सकें। जनपद को कुल प्राप्त 218 एमओयू में जिसके माध्यम से कुल 10731.59 करोड़ के निवेश प्राप्त होने थे जिसमें से अभी तक मात्र 103 एमओयू जीबीसी हेतु तैयार बताए गए जिसके माध्यम से मात्र 3903.36 करोड़ के निवेश की पुष्टि हो पाई है। जिलाधिकारी द्वारा इस संबंध में सबसे बड़े निवेश हेतु यूपीसीडा को प्राप्त कुल 15 निवेशकों द्वारा कुल 4902 करोड़ के निवेश में से मात्र 09 निवेश ही ऑनलाइन जीबीसी हेतु तैयार दिखाए जा रहे है जिनमें से 04 निवेशकों को भूमि न मिलने से प्रगति में कमी के दृष्टिगत नाराजगी व्यक्त करते हुए यूपीसीडा, एमडी को तत्काल पत्र भेजे जाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होमे कहा कि जनपद की प्रगति में कमी प्रदर्शित करने वाले विभागों के प्रति सख्त रवैया अपनाया जाएगा।

# किसानों को चिन्हित कर क्लस्टर बनाकर निर्यात को दें बढ़ावा: डीएम

**फतेहपुर।** उ.प्र. कृषि निर्यात नीति 2019 के अंतर्गत कृषि निर्यात को बढ़ावा देने एवं प्रगतिशील कृषकों, एफपीओ, एफपीसी, एनजीओ एवं अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। शासन की मंशानुरूप कृषि उत्पाद के निर्यात को दोगुना करने के दृष्टिगत जिला क्लस्टर सुविधा इकाई द्वारा जनपद में अमौली ब्लाक में हरीमिर्च एवं केला के लिए भिटौरा ब्लाक के किसानों/एफपीओ को चिन्हित करते हुए क्लस्टर बनाकर कृषि निर्यात कराये जाने के निर्देश दिये। जिला उद्यान अधिकारी एवं उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि उक्त ब्लाकों में गोष्ठी व जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाये जिससे किसान जागरूक होकर अपनी आय बढ़ा सकें।

बैठक में मलवां के पेडे के जीआई (भौगोलिक उपदर्शन) में पंजीकरण कराने की प्रगति पर चर्चा की गई जिसमें पद्मश्री डा. रजनीकान्त द्विवेदी, जीआई विशेषज्ञ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया और पेडा उत्पादकों की सोसाईटी बनाते हुए आवेदन की प्रकिया को पूर्ण कराने संबंधी जानकारी दी। डीएम ने उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र को दुग्ध विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर आवेदन कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। जनपद में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को निर्यातक के रूप में विकसित करने हेतु कृषि निर्यात की प्रकिया और प्रपत्रों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कृषि निर्यात को बढ़ावा देने हेतु उत्पादों की गुणवत्ता परीक्षण करने की व्यवस्था के लिए मे. बहिरामपुर प्रोडियूसर कं.लि. के निदेशक मनोज कुमार गांधी ने जनपद में एक एनएबीएल प्रयोगशाला की मांग रखी।

# आम बजट: किसी को अच्छा, किसी को लगा गच्चा

## ● प्रदेश के सबसे बड़े बजट को लेकर सामने आई प्रतिक्रिया

**फतेहपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 का 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपये का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। यह प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट रहा लेकिन महंगाई को लेकर इस बजट में कोई कदम नहीं उठाया गया। यही वजह रही कि जनता ने इसे सामान्य बजट करार दिया तो विपक्ष ने इसे जनकल्याणकारी मानने से इंकार किया। कहा गया कि चुनावी दृष्टिकोण से इसे लागू किया गया है। मंहगाई की मार से जनता को निजात नहीं मिलनी है। बजट को लेकर सुबह से ही घरों पर लोग टेलीवीजन से चिपके रहे। किसी ने बजट को सराहा तो किसी ने बजट को गच्चा देने वाला बताया।

जनता की बात: नेहरू युवा संगठन टीसी अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने बताया कि बजट, सामान्य रहा। जिसमें सभी वर्ग को ध्यान में रखा गया। मंहगाई को लेकर कोई वर्क आउट नहीं हुआ। इस पर कुछ होता तो बजट की बात ही कुछ और होती।

उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा कहते हैं आम और खास की रसोई को नजर अंदाज किया गया है। रसोई की वस्तुओं पर रियायत नहीं की गई है। जबकि इसकी नितांत आवश्यकता थी। जिले के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। विपक्ष का बजट पर वार, कहा नहीं रखा गया जनता का ध्यान: प्रदेश सरकार के अब तक के सबसे बड़े सालाना बजट को लेकर सारा दिन आम जनता की निगाहें टेलीविजन पर लगी रही। भाजपा ने इस बजट को जनकल्याण बजट करार दिया तो विपक्ष बजट के हरेक बिंदु पर गौर फरमाते हुए सवाल उठाता नजर आया। भाजपा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने योगी सरकार के बजट को आमजन का बजट बताया। कहा कि इस बजट में हर वर्ग के लिए काम किया गया है। चाहे बात युवा की हो या फिर किसान की। बजट में कई ऐसे फैसले लिए गए हैं जिनके दूरगामी परिणाम देखने वाले होंगे।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने कहा कि इस बजट से महंगाई से कितनी राहत मिलेगी। न तो इस बात का जिक्र है और न ही किसान की चोरी होने वाली बोरी के बारे में कुछ किया गया है। अमीरों के लिए बनाया गया बजट है। जिसमें 90 प्रतिशत अमीरों के लिए और 10 प्रतिशत वंचितों के लिए बजट आवंटन किया गया है। सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने इस बजट को बेमकसद करार दिया। बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है। जिससे आम जनता को फायदा होगा। मौजूदा सरकार जनता को बरगलाने का काम कर रही है। लोकसभा के चुनाव में इस सरकार को अपनी हैसियत का पता चल जाएगा। बसपा जिलाध्यक्ष नीरज पासी ने भी इस बजट को लेकर कोई खास प्रक्रिया नहीं व्यक्त की। जिले के लिए ऐसा कुछ इस बजट में सुनने को नहीं मिला। जिससे यहां की जनता की उम्मीदें परवान चढ़ सकती। महंगाई को लेकर इस सरकार ने कुछ नहीं किया।

## बाग में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के समीप सेउडहरी बाग में एक युवक का एक पेड़ में लटकता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। परिजनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया और जांच में जुट गयी। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना अंतर्गत खरगूपुर गांव निवासी राजू लगभग 35 वर्षीय पुत्र पितांबर पासवान का सुबह गांव के लगभग 20 किलोमीटर दूर खागा कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के सेउडहरी बाग के महुआ के पेड़ एक रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि पांच जनवरी को सुबह पेड़ में लटकता हुआ शव मिलने से लोगों का तांता लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और जांच में जुट गयी।

## क्विक न्यूज

### अधिकारी प्रत्येक दशा में अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण अवश्य करें: जिलाधिकारी

**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महर्षि बामदेव सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति/निपुण भारत मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रेरणा प्रणाली के अन्तर्गत सभी संबंधित अधिकारी प्रत्येक दशा में अपने.अपने क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण अवश्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं सफाई व्यवस्था व भवन की स्थिति तथा विद्युत आपूर्ति को अवश्य चेक करते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत नगर पंचायत बिसण्डा/ओरन में कक्षा.कक्ष में टायलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने दिव्यांग शुलभ शौचालय को निर्माण कराये जाने एवं फर्नीचर एवं डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालयों को निपुण बनाये जाने हेतु चिन्हित कमजोर बच्चों की बुद्धवार एवं शनिवार को रिवीजन क्लास कराये जाने के निर्देश दिये तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाये जाने हेतु खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कमासिन में एकेडमिक ब्लाक के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था यूपीसिडको को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महुआ के अवशेष कार्य को 15 दिनों में पूर्ण कराये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिये। उन्होंने विद्यालयों में समुचित साफसफाई व्यवस्था बुद्धवार एवं शनिवार को अध्यापकों की उपस्थिति में सफाई कर्मियों द्वारा कराये जाने तथा विद्यालयों में छात्रछात्राओं की उपस्थिति भी शत.प्रतिशत रखे जाने हेतु समय से पीटीए मीटिंग का संचालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने मिड.डे.मील के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन तथा निर्धारित तिथि में फल का वितरण भी किये।

### चार दिन से गायब किसान का शव क्षत विक्षत गड्ढे में दफ्न मिला, हत्या की आशंका

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां क्षेत्र के इकठौर गांव के पास चार दिन से गायब किसान का शव हत्या कर एक गड्ढे में दफ्न कर दिया गया था, पुलिस ने क्षत विक्षत हालत में शव को बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के इटौरा गांव निवासी मान सिंह (45) एक फरवरी को इकठौर गांव निवासी संतोष राजपूत से बलकट दिये खेत के रुपये लेने गया था तब से वह अचानक गायब हो गया इस पर मानसिंह के बड़े भाई हुमन सिंह रविवार को थाने में जाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। सोमवार को मान सिंह का शव खेत में क्षत विक्षत हालत में पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के भाई हुमन सिंह ने बताया कि खेत मालिक उत्तम सिंह ने उसके भाई के सिर पर पत्थर से कुचल कर हत्या की है। और शव को जलाकर खेत में दफ्न कर दिया है। पुलिस का मानना है कि खेत में तारबाड़ी में करंट लगने से युवक की मृत्यु हो गयी है। शव को छिपाने के लिये खेत में दफ्न कर दिया गया है। सीओ सरीला आशीष कुमार का कहना है कि मामले की रिपोर्ट तहरीर के आधार पर दर्ज की गयी है मामले की छानबीन शुरु कर दी गयी है। गहराई से जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस के लोकसभा कोऑर्डिनेटर बने शैलेन्द्र चर्तुर्वेदी

**कानपुर देहात।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अभी से अपनी तैयारियों को धार देने में लगी है। पार्टी ने पुखरायां के शैलेंद्र चतुर्वेदी को कानपुर नगर कोर्डिनेटर नियुक्त किया है। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा क्षेत्रों के लिए अभी से समन्वयकों की नियुक्ति करना शुरू कर दिया है। पार्टी हाईकमान ने कोर्डिनेटर को निर्देश दिए हैं कि अपने.अपने क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिति का आकलन करके शीघ्र ही शीर्ष नेतृत्व को फीडबैक दें। पुखरायां निवासी शैलेन्द्र चर्तुर्वेदी को लोकसभा चुनाव में कानपुर नगर की जिम्मेदारी दी गई है। बताते चले कि शैलेन्द्र लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हैं। पिछले दो दशक से कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अहम जिम्मेदारियां दी हैं।पूर्व में प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य से लेकर प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत रह चुके हैं।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष कस्बा निवासी नाजिम अली लगभग 40 वर्ष सुबह घर के बाहर मंजन करते समय आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार को सुबह समय लगभग 7 बजे अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली ऊपर गिर गयी। जिसके कारण मौके पर मौत हो गयी। मौत की घटना सुनते ही देखने वालों का तांता लग गया। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व मुम्बई से अपने घर आया था। वहां परिवार का भरण-पोषण हेतु गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मैलानी** थाना क्षेत्र अंतर्गत टेडवा टिकट के करीब अज्ञात कर द्वारा बाइक में टक्कर मार देने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत दो युवक बाइक से कहीं जा रहे थे। दोनों ही युवक कलाबाज़ बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक टेडवा विकेट के आगे उनकी बाइक में किसी कर ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की सूचना पर संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर मौके पर पहुंचे। दोनो को सीएचसी गोला भिजवाया। जहां दोनो को मृत घोषित कर दिया गया। मैलानी थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी भी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे।

# नगरवासियों के लिए समस्या बना जाम का भयंकर झाम



जाम में फंसी एम्बूलेंस व राहगीर सहित वाहन।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर में दिन प्रतिदिन जाम की समस्या विकराल होती जा रही है। नगर के मुख्य मार्गो पर लगनें बाले जाम से दुकानदार व राहगीर पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं और अब इस झंझट से निजात पाना चाहते हैं। जाम के कारण राहगीर, बच्चे, मरीज आदि परेशान हो रहे हैं। सोमवार को ऐसा ही एक नजारा उस समय देखनें को मिला जब मुख्य चौराहे पर लगे जाम में पुलिस चौकी के निकट काफी देर तक एम्बूलेंस मरीज को लिये खडी रही। जिसके चलते मरीज लेकर जा रही एम्बूलेंस के चालक द्वारा सायरन बजाया गया बडी मशक्कत के बाद एम्बूलेंस निकल पाई। मुख्य चौराहे पर लगनें बाले जाम से अन्य सडकों पर भी आवागमन बाधित रहा। जिससे लोगों व वाहनों को जाम के झाम में फसकर काफी समय तक इंतजार करना पडा। नागरिकों व्यापारी नेता राकेश चन्द्र वर्मा, विजय दुवे, शिवमराज वर्मा, गगन मनीष, रंजीत गुप्ता, आयुष पंण्डित, आशीष सविता, विकास गुप्ता, आलोक गुप्ता आदि नें जिला प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलाये जानें की मांग की है।

# डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



## ● तलाशी में नहीं मिली कोई अवांक्षनीय सामग्री

**फतेहपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी सी. इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरुद्ध महिला, पुरूष बैरिक, वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता आदि को देखा। उन्होंने निरुद्ध महिला व पुरूष बन्दियों के थैलों की सघन तलाशी कराई। जहां कोई अवांक्षनीय सामाग्री नहीं पायी। उन्होंने जेल अधीक्षक से कहा कि रसोईघर से निकलने वाले वेस्ट मैटेरियल, सब्जी के छिलके आदि से खाद बनाई जाये।

साथ ही कहा कि जिन बन्दियों को विधिक सहायता की आवश्यकता है, को उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने वीसी के माध्यम से जेल में निरुद्ध बंदियों की सुनवाई के हेतु वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में जाकर वीडियो कांफ्रेंसिंग से निरुद्ध बंदियों की हुई सुनवाई का रजिस्टर का अवलोकन किया एवं जानकारी ली। साथ ही जेल परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की। सभी सीसीटीवी कैमरे चलते हुए पाए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मो0 अकरम, जेलर सुरेश चंद्र, डिप्टी जेलर कृपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कन्या जन्मोत्सव: उत्साह, उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सवए लिया बेटियों को बचाने, पढ़ाने का संकल्प



**लखीमपुर खीरी।** बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना पखवाड़ा के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग अनुपात में सुधार को लेकर सोमवार को जिला महिला अस्पताल पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआए जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठानए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडरए बधाई पत्र आदि प्रदान किए। जिला महिला चिकित्सालय में एसडीएम रेणु मिश्रा ने सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्राए डीपीओ संजय कुमार निगम के साथ नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट का वितरण किया। वही नव जन्मी कन्याओं के अभिभावकों से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया गया।

एसडीएम रेणु मिश्रा ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देशए समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ज्योति मेहरोत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता.पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए। जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे आने वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता.पिता का ज्यादा ख्याल रखती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने कहा कि बेटियां लक्ष्मीए सरस्वती एवं दुर्गा मां का स्वरूप होती हैं। उनके होने भर से घर की शोभा बढ़ जाती है। बेटियों के जन्म पर बेटों के जन्म जैसा ही उत्सव मनाना चाहिए। रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रचार.प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा विष्ट व जिला समन्वयक निक्की गुप्ता, पैरामेडिकल स्टाफ रीमा वर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा वर्मा, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्माए नर्स मैटर प्रज्ञा सहित चिकित्सालय का स्टाफएवं नव जन्मी कन्याओं के अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यकम में किया जागरूक

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टीम डी.एम.एच.पी के द्वारा ब्लॉक तालग्राम के कस्बा गुरसहायगंज स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों में से मनपरी तथा मनदूत के रूप में चयन किया गया तथा उनको ट्रॉफी व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तथा अध्यापकगण का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. ओपी गौतम तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम से सुश्री सृष्टि नंदा, नैदानिक मनोवैज्ञानिक सुश्री निकिता तंवर, सोशल साइकाइट्रिक वर्कर तथा अभिषेक कुमार साइट्रिक नर्स के द्वारा बच्चों को मानसिक रोगों के विषय में जानकारी दी गई।

# विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व गोष्ठी का आयोजन




**लखीमपुर खीरी।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में एक जागरूकता कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन सोमवार को जिला पुरुष चिकित्सालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने की। इस दौरान एनसीडी नोडल जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ शिशिर पांडे और जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने बीएससी नर्सिंग और एएनएम की पढ़ाई कर रही छात्राओं को कैंसर होने के कारण और उसके उपचार को लेकर जागरूक किया। इस दौरान सृजन नर्सिंग इंस्टीट्यूट व बन बीट नर्सिंग इंस्टीट्यूट की छात्राओं ने कैंसर को लेकर बनाए गए अपने प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया और उसके बारे में बताया।

क्लोज द केयर गैप की थीम पर जिला पुरुष चिकित्सालय में इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को दिवस पर आयोजित गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सृजन नर्सिंग इंस्टीट्यूट व बन बीट नर्सिंग इंस्टीट्यूट के बच्चों ने कैंसर को लेकर विभिन्न प्रोजेक्ट डॉक्टर्स के सामने प्रस्तुत कर उनके बारे में विस्तार से बताया। वहीं इस दौरान एनसीडी नोडल जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ शिशिर पांडे इस वर्ष की थीम क्लोज द केयर गैप पर बोलते हुए कहा कि कैंसर के मरीजों को लेकर बहुत से लोग भेदभाव करते हैंए उन्हें हीन भावना से देखते हैंए जबकि उनके साथ ऐसा करना बेहद गलत है। कैंसर के रोगियों के साथ लोगों को अच्छा व्यवहार करना चाहिए। जिससे उन्हें इलाज में भी काफी मदद मिलती है। कैंसर को छिपाना शायद लोगों में इसीलिए आज एक प्रचलन सा बन गया है, क्योंकि ऐसे मरीजों को कुछ लोग समाज से अलग.अलग करने की कोशिश करते हैं। जिसके कारण इलाज में मरीज दूरी बनाने लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि पान, पुड़िया, सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, खैनी, गुटखा, सिगरेट, शराब आदि का सेवन भी तमाम तरह के कैंसर का कारण बनता है। जिनमें शरीर के अलग.अलग अंगों सहित महिलाओं के विभिन्न अंगों के कैंसर शामिल हैं। वर्तमान समय में पानए पुड़ियाए मसालाए खैनीए खाने वालों के कारण मुंह के कैंसर के मामले अधिकतर सामने आ रहे हैं। इसके अलावा स्मोकिंग करने वालों में गले का कैंसर और चेस्ट कैंसर जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। अल्कोहल के कारण लीवर व अन्य कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। सिर्फ इनसे दूरी बनाकर तमाम तरह के कैंसर से बचा जा सकता है। इसके साथ.साथ कई बार हमारा खान.पान भी तमाम तरह के कैंसर का कारण बनता है। इसलिए हमें अपने खान.पान को भी सुधारना आवश्यक है। जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवाओं और बुजुर्गों में भी कैंसर जैसी बीमारी फैल रही है। कई बार इनके फैलने का कारण लंबे समय तक इलाज से दूरी को भी देखा गया है। लोग समस्या का पता चलने के बाद भी काफी समय तक यह नहीं मनाना चाहते कि उन्हें कैंसर जैसी बीमारी हो गई है। जिस कारण वह पहली स्टेज से दूसरी और फिर तीसरी और अंतिम स्टेज तक पहुंच जाते हैं। जिसके बाद उस व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। ऐसे में जरूरी है कि इलाज बीमारी का पता चलते ही शुरू कर दिया जाए।

# ज्ञानवापी परिसर के अन्य बंद तहखानों का भी एएसआई से सर्वेक्षण कराने की याचिका



**वाराणसी।** वाराणसी जिला न्यायाधीश की अदालत में एक महिला ने सोमवार को याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग की है। जिला अदालत ने अर्जी पर सुनवाई के लिए छह फरवरी की तारीख तय की है। विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और मां श्रृंगार गौरी मामले में एक पक्षकार राखी सिंह ने यह याचिका दाखिल की है, जिनकी पहले की एक याचिका पर एएसआई सर्वेक्षण हुआ था। राखी सिंह के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को दाखिल की गई याचिका में अनुरोध किया गया है कि ज्ञानवापी परिसर में बंद सभी तहखानों एएसआई से सर्वेक्षण कराया जाए। उन्होंने बताया कि आवेदन में बंद भूतल का नक्शा भी शामिल किया गया है। अर्जी में कहा गया है कि तहखानों के अंदर गुप्त तहखाने हैं, जिनका सर्वेक्षण करना जरूरी है ताकि ज्ञानवापी का पूरा सच सामने आ सके। पांच महिलाओं की पूर्व याचिका के आधार पर, एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण किया था। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ज्ञानवापी मस्जिद का तहखाना खोल दिया गया और काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के पुजारियों ने पूजा शुरू कर दी है।

## व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की याचिका पर 8 फरवरी को होगी सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की मांग करने वाली इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में शुरू की गई पूजा को रोकने के लिए इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से एक फरवरी को जिला जज की अदालत में अर्जी दी गई थी। इस अर्जी में कहा गया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर पुनरीक्षण याचिका दाखिल की जाएगी। सोमवार को जिला जज की अदालत में हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के प्रभारी न्यायाधीश अनिल कुमार (पंचम) के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि जब इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में चल रही है, तो इसे यहां सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस मामले में उच्च न्यायालय में सुनवाई को देखते हुए प्रभारी जिला जज ने यहां मामले की सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है।

## ज्ञानवापी मस्जिद के साइन बोर्ड पर मंदिर का स्टिकर चिपकाने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी हुई दर्ज

**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के साइन बोर्ड पर मस्जिद की जगह कथित तौर पर मंदिर का स्टिकर चिपकाने वाले हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश सचिव पर धार्मिक भावनाएं भड़काने सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस की एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) प्रज्ञा पाठक ने बताया कि एक अदालत के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ शुरू होने के बाद एक वीडियो सामने आया था। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में एक व्यक्ति ज्ञानवापी मस्जिद के साइन बोर्ड पर मस्जिद की जगह मंदिर का स्टिकर चिपकाते हुए देखा गया था। पाठक ने बताया कि उस व्यक्ति की पहचान हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश सचिव रोशन पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस ने रोशन पांडेय पर धारा 153 ए (दो समूहों के बीच धार्मिक भावनाएं भड़काने), 505(दो) (किसी धार्मिक समूह के बारे में उल्टी सीधी खबर फैलाना), 295(ए) (जानबूझकर धार्मिक भावनाएं भड़काना) सहित आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एसीपी ने कहा कि पुलिस आरोपी रोशन पांडेय की तलाश कर रही है।

# विपक्ष ने सत्तापक्ष पर धार्मिक विभाजन का आरोप लगाया

## भाजपा बोली: देश में चौतरफा विकास

**भाषा।** नई दिल्ली



**लोकसभा में** सोमवार को विपक्षी सदस्यों ने सत्तापक्ष के विकास के दावों पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनावी लाभ के लिए धार्मिक विभाजन का सहारा ले रही है। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर 70 वर्षों में देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का पाप करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ चौतरफा विकास कर रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर शुक्रवार को अधूरी रही चर्चा को आगे बढ़ाते हुए शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्णे ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि पिछले 10 वर्षों से तेजी से निरंतर विकास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सत्यपाल सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने धर्म के नाम पर बंटवारा किया, भाषा के नाम पर राज्य बनाए और जातियों के नाम पर समाज को बांट दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ए पाप किए हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस ने अंग्रेजों की नीतियों को अपनाया। सिंह ने कहा, देश का इंडिया नाम खत्म किया जाना चाहिए। इस देश का नाम भारत है। इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस सांसद बेनी बेहनन ने दावा किया कि पिछले संसद सत्र में करीब 150 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया और विपक्ष की गैरमौजूदगी में कई विधेयकों को पारित करवाया गया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार संसद को नजरअंदाज करती है। उन्होंने दावा किया कि कृषि क्षेत्र में बजट आवंटन को लगातार कम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री लगातार मोदी की गारंटी की बात करते हैं। लेकिन आज रोजगार की गारंटी क्या है?...मणिपुर के लोगों के लिए मोदी की गारंटी क्या है? बेहनन ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के शामिल होने का उल्लेख करते हुए दावा किया कि धर्म और सरकार को आपस में जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा, राजनीति और धर्म अलग-अलग होने चाहिए। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए धार्मिक विभाजन कर रही है। जनता दल (यूनाइटेड) के आलोक कुमार सुमन ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के फैसले के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने अनुरोध किया कि आउटसोर्सिंग नौकरियों में भी आरक्षण की व्यवस्था की जाए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की शताब्दी रॉय ने कहा कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन सच्चाई इसके उलट है। उन्होंने कहा कि आज महिला, युवा और गरीब सबसे ज्यादा परेशान हैं। रॉय ने कहा, सरकार को बताना चाहिए कि उज्ज्वला योजना के तहत कितने लोगों ने सिलेंडर को फिर से भरवाया है? उन्होंने दावा किया, सत्तापक्ष के लोग भगवान राम की बात करते हैं। यह अच्छी बात है। लेकिन माता सीता कहां हैं? टीएमसी सांसद ने कहा, भाजपा के लोग बोल रहे हैं कि मोदी जी राम को लाए हैं। यह अच्छी बात है कि एक व्यक्ति इतने शक्तिशाली हैं कि भगवान को ला सकते हैं। मेरा सवाल है कि वह विदेश भागे कुछ लोगों को क्यों नहीं ला रहे? रॉय ने कहा कि भाजपा के जिस सांसद की सिफारिश पर संसद में प्रवेश करके दो युवक सदन में कूदे थे, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई।

# मानहानि मामले को स्थानांतरित करने की तेजस्वी की याचिका पर कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद की एक अदालत में लंबित आपराधिक मानहानि के मामले को राज्य के बाहर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।तेजस्वी ने कथित तौर पर केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं टिप्पणी की थी, जिसको लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं। इसी मामले को उन्होंने विशेष रूप से दिल्ली में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी द्वारा दायर माफी के ताजा बयान को भी दर्ज पर लिया। पीठ ने कहा, हम आदेश पारित करेंगे। शीर्ष अदालत ने 29 जनवरी को यादव को अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को वापस लेते हुए एक उचित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था। यादव ने 19 जनवरी को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपनी कथित गुजराती ठग वाली टिप्पणी वापस ले ली थी। शीर्ष अदालत ने राजद नेता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्व में आपराधिक मानहानि शिकायत को लेकर कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और इसे दायर करने वाले, गुजरात के निवासी हरेश मेहता को नोटिस जारी किया था। मेहता एक स्थानीय कारोबारी और कार्यकर्ता हैं।कथित आपराधिक मानहानि के लिए तेजस्वी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 और 500 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली

**प्रयागराज।** न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां मुख्य न्यायाधीश के अदालत कक्ष में एक सादे समारोह में न्यायमूर्ति भंसाली को मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद 21 नवंबर, 2023 को न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हुआ था। न्यायमूर्ति भंसाली का जन्म 15 अक्टूबर, 1967 को हुआ और उन्होंने आठ जुलाई, 1989 को अधिवक्ता के तौर पर अपना नामांकन कराया। इसके बाद वह आठ जनवरी, 2013 को राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए।

# चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल: निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों से कहा कि वे पोस्टर एवं पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें।राजनीतिक दलों को भेजे परामर्श में निर्वाचन आयोग ने दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरीके से बच्चों का इस्तेमाल किए जाने के प्रति अपनी कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति से अवगत कराया।आयोग ने कहा कि नेताओं और उम्मीदवारों को प्रचार गतिविधियों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी तरीके से नहीं करना चाहिए, चाहे वे बच्चे को गोद में उठा रहे हों या वाहन में या फिर रैलियों में बच्चे को ले जाना हों।




आयोग ने एक बयान में कहा, किसी भी तरीके से राजनीतिक प्रचार अभियान चलाने के लिए बच्चों के इस्तेमाल पर भी यह प्रतिबंध लागू है, जिसमें कविता, गीत, बोले गए शब्द, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के प्रतीक चिह्न का प्रदर्शन शामिल है। आयोग ने कहा कि लेकिन यदि कोई नेता जो किसी भी राजनीतिक दल की चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है और कोई बच्चा अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ उसके समीप केवल मौजूद होता है तो इस परिस्थिति में यह दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयोग के प्रमुख हितधारकों के रूप में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर लगातार जोर दिया है। उन्होंने खासकर, आगामी संसदीय चुनावों के मद्देनजर लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में उनसे सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया है।

बच्चों से संबंधित यह परामर्श ऐसे समय में जारी किया गया है जब कुछ दिन पहले ही आयोग ने राजनीतिक दलों को दिव्यांगों के प्रति सम्मानजनक संवाद रखने की सलाह दी थी।आयोग ने पार्टियों और उम्मीदवारों को बाल श्रम से संबंधित संबंधित कानूनों की भी याद दिलाई और उनसे कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।आयोग ने कहा कि 2014 में बंबई उच्च न्यायालय ने भी यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया था कि राजनीतिक दल चुनाव संबंधित किसी भी गतिविधि में नाबालिग बच्चों की भागीदारी की अनुमति नहीं दें।राजीव कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद से आयोग राजनीतिक दलों की विभिन्न गतिविधियों को सुचारू बनाने के उद्देश्य से निर्देशों को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है।

## उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में मत पत्रों के विरूपित किए जाने को लोकतंत्र का माखौल बताया

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ महापौर चुनाव में मतपत्रों को कथित तौर पर विरूपित करने की घटना को उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को लोकतंत्र का माखौल करार देते हुए आदेश दिया कि मतपत्रों और चुनावी कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित रखा जाए। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पार्षद की याचिका का संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने नगर निकाय सहित चंडीगढ़ प्राधिकारियों को नोटिस जारी किए। आप के पार्षद ने चुनावों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनावी कार्यवाही का वीडियो देखने के बाद नाराजगी जताई और कहा कि प्रथम दृष्टया, निर्वाचन अधिकारी ने मत पत्रों को विरूपित किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह लोकतंत्र का माखौल है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। हम लोकतंत्र की इस तरह हत्या नहीं करने देंगे। पीठ ने आदेश दिया कि मत्र पत्र और कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिंग संरक्षित रखी जाए। आप के एक पार्षद ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें चंडीगढ़ महापौर चुनाव नए सिरे से कराने के पार्टी के अनुरोध पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठजोड़ के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था।

## शादी टूटने से बच्चे के माता-पिता का दर्जा समाप्त नहीं हो जाता : दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि शादी टूटने का मतलब यह नहीं है कि बच्चे के माता-पिता का दर्जा भी समाप्त हो जाएगा। अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को मंजूर कर लिया जिसमें उसने नाबालिग बेटे के स्कूल रिकॉर्ड में अपने नाम को बरकरार रखने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब व्यक्ति जीवित है तो इस बात का कोई औचित्य नहीं है कि उसकी पूर्व पत्नी अपने बेटे के स्कूल में दाखिले से संबंधित फार्म में पिता का नाम हटवाकर अपने दूसरे पति का नाम चढ़वा दे।अदालत ने कहा कि महिला चूंकि नाबालिग की मां है इसलिए उसके पास स्कूल दस्तावेजों में अपना नाम लिखवाने का पूरा अधिकार है, लेकिन उसे यह अधिकार नहीं है कि वह व्यक्ति को बच्चे के पिता के रूप में दस्तावेजों में अपना नाम बरकरार रखने के अधिकार से वंचित कर दे। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने कहा, शादी टूटने से उस बच्चे के माता-पिता का दर्जा समाप्त नहीं हो जाता जो उसी विवाह से जन्मा हो। अदालत ने कहा कि व्यक्ति की बच्चे के पिता के रूप में स्कूल के रिकॉर्ड में उसके नाम को बरकरार रखने की याचिका को खारिज नहीं किया जा सकता।

# पेज एक का शेष

### 2024 के लिए...

वे अपने आपको शासक मानते रहे और जनता जनार्दन को कमतर आंकते रहे, छोटा आंकते रहे। उन्होंने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि वह मानते थे कि देश के लोग आलसी हैं और उनमें दूसरे देशों के नागरिकों के मुकाबले कम अक्ल है। मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि दुर्भाग्यवश हमारी आदत यह है कि जब कोई शुभ काम पूरा होने को होता है तो हम आत्मतुष्टि की भावना से ग्रस्त हो जाते हैं और कठिनाई आने पर नाउम्मीद हो जाते हैं। कभी तो ऐसा लगने लगता है कि पूरे राष्ट्र ने पराजय भावना को अपना लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस के लोगों को देखकर लगता है कि इंदिराजी देश के लोगों का सही मूल्यांकन नहीं कर पाईं, लेकिन कांग्रेस का सही आकलन उन्होंने किया था। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की ओर इशारा करते हुए कहा, कुछ दिन पहले भानुमति का कुनबा जोड़ा गया लेकिन फिर एकला चलो रे करने लग गए। कांग्रेस के लोगों ने नया-नया मोटर मैकेनिक का काम सीखा है और इसलिए एलाइनमेंट का ज्ञान तो उन्हें हो गया होगा लेकिन मैं देख रहा हूं कि अलायंस का ही एलाइनमेंट बिगड़ गया। इनको अपने इस कुनबे में अगर एक दूसरे पर विश्वास नहीं है तो ये लोग देश पर विश्वास कैसे करेंगे। हमें देश के सामर्थ्य पर, लोगों की शक्ति पर भरोसा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहले कार्यकाल में संप्रग के समय के गड्ढे भरने में समय और शक्ति लगाई, दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे। उन्होंने पहले कार्यकाल में लागू स्वच्छ भारत, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सुगम्य भारत, डिजिटल इंडिया जैसी अनेक योजनाएं भी गिनाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल में देश ने अनुच्छेद 370 खत्म होते हुए देखा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होते देखा, अंतरिक्ष से ओलंपिक तक एवं सशस्त्र बलों से संसद तक नारी शक्ति के सामर्थ्य की गूंज देखी। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक लोगों ने दशकों से अटकी, भटकी, लटकी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा होते देखा। अंग्रेजी शासन के पुराने कानून जो दंड प्रधान थे, उनसे हटकर न्याय संहिता तक प्रगति की। हमारी सरकार ने सैकड़ों ऐसे कानूनों को समाप्त किया जो अप्रासंगिक हो गए थे। उन्होंने कहा कि दूसरे कार्यकाल में भगवान राम न सिर्फ अपने घर लौटे, बल्कि एक ऐसे मंदिर का निर्माण हुआ जो भारत की महान सांस्कृतिक परंपराओं को नई ऊर्जा देता रहेगा। उन्होंने कहा, हमारी सरकार हर कोने में गरीबी को निकालने के लिए गरीब को समृद्ध बनाने के लिए अनेक प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ओबीसी के साथ अन्याय किया है, उसने अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के नेताओं का अपमान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दिनों कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की जिन्हें 1987 में नेता प्रतिपक्ष के रूप में स्वीकार करने से कांग्रेस ने मना कर दिया और कारण बताया कि वह संविधान का सम्मान नहीं करते।

### कांग्रेस पार्टी...

लोकसभा चुनावों की तैयारियों के बारे में ठाकुर ने कहा कि हालांकि इसका समन्वय पार्टी द्वारा किया जा रहा है, लेकिन उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भाजपा रणनीतिक गठबंधनों पर उत्सुकता से काम कर रही है और अधिक से अधिक पेशेवर लोग मोदी के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होने का साहस कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि जम्मू कश्मीर से 370 हटाने हो या राम मंदिर बनाना हो, करतारपुर कॉरिडोर हो या महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर। सभी वादों को पूरा करने से भाजपा की जनता में क्रेडिबिलिटी और बढ़ी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा का जनाधार बढ़ने का जिक्र करते हुए कहाकि आज तमिलनाडु में पार्टी रियल अपोजिशन के रूप में खड़ी होने में सफल रही है। वहाँ जनता आज भाजपा को ही विपक्ष के रूप में देख रही है। सत्ताधारी डीएमके के खिलाफ आज भाजपा ही सबसे मुखर है। दूसरी बात है कि स्ट्रेटजिक एलायंस का भी बड़ा फर्क पड़ता है। यात्राओं, विरोध प्रदर्शन और जनता की मांगों के जरिए भाजपा वहां विस्तार कर रही है। काशी तमिल संगमम से भी बहुत असर पड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा की लोकसभा सीटें इस बार बढ़ने वाली हैं। हालिया विधानसभा चुनाव में भी पार्टी का न केवल वोट प्रतिशत बढ़ा है, बल्कि सीटें भी बढ़ी हैं। बंगाल में भी भाजपा को 18 से ज्यादा सीटें आयेंगी। बंगाल में राजनीतिक हिंसा के सवाल पर कहा कि आप राज्य सरकार में होते हुए भाजपा कार्यकर्ता को मार सकते हो, घर जला सकते हो, लेकिन उतनी ही तीव्रता से कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए एकजुट होगा।

### योगी सरकार..

वहीं समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के बाद 15 हजार 103 करोड़ 89 लाख रुपए का घाटा अनुमानित है। इसके अलावा लोक लेखा से 5 हजार 500 करोड़ रुपए की शुद्ध प्राप्तियां भी अनुमानित हैं। साथ ही समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 9 हजार 603 करोड 89 लाख रुपए ऋणात्मक अनुमानित है। प्रारम्भिक शेष 38 हजार 189 करोड़ 66 लाख रुपए को हिसाब में लेते हुए अन्तिम शेष 28 हजार 585 करोड़ 77 लाख रुपए अनुमानित है। बजट में राजस्य बचत 74 हजार 147 करोड़ 07 लाख रुपए अनुमानित है। राजकोषीय घाटा 86 हजार 530 करोड़ 51 लाख रुपए अनुमानित है, जो वर्ष के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.46 प्रतिशत है।

### ग्रैमी...

दिस मूमेंट जून 2023 में रिलीज किया गया था। संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े पुरस्कार ग्रैमी अवॉर्ड्स का आयोजन करने वाली रिकॉर्डिंग एकेडमी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के अपने पेज पर यह घोषणा की। पोस्ट में कहा गया है, सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम विजेता दिस मूमेंट शक्ति को बधाई। हुसैन को शक्ति के अलावा पश्तो के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और एज वी स्पीक के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एल्बम का ग्रैमी पुरस्कार भी मिला। सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति की श्रेणी में आठ नामांकन थे जिसमें फालू का गीत अबन्डंस इन मिलेट्स शामिल था। इस गीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दिखाई दिए हैं। महान बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे राकेश चौरसिया ने अमेरिका के बेंजो वादक बेला फ्लेक और अमेरिकी बास वादक एडगर मेएर के साथ पश्तो और एज वी स्पीक के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते। हुसैन ने पश्तो के लिए पुरस्कार लेते वक्त कहा, प्रेम और संगीत के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। उन्होंने कहा, एकेडमी का शुक्रिया, हमें आज यह खूबसूरत संगीत देने के लिए इन सभी महान संगीतकारों का शुक्रिया। हमारे एक सदस्य बेला फ्लेक मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा, राकेश चौरसिया और एडगर मेएर तथा मैं अपनी तरफ से हम दिल से आभार व्यक्त करते हैं...हमारे परिवार यहां हैं और उनके बिना हम कुछ भी नहीं हैं। प्रेम, संगीत, सौहार्द के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। अमेरिका में स्थित रिकॉर्डिंग एकेडमी द्वारा आयोजित ग्रैमी अवॉर्ड्स में हुसैन की यह पहली जीत नहीं हैं। उन्होंने पहले भी विभिन्न श्रेणियों और एकल वर्ग में ग्रैमी पुरस्कार जीता है। महादेवन, राजगोपालन और सेल्वागणेश पुरस्कार लेने के लिए मंच पर आए जबकि मैकलॉघलिन समारोह में शामिल नहीं हुए और हुसैन एक और ग्रैमी पुरस्कार जीतने के बाद मंच के पीछे थे। महादेवन ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी संगीता को देते हुए कहा, हम आपको याद कर रहे हैं जॉन जी। जाकिर हुसैन, उन्होंने आज एक और ग्रैमी पुरस्कार जीता है। ब्वॉयज, ईश्वर, परिवार, दोस्तों और भारत का शुक्रिया। हमें भारत पर गर्व है। राजगोपालन ने इस पुरस्कार के लिए रिकॉर्डिंग एकेडमी का आभार जताया। स्लमडॉग मिलेनियर के लिए 2008 में दो ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले ए आर रहमान ने इंस्टाग्राम पर हुसैन, महादेवन और सेल्वागणेश के साथ एक सेल्फी साझा की। जाने-माने संगीतकार रहमान ने अपने पोस्ट में कहा, भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है...ग्रैमी विजेताओं उस्ताद जाकिर हुसैन (तीन ग्रैमी), शंकर महादेवन (पहला ग्रैमी) और सेल्वागणेश (पहला ग्रैमी) को बधाई। पुरस्कार समारोह में शामिल हुए तीन बार के ग्रैमी विजेता रिकी केज ने 2024 को ग्रैमी में भारत का वर्ष बताया। केज ने एक अलग पोस्ट में कहा, उस्ताद जाकिर हुसैन ने एक ही रात में तीन ग्रैमी पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। राकेश चौरसिया ने दो पुरस्कार जीते हैं। यह ग्रैमी में भारत के लिए बड़ा साल है...और मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे यह देखने का अवसर मिला। ब्रिटिश गिटारवादक मैकलॉघलिन ने हुसैन, भारतीय वायलिन वादक एल. शंकर और तालवादक टी एच विक्कू विनायकराम (सेल्वागणेश विनायकराम के पिता) के साथ मिलकर 1973 में शक्ति बनाया था। मृदंग वादक रामनाद वी राघवन के साथ इस संगीत बैंड ने 1975 में पहला एल्बम शक्ति जारी किया।इस संगीत बैंड की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि अभूतपूर्व अंतरमहाद्वीपीय सहयोग कहे जाने वाला शक्ति पूर्वी और पश्चिमी संगीतकारों को जोड़ता है। इस साल के ग्रैमी पुरस्कार का आयोजन रविवार रात को लॉस एंजिलिस में किया गया। अमेरिकी गायिका मारिया कैरी ने संगीत के क्षेत्र के सबसे बड़े ग्रैमी पुरस्कार समारोह का पहला पुरस्कार माइली सायरस को लावर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पॉप सोलो प्रस्तुति की श्रेणी में दिया। दुआ लीपा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समारोह का आगाज किया। सर्वश्रेष्ठ रैप प्रस्तुति का पुरस्कार किलर माइक को दिया गया। इसके बाद माइक ने माइकल के लिए सर्वश्रेष्ठ रैप एल्बम का पुरस्कार भी जीता।

### रामनगरी....

वे पिज्जा और बर्गर से अच्छी तरह परिचित हैं। इसलिए, पिज्जा और बर्गर के लिए प्रसिद्ध खाद्य श्रृंखला के आउटलेट अब अयोध्या में अपनी दुकानें स्थापित करने की योजना बना रहे हैं।' अयोध्या के भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि 311 आस्था स्पेशल ट्रेनें देशभर से श्रद्धालुओं को बालक राम के दर्शन के लिए लाएंगी। उन्हें उनकी पसंद का खाना मिल सके, इसके लिए प्रशासन व्यवस्था कर रहा है. इसलिए, वे यहां खाद्य श्रृंखला के लिए बोली आमंत्रित कर रहे हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण की चौधरी चरण सिंह घाट पर फूड प्लाजा बनाने की योजना है। श्रीवास्तव ने कहा, निर्माण कार्य शुरू हो गया है और फरवरी के मध्य तक आउटलेट तैयार हो जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 6 फरवरी 2024



# अगर किसी ने भारत की तरफ आंख उठाने की जुर्रत की तो उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे : राजनाथ

## कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्त करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया। चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं। सिंह ने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्त करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए। सिंह ने कहा, अगर कांग्रेस की सरकार भी होती तो हमारी पार्टी देश के मान-सम्मान के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहती। उन्होंने कहा कि वह चौधरी की इस बात की निंदा करते हैं। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजीजू ने चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा, चीन ने जितनी भूमि पर कब्जा किया है, वो कांग्रेस के शासन के समय किया है। मोदी जी के शासनकाल में एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं हुआ है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान, चीन और कांग्रेस की भाषा एक जैसी हो गई है।

# जो सरकार अनुच्छेद 370 को निरस्त कर सकती है वह सीएए भी लागू कर सकती है: शुभेन्दु अधिकारी

भाषा। नई दिल्ली

**भाजपा नेता** शुभेन्दु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) जल्द लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली जो सरकार जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा सकती है वह सीएए भी लागू कर सकती है। वह यहां राष्ट्रीय राजधानी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करने आए थे। अधिकारी ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सीएए गृह मंत्री के साथ उनकी बैठक के एजेंडे का हिस्सा नहीं था। सीएए लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित किया गया था। इसका कार्यान्वयन होना बाकी है जो जल्द ही होगा। अधिकारी ने कहा, जो सरकार अनुच्छेद 370 को हटा सकती है, वह सीएए भी लागू कर सकती है। मोदी है तो ए मुमकिन है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 तक बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों- हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की बात कही गई है। दिसंबर 2019 में संसद से सीएए के पारित होने और बाद में इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री के साथ अपनी बैठक का विवरण साझा करने से इनकार किया। उन्होंने संसद परिसर में कहा, गृह मंत्री के साथ क्या चर्चा हुई, यह मैं साझा नहीं करूंगा। वह आप आने वाले दिनों में होने वाली कार्वाइयों में देखेंगे... जो चर्चा हुई और जो खाका (तैयार) किया गया है, उसकी क्रिया और प्रतिक्रिया आप देखेंगे।

## क्विक न्यूज

### आईटी पेशेवर ने लोकेशन के इस्तेमाल से पिता का चोरी हुआ फोन ढूंढ निकाला

**बेंगलुरु।** अगर चलती ट्रेन मे आपका फोन चोरी हो जाए और चोर फरार हो चुका हो तो आपके फोन के वापस मिलने की संभावना नही के बराबर होगी। लेकिन राज भगत के मामले में न सिर्फ भाग्य बल्कि तकनीक ने भी साथ दिया और उन्होंने रंगे हाथ चोर को पकड़ लिया। भगत ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, दो घंटे तक यह पूरा घटनाक्रम चला। जब मैने चोर को पिताजी के बैग के साथ अपने सामने खड़े देखा, तो मै आपको बता नही सकता कि कितनी खुशी हो रही थी। बेशक, उसकी लोकेशन पता लगाने से मदद मिली, लेकिन मै तमिलनाडु के नागरकोइल नाम के छोटे से शहर में था जिसके चप्पे-चप्पे से मै वाकिफ हूं। भगत ने चोर पकड़ने के लिए डेटा और मैप का इस्तेमाल किया।उन्होंने बताया कि तीन और चार फरवरी की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे उनके पिता नागरकोइल-काचीगुडा एक्सप्रेस में जब अपनी बर्थ तलाश रहे थे और सामान को व्यवस्थित करने मे लगे थे तभी उनका बैग खो गया, जिसमे फोन भी था।करीब दो घंटे बाद उनके पिता को बैग के गायब होने का अहसास हुआ। काफी तलाशने के बाद जब बैग नही मिला तो उन्होंने अन्य यात्री के फोन से भगत को इस बारे मे जानकारी दी। भगत ने बताया कि उनका परिवार एक-दूसरे के साथ लोकेशन साझा करता है और उन्हे उनके पिता के फोन की लोकेशन तिरुनेलवेली में मेलप्पालयम के पास रेलवे लाइन पर दिखी। उन्होंने कहा, तो मैंने अनुमान लगाया कि चोर तिरुनेलवेली जंक्शन पर उतर गया और दूसरी ट्रेन से नागरकोइल लौट रहा है। भगत ने अपने एक दोस्त के साथ चोर का पीछा करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, हम रास्ते में रुके और एक रेलवे पुलिस के जवान को भी इस बारे में बताया तथा उसे भी अपने साथ ले लिया। मैप के अनुसार जिस कन्याकुमारी एक्सप्रेस से चोर लौट रहा था, उसके स्टेशन पर रुकने के बाद वह भीड़ मे गायब हो गया। भगत ने कहा, लेकिन मैप पर उसकी हलचल से मैंने अनुमान लगाया कि वह स्टेशन के मुख्य द्वार से बाहर निकलकर अन्ना बस अड्डे की ओर जाने वाली बस मे सवार हो गया है। इसलिए, हमने मोटरसाइकिल से बस का पीछा करना शुरू कर दिया। उन्होने बताया कि आखिरकार वह अन्ना बस अड्डे पर उतर गया।

### एसबीआई एनर्जी पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को बढ़ाएगा

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े फंड हाउस एसबीआई म्यूचुअल फंड ने एनर्जी थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड स्कीम एसबीआई एनर्जी अपॉच्युनिटीज फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह फंड पारंपरिक और नई ऊर्जा की खोज, उत्पादन, वितरण, परिवहन और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों में शामिल घरेलू और विदेशी कंपनियों के मिक्स में निवेश करेगा, जिसमें तेल और गैस, यूटीलिटी और बिजली जैसे क्षेत्र शामिल हैं। हालांकिए यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है। न्यू फंड ऑफर एनएफओद्ध में निवेश की अवधि 6.20 फरवरी 2024 है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारीए शमशेर सिंह ने कहा ऊर्जा क्षेत्र कई दशकों के आत्मनिर्भर भारत की कहानी है क्योंकि हमारे देश का लक्ष्य ऊर्जा की कमी से आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ना है। सीओपी 26 पंचामृत रणनीति ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम जैसी पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा पहलों के साथ-साथ पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्रों में केंद्रित नीतिगत पहलों के प्रति हमारे देश की प्रतिबद्धताएं ऊर्जा क्षेत्र को हमारे देश की जरूरतों के अनुरूप बढ़ने के लिए पर्याप्त अनुकूल गति दे रही हैं। देश के सबसे बड़े फंड हाउस के रूप मेंए हमारा मानना है कि एसबीआई एनर्जी अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे फंड्स के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता हैए क्योंकि उनका लक्ष्य निवेशकों को एक ऐसे थीम से लाभ पहुंचाना है जो एक महत्वपूर्ण बदलाव वाले मोड़ पर है। एसबीआई म्यूचुअल फंड देश का अग्रणी म्यूचुअल फंड हाउस हैए जो 31 दिसंबर 2023 तक 8.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एएयूएम का प्रबंधन करता है।

### डिजिटल बिल डिस्कांउटिंग में तेज उन्नति की उम्मीद

**कानपुर।** एम1 एक्सचेंज भारत का प्रमुख बिल डिस्काउंटिंग प्लेटफॉर्म को कानपुर में औपचारिक ट्रेड फाइनेंस की जबर्दस्त मांग मिलने की उम्मीद है। कानपुर को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी भी कहा जाता है और इस शहर में पिछले दशक में छोटे व्यावसायों ; की संख्या में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा समय में इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा, कृषि क्षेत्रए सर्विसेज और इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज क्षेत्र महत्वपूर्ण विकास चालकों के रूप में सामने आते हैं। भारत के रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त तीन ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम में से एक एम1एक्सचेंज अपने कुल इनवॉयसेस का 33 प्रतिशत प्रोसेस उत्तरी क्षेत्र में किये गये है। कानपुर में 72,000 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयों को जिला उद्योग संवर्धन और उद्यमिता विकास केंद्र से मान्यता प्राप्त है। इन इकाइयों में कारोबारी उद्देश्यों के लिए धन की मांग में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। 2015-16 में कानपुर में कुल मान्यता प्राप्त एमएसएमई की संख्या केवल 32 हजार थी। एम1.एक्सचेंज के प्रमोटर और डायरेक्टर संदीप मोहिंद्रू ने कहा कि एम1एक्सचेंज भारत के एमएसएमई को अपना पूरा सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है और ये सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग भारत के 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने के सपने को साकार करने के लिए मुख्य स्तंभ का काम कर रहे हैं। टीआरईडीएस इकोसिस्टम के माध्यम से, हम खासतौर से टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में एमएसएमई के लिए फाइनेंसिंग की सस्ती दर पर व्यासवसायिक ऋण के औपचारिक चैनलों तक पहुंच आसान बना रहे हैं।

### कर्नाटक के साथ अन्याय के खिलाफ है कांग्रेस सरकार का दिल्ली में प्रदर्शनः सिद्धरमैया

**बेंगलुरु।** केंद्र सरकार पर कर्नाटक के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि पिछले चार वर्ष में राज्य को 45,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होने कहा कि सात फरवरी को दिल्ली में होने वाला राज्य की कांग्रेस सरकार का प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ नही, बल्कि केंद्र सरकार के अन्याय के खिलाफ है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सिद्धरमैया समेत राज्य के सभी कांग्रेस विधायक और सांसद कर्नाटक के साथ कर अंतरण और सहायता अनुदान के संबंध में केंद्र के कथित अन्याय के खिलाफ सात फरवरी को नई दिल्ली मे विरोध प्रदर्शन करेंगे। कर अंतरण केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच राजस्व वितरण को संदर्भित करता है। सिद्धरमैया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सात फरवरी को सभी मंत्री, सांसद और विधानमंडल के दोनो सदनो के सभी सदस्य 15वें वित्त आयोग से कर्नाटक के साथ हुए अन्याय और केंद्र से अनुदान समेत राज्य से जुड़े कई अन्य मुद्दो को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन राष्ट्रीय राजधानी मे जंतर मंतर पर किया जाएगा। सिद्धरमैया ने राज्य के भाजपा सांसदो से भी इसमे भाग लेने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा, संघर्ष भाजपा और कांग्रेस के बीच या भाजपा के खिलाफ नही है। यह कर्नाटक से हो रहे अन्याय के खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कन्नड़ लोगो द्वारा दिया गया कर राज्य के मुश्किल वक्त मे काम नही आया और यह पैसा उत्तरी राज्यो के पास जा रहा है। सिद्धरमैया ने रविवार को कहा, 15वें वित्त आयोग के बाद कर्नाटक को कर अंतरण हिस्सेदारी में कमी के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिससे पिछले चार वर्ष मे राज्य को 45,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। यह अन्याय बर्दाश्त नही हो सकता। उन्होने एक्स पर साउथ टैक्स मूवमेंट हैशटैग के साथ एक पोस्ट में कहा, हम अपने राज्य की भलाई के लिए कन्नड़ भाषियों के साथ उचित व्यवहार और न्याय की मांग करते है। मुख्यमंत्री ने कहा, दक्षिणी राज्यो द्वारा दिए गए कर के ऋणी उत्तरी राज्य कभी हमारे लिए आदर्श नही हो सकते।

### पिडिलाइट उत्तर प्रदेश में बनाएगा फैक्ट्री

**लखनऊ।** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ;पिडिलाइट निर्माण और विशेष रसायनों के अग्रणी निर्माता ने अपने प्रमुख टाइल एडहैसिव ब्रांड रॉफके लिए लखनऊ के पास संडीला में एक नई अत्याधुनिक विनिर्माण प्लांट के उद्घाटन की घोषणा की है। 11000 वर्ग मीटर में फैली यह पूरी तरह से ऑटोमेटेड सुविधा उत्तर भारत में रॉफकी मौजूदगी को बढ़ाने मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ क्षेत्रों के बाजारों में सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है। भरत पुरी प्रबंध निदेशक पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि यह ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट इस इंडस्ट्री को आधुनिक बनाने और भारत में टाइल्स और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखनेए फिक्स करने या जोड़ने के तरीके को बदलने की हमारी योजना का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य पारंपरिक सीमेंट के बजाय टाइल फिक्सिंग के लिए एक स्पेशल एडहैसिव उत्पाद के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसलिए हम देश के विभिन्न क्षेत्रों में हाई क्वालिटी कंस्ट्रक्शन कैमिकल सॉल्यूशंस की उपलब्धता बढ़ाना जारी रखते हैं। रॉफके पास ग्राहकों के सामने आने वाली हर तरह की टाइल और पत्थर फिक्सिंग चुनौतियों के लिए सही समाधान हैं। उनका कहना है कि हमारे बाजार परिणामों से पता चलता है कि उत्तरी भारत में इस श्रेणी के लिए अपार संभावनाएं हैं और इसलिए इस सुविधा को इस बाजार की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### लड़े हैं, लड़ेंगेउ हम जीते हैं और हम जीतेंगे : कल्पना

**रांची।** झामुमो नीत गठबंधन के झारखंड विधानसभा मे बहुमत साबित करते ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। कल्पना सोरेन (48) ने कहा, मैंने लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहूंगी। हम जीते है, और हम जीतेंगे। उन्होने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट मे कहा, जब तक झारखंड के योद्धा (हेमंत सोरेन) केंद्र और भाजपा की साजिश को हरा कर हमारे साथ नही आ जाते, तब तक यह एकाउंट मै संभालूंगी। हमारे वीर पूर्वजो ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अब समय फिर आ गया है। आपका प्यार और आशीर्वाद वैसा ही बना रहे। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को झारखंड विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्ईय विधानसभा मे 47 विधायको ने विश्वास मत प्रस्ताव के पक्ष मे वोट दिया, जबकि 29 विधायको ने इसके खिलाफ मतदान किया।

### राशन घोटाले में गिरफ्तार टीएमसी नेता आध्या ने विदेशी बैंक खातों में पैसा भेजा : ईडी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में करोड़ो रुपए के कथित राशन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या ने दुबई स्थित एक कंपनी के खाते मे धन भेजा। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष आध्या की भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल इलाके में विदेशी मुद्रा विनियम की एक कंपनी है, और उनके रिश्तेदार भी ऐसी करीब 90 कंपनियो का संचालन करते है, जिनका इस्तेमाल देश से बाहर पैसे भेजने में किया जाता है। उन्होंने कहा कि टीएमसी नेता ने दुबई मे एक कंपनी खोली, जिसे अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार घोटाले के एक अन्य आरोपी बाकीबर रहमान की मदद से अपने बेटे के नाम पंजीकृत कराया। उन्होंने कहा कि आध्या दुबई स्थित कंपनी के खाते मे मोटी रकम भेजने मे शामिल रहे है। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान ईडी ने पाया कि 16 अक्टूबर 2019 को उस खाते मे करीब 66 लाख रुपए भेजे गए।

### ग्रामीण भारत में बैंकों की मिलेगी सुविधा

**बेंगलुरु।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक देश में अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक अब 187 अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स -यूआरसी के अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से बिना सेवा प्राप्त और कम सेवाप्राप्त 5.5 लाख ग्रामीण ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी जरूरतें पूरी कर रही है। इन यूआरसी के माध्यम से उज्जीवन एसएफबी सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को कृषि एवं फसल ऋण, किफायती आवास ऋण व्यक्तिगत ऋण और व्यवसाय ऋ ण की पेशकश करती है। यह बैंक आकर्षक ब्याज दरों पर सावधि जमा एवं बचत खाता तथा चालू खाता भी देती है। यह यूआरसी बैंकिंग की व्यक्तिगत सेवाएं देते हैंए जिनमें डोरस्टेप बैंकिंग और टेक्नोलॉजी इनेबल्ड बैंकिंग का शानदार अनुभव शामिल है। एमडी और सीईओ इत्तिरा डेविस ने कहा कि उज्जीवन एसएफबी में हमारा मानना है कि सभी को शामिल करने वाली बैंकिंग से लोगों की जिन्दगी बदल सकती है।

### एमजी मोटर इंडिया ने 100 साल पूरे किए

**मुंबई।** एमजी मोटर इंडिया द्वारा अपना शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में कंपनी अपने 2024 रेंज के मॉडलों पर बेहतरीन मूल्यों का प्रस्ताव देकर कार खरीदने वालों की खुशी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने एमजी जैडएस ईवी के नए ट्रिम के साथ एमजी कॉमेट ईवीए एमजी हेक्टर, और एमजी ग्लॉस्टर के लिए आकर्षक मूल्य पेश किए हैं। विशाल जैडएस ईवी एक्ज़िक्यूटिव 18.98 लाख' रुपये के आकर्षक मूल्य में उपलब्ध है। डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्ट गौरव गुप्ता ने कहा कि एमजी में हमारा परिचालन ग्राहकों पर केंद्रित होता है। अपने शताब्दी समारोह के दौरान हम 2024 को ईयर ऑफ़ फ़ास्ट फ़ॉरवर्ड के रूप में मनाने और सभी को एक संतोषजनक ओनरशिप का अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।

### कांग्रेस ने दिल्ली इकाई से लोस चुनाव के लिए उम्मीदवारों के बारे में सुझाव मांगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने सोमवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के वरिष्ठ नेताओ के साथ बैठक की और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारो के बारे मे उनके सुझाव मांगे। इस संबंध मे एक बयान मे कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियो के सिलसिले मे कांग्रेस की चयन प्रक्रिया को तेज करने के लिए डीपीसीसी कार्यालय मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमे कहा गया कि बैठक मे शामिल होने वालो मे स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष और सांसद रजनी पाटिल, सदस्य सरदार परगट सिंह और कृष्णा अल्लावरु शामिल थे।

# प्राण प्रतिष्ठा साहसी कार्य, ईश्वर के आशीर्वाद से हुआ : भागवत

भाषा। पुणे



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को सोमवार को एक साहसी कार्य बताया, जो ईश्वर के आशीर्वाद और इच्छा से हुआ है। महाराष्ट्र के पुणे जिले के आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में भागवत ने यह भी कहा कि भारत को अपने कर्तव्य के लिए उठना होगा और यदि किसी भी कारण से यह समर्थ (सक्षम) नहीं बन पाया, तो दुनिया को बहुत जल्द विनाश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 22 जनवरी को रामलला का आगमन हुआ और यह काफी संघर्ष के बाद एक साहसी काम था। उन्होंने कहा, वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसने रामलला को उनके स्थान पर देखा है। यह वास्तव में हुआ, सिर्फ इसलिए नहीं हुआ कि सभी ने इसके लिए काम किया, बल्कि यह ईश्वर के आशीर्वाद और इच्छा के कारण हुआ। भागवत ने यह भी कहा कि समारोह के दौरान उपस्थित रहना उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष को ऊपर उठना होगा क्योंकि दुनिया को इसकी जरूरत है। उन्होंने कहा, यदि किसी भी कारण से भारत समर्थ नहीं बना या खड़ा नहीं हुआ तो दुनिया को जल्द ही विनाश का सामना करना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति बनी हुई है। दुनिया भर के बुद्धिजीवी इस बात को जानते हैं। वे इस पर कह और लिख रहे हैं। कि भारत को अपना कर्तव्य निभाने के लिए खड़ा होना होगा। गीता परिवार द्वारा आयोजित गीता भक्ति अमृत महोत्सव, आध्यात्मिक गुरु श्री गोविंद देव गिरिजी महाराज की 75वीं जयंती का एक भव्य उत्सव है।

# मुंबई में निजी विद्यालय में कर्मचारी ने चार वर्षीय बच्ची का यौन उत्पीड़न किया

**मुंबई।** मुंबई पश्चिमी उपनगर कांदिवली स्थित एक निजी स्कूल के चतुर्थ श्रेणी वर्ग के एक कर्मचारी द्वारा चार साल की एक बच्ची का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। यह जानकारी पुलिस ने दी। समता नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार सुबह स्कूल समय के दौरान हुई जब आरोपी ने बच्ची का शौचालय में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया ।

# देश में भूजल स्तर में वृद्धि हो रही है : सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार ने** सोमवार को बताया कि देश में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता आजादी के बाद लगातार कम होती गई है लेकिन भूजल को पुनर्भरण (रिचार्ज) करने के प्रयासों के फलस्वरूप अब भूजल स्तर में वृद्धि होने लगी है।जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सही है कि पानी का समुचित उपयोग बेहद जरूरी है और भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भी अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को लेकर पानी के संबंध में सरकार की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं कि देश में जलसंकट न आने पाए।उन्होंने कहा कि भूजल को रिचार्ज करने की दिशा में किए गए प्रयासों के चलते बीते चार साल तक यह स्थिर रहा लेकिन बीते दो साल के दौरान भूजल स्तर में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा इसे पर्याप्त भले ही नहीं माना जा सकता, लेकिन यह उत्सहवर्द्धक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं।शेखावत ने कहा कि पानी राज्य सरकारों का विषय है और उन्हें इस बारे में समन्वित प्रयास करने होंगे कि कृषि क्षेत्र में पानी के उपयोग को किस तरह कम किया जा सकता है क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत ज्यादा पानी लगता है।उन्होंने कहा कि पोलावरम परियोजना के निर्माण की पूरी जिम्मेदारी आंध्रप्रदेश सरकार की है। केंद्र सरकार इसमें वित्तीय सहायता और संसाधन मुहैया कराती है तथा यह कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि 15,146 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता अब तक केंद्र सरकार की ओर से इस परियोजना के लिए दी जा चुकी है।

# इंडिया गठबंधन सत्ता में आने के बाद आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देगा: राहुल गांधी

भाषा। रांची



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का सोमवार को वादा किया। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि जब जाति आधारित जनगणना की मांग उठी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और आदिवासियों को अधिकार देने का समय आया, तो प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई जाति नहीं है, लेकिन जब वोट लेने का समय आता है तो वह कहते हैं कि वह ओबीसी हैं। गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस- राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। गांधी ने मणिपुर से महाराष्ट्र तक की अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान यहां शहीद मैदान में आयोजित एक रैली में कहा, गठबंधन के सभी विधायकों, (चंपई) सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की। गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बनाया गया और बड़ी कंपनियों, अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अदालतों में उनकी भागीदारी नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, यह भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल है।

# समय आ गया है, कांग्रेस नेतृत्व के लिए गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे : शर्मिष्ठा मुखर्जी

भाषा। जयपुर



**राष्ट्रीय राजनीति** में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि निश्चित रूप से अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां 17वें जयपुर साहित्योत्सव से इतर पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है, क्योंकि वह देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। कांग्रेस की तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में सरकार में है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अभी भी मुख्य विपक्षी दल है। उसका स्थान निर्विवाद है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ए सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा कि पार्टी में लोकतंत्र की बहाली, सदस्यता अभियान, पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव और नीति निर्णय की प्रक्रिया में हर स्तर पर जमीनी कार्यकर्ताओं को शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कोई जादू की छड़ी नहीं है। ए कांग्रेस नेताओं को देखना है कि पार्टी को मजबूत करने के लिए कैसे काम करना है।

# केंद्र ने राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को सिमी को प्रतिबंधित समूह घोषित करने का अधिकार दिया

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) को आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित करने का अधिकार दे दिया। केंद्र सरकार ने 29 जनवरी को सिमी पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था। आतंकी संगठन पर प्रतिबंध को विस्तारित करते हुए सरकार ने कहा था कि समूह देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में शामिल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार निर्देश देती है कि धारा 7 और 8 के तहत उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों का इस्तेमाल राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा भी गैरकानूनी संगठन सिमी के संबंध में किया जाएगा। दस राज्य सरकारों-आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश ने यूएपीए के तहत सिमी को गैर कानूनी संगठन घोषित करने के लिए सिफारिश की है। सिमी को पहली बार 2001 में गैरकानूनी घोषित किया गया था।

# हिंदू कुश हिमालय विनाश के कगार पर पहुंचा जैवमंडल घोषित

## ● वैज्ञानिकों ने लिया फैसला

भाषा। नई दिल्ली

**वैज्ञानिकों ने** वैश्विक जैव विविधता विशेषज्ञों की सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र को एक ऐसा जैवमंडल घोषित किया जो विनाश के कगार पर है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर सबसे अधिक जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से एक इस क्षेत्र में प्रकृति के नुकसान को रोकने के लिए कड़े कदम और तत्काल वित्तपोषण का आह्वान किया। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट ने यह आह्वान काठमांडू, नेपाल में एक बैठक में किया। इस बैठक में 130 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ खाद्य और जल सुरक्षा, स्वास्थ्य, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंधों पर विचार करेंगे। यह बैठक सोमवार को शुरू हुई और नौ फरवरी तक चलेगी। जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं पर अंतर सरकारी विज्ञान-नीति मंच (आईपीबीईएस) की मूल्यांकन बैठक पहली बार दक्षिण एशिया में आयोजित की जा रही है।वर्ष 2012 में 145 सदस्य देशों के साथ स्थापित, आईपीबीईएस जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल के समान कार्य करता है, जिसका उद्देश्य जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए विज्ञान-नीति संबंधों को मजबूत करना है। बैठक की मेजबानी कर रहे आईसीआईएमओडी के शोधकर्ताओं ने हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में प्रकृति और प्राकृतिक वास में क्षति की गति और पैमाने का वर्णन विनाशकारी के रूप में किया, जो 3,500 किलोमीटर तक और आठ देशों - अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल एवं पाकिस्तान तक फैला है। आईसीआईएमओडी की उप महानिदेशक इज़ाबेला कोज़ील ने बैठक में प्रतिनिधियों से कहा, बहुत देर हो चुकी है। उन्होंने कहा, दुनिया के 36 वैश्विक जैव विविधता केंद्रों में से चार इस क्षेत्र में हैं। वैश्विक 200 पारिस्थितिक क्षेत्रों में से बारह, 575 संरक्षित क्षेत्र, 335 महत्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र हैं। फिर भी सभी प्रयासों के बावजूद, हम ऐसी स्थिति में हैं जिसमें संकट तेजी से बढ़ रहा है। पिछली शताब्दी में सत्तर प्रतिशत मूल जैव विविधता नष्ट हो गई।

### जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए मप्र को बांस की खेती करनी चाहिएः विशेषज्ञ

**भोपाल।** महाराष्ट्र कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष पाशा पटेल ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग (धरती के तापमान में बढ़ोतरी) से निपटने के लिए बांस की खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में कहा है कि वह 10 लाख हेक्टेयर भूमि पर बांस की खेती के लिए छोटे किसानों को सहायता प्रदान करेगी। पटेल ने कहा, मानवता ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है। हम बांस की खेती करके इससे निपट सकते है, जिसका एक पेड़ (झुट) 180 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सकता है और 320 किलोग्राम ऑक्सीजन को वायुमंडल में छोड़ सकता है। पटेल ने दो दिन पहले मप्र के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना से मुलाकात की थी। उन्होने कहा, मैने मप्र सरकार को बड़े पैमाने पर बांस की खेती करने का सुझाव दिया है। एक अध्ययन का हवाला देते हुए उन्होने कहा कि देश में सभी सरकारी ताप बिजली उत्पादन इकाइयां प्रतिदिन 5,90,000 मीट्रिक टन कार्बन वायुमंडल में छोड़ती है, बिजली उत्पादन के ईंधन के रूप में बांस कोयले का विकल्प हो सकता है।

# भारतीय सैनिकों को हटाएगा मालदीव

## पहला समूह 10 मार्च से पहले जबकि शेष सैनिकों को 10 मई तक वापस भेज दिया जाएगाः मुइज्जू

**भाषा।** माले



**मालदीव के** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि देश से भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च से पहले जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात शेष भारतीय सैनिकों को 10 मई तक वापस भेज दिया जाएगा। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने संसद में दिए पहले संबोधन में कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा इस उम्मीद से उनके प्रशासन का समर्थन करता है कि वे देश से विदेशी सेना की मौजूदगी समाप्त कर देंगे। मुइज्जू ने 17 नवंबर को मालदीव के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद भारत से 15 मार्च तक अपने सैन्यकर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि मालदीव की जनता ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए मजबूत जनादेश दिया है। पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में 45 वर्षीय मुइज्जू ने भारत समर्थक माने जाने वाले इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। मुइज्जू की सरकार पिछली सरकार के दौरान भारत के साथ किए गए 100 से अधिक द्विपक्षीय समझौतों की भी समीक्षा कर रही है। संसद में बहुमत प्राप्त मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने रविवार को घोषणा की थी कि वह इस साल की संसद की पहली बैठक में मुइज्जू के संबोधन का बहिष्कार करेगी।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार मालदीव के खोए हुए क्षेत्र को पुनः प्राप्त करेगी, और ऐसे किसी भी समझौते को समाप्त कर देगी जो देश की संप्रभुता को कमजोर कर सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने थल, वायु और समुद्री क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक व्यापक राष्ट्रीय रक्षा रणनीति बनाने के लिए अपनी आधुनिक सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने की मालदीव की आवश्यकता को स्पष्ट किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुइज्जू ने संसद को बताया कि "भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए कूटनीतिक बातचीत जारी है" उन्होंने कहा, हालिया बातचीत के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्म में से एक पर तैनात सैन्य कर्मियों को 10 मार्च 2024 से पहले वापस बुलाया जाएगा। बाकी के दो प्लेटफॉर्म पर तैनात सैन्य कर्मियों को भी 10 मई 2024 तक वापस बुलाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि वह दूसरे देशों को मालदीव के महासागरों और समुद्र तटों को मापने और मानचित्र बनाने की अनुमति देने वाले समझौते को नवीनीकृत नहीं करेगी। नए चरण की द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारत ने दो फरवरी को कहा था कि द्वीप देश में भारतीय सैन्य प्लेटफॉर्म का संचालन जारी रखने के लिए एक परस्पर स्वीकार्य समाधान पर मालदीव के साथ सहमति बनी है।

अभी भारतीय सैन्यकर्मी मुख्य रूप से दो हेलीकॉप्टर और एक विमान का संचालन करने के लिए मालदीव में हैं। इनके जरिए सैकड़ों चिकित्सीय बचाव एवं मानवीय सहायता मिशन को पूरा किया गया है। भारतीय प्लेटफॉर्म पिछले कुछ वर्षों से मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराते रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका प्रशासन ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जिससे देश की संप्रभुत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता होता हो। उन्होंने कहा कि यदि इससे देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता को खतरा होता है तो वह दृढ़ रहेंगे और किसी भी परिस्थिति में बाहरी दबाव के आगे नहीं झुकेंगे।

# चिली में जंगल की आग घनी आबादी वाले इलाके में फैली

## कम से कम 112 लोगों की जा चुकी है जान



सैंटियागो (चिली)। चिली के जंगलों में लगी भीषण आग के घनी आबादी वाले इलाके में फैलने से पिछले तीन दिन में कम से कम 112 लोगों की मौत हो चुकी है। चिली के मध्य क्षेत्र के जंगल में दो दिन पहले लगी भीषण आग से रविवार को अग्निशमन विभाग के कर्मियों को काफी जूझना पड़ा। प्रशासन ने आग से गंभीर रूप से प्रभावित कई शहरों में कर्फ्यू लगा दिया है। विना डेल मार शहर के आसपास आग सबसे अधिक तीव्रता से जल रही है, जहां 1931 में स्थापित एक प्रसिद्ध वनस्पति उद्यान रविवार को आग की लपटों में जलकर नष्ट हो गया। आग के कारण कम से कम 1,600 लोग बेघर हो गए हैं।

विना डेल मार के पूर्वी क्षेत्र के कई इलाके आग की लपटों और धुएं से घिर गए हैं, जिससे कुछ लोग अपने घरों में फंस गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि विना डेल मार और आसपास के इलाके में करीब 200 लोगों के लापता होने की खबर है और आग की चपेट में आने से पिछले तीन दिन में कम से कम 112 लोगों की मौत हो चुकी है। करीब तीन लाख की आबादी वाला विना डेल मार शहर एक लोकप्रिय समुद्र तट रिसॉर्ट है और यहां दक्षिणी गोलार्द्ध में गर्मियों का मौसम आने पर एक प्रसिद्ध संगीत समारोह भी आयोजित होता है। देश के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि आग के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि वालपराइसो क्षेत्र में चार स्थानों पर भीषण आग लगी है और दमकलकर्मियों को अत्यधिक खतरे वाले इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बोरिक ने चिलीवासियों से बचावकर्मियों के साथ सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा, यदि आपको इलाका खाली करने के लिए कहा जाता है तो ऐसा करने में संकोच न करें। आग तेजी से फैल रही है और जलवायु परिस्थितियों के कारण उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया है। तापमान उच्च है, हवा तेज चल रही है और आर्द्रता कम है। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने शनिवार को बताया कि देश के मध्य और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट में हैं, जहां इस सप्ताह तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा है।

# इमरान खान और कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदी का दर्जा, जेल में करना होगा काम



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदी होने के बावजूद जेल परिसर में सश्रम कारावास भुगतना होगा। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। दोनों नेताओं को एक विशेष अदालत ने सिफर मामले में 10 साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन्हें रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है जहां उनके खिलाफ मुकदमा चला था। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, 71 वर्षीय खान और 67 वर्षीय कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदियों के तौर पर अलग-अलग रखा जा रहा है क्योंकि उनमें से एक पूर्व प्रधानमंत्री जबकि दूसरे विदेश मंत्री रह चुके हैं। खान अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष हैं जबकि कुरैशी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं।इसमें कहा गया है कि दोनों नेता एक बेहतर श्रेणी की जेल में कैदियों को दी जाने वाली उन सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, जो उन्हें दोषी ठहराए जाने से पहले मिलती थीं, जिसमें व्यायाम मशीन तक पहुंच भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों को जेल नियमावली के मुताबिक दो जोड़ी जेल वर्दी दी गई हैं। हालांकि पीटीआई के संस्थापक अध्यक्ष खान पर अन्य मामलों में मुकदमा चल रहा है, इसलिए उनके लिए जेल की वर्दी पहनना अनिवार्य नहीं किया गया है। दोनों कैदी लिखित आदेश के अनुसार (जेल) परिसर में श्रम भी करेंगे। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि हाई-प्रोफाइल कैदियों को जेल के कारखानों, रसोईघरों, अस्पतालों, बगीचों आदि में आम कैदियों के बीच नहीं रखा जा सकता, इसलिए, उन्हें रखरखाव कार्य या जेल प्रशासन द्वारा सौंपे गए किसी अन्य कार्य के लिए उनके परिसर में रखा जाएगा।

## दक्षिण कोरिया की अदालत ने सैमसंग के प्रमुख योंग को वित्तीय अपराधों से बरी किया

सियोल। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने शेयर मूल्यों में हेरफेर करने और 2015 में सैमसंग की दो सहायक कंपनियों के विवादास्पद विलय के संबंध में धोखाधड़ी के आरोपी सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स के चेयरमैन ली जे योंग को बरी कर दिया है। योंग पर दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए विलय कराने का आरोप था। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के सोमवार को जारी इस फैसले से सैमसंग के शीर्ष पदाधिकारी की कानूनी मुश्किलें कम हो सकती हैं। योंग को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व राष्ट्रपति को रिश्वत देने का दोषी पाया गया था लेकिन सजा को माफ कर दिया गया था। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष सैमसंग सी एंड टी और चेइल इंडस्ट्रीज के बीच विलय को गैरकानूनी और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स पर ली के नियंत्रण को मजबूत करने के उद्देश्य को पर्याप्त रूप से साबित करने में विफल रहा।

## पाकिस्तान में पुलिस थाने पर आतंकवादियों के हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत, छह घायल

पेशावर (पाकिस्तान)। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में एक पुलिस थाने पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के हमले में कम से कम 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान तहसील के चोडवान पुलिस थाने में हुआ। अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।जिला पुलिस अधिकारी नासिर महमूद ने कहा, भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में हमने अपने 10 जवानों को खो दिया, जबकि छह अन्य घायल हो गए। आतंकवादियों ने पुलिस थाने पर चारों तरफ से ग्रेनेड और भारी गोलीबारी से हमला किया जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्वाई की, लेकिन आतंकवादी वहां से भाग गए।उन्होंने बताया कि बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और त्वरित प्रतिक्रिया बल अतिरिक्त बल के साथ पहुंच गया है।

## चीन में चीनी-ऑस्ट्रेलियाई ब्लॉगर यांग हेंगजुन को मौत की सजा सुनाई, अमल पर रहेगी रोक

बीजिंग। चीन की एक अदालत ने देश में जन्मे लोकतंत्र समर्थक एक ऑस्ट्रेलियाई ब्लॉगर को मौत सजा सुनाई है, जो फिलहाल निलंबित रहेगी। वर्षों से लगातार इस मामले को उठा रही ऑस्ट्रेलिया सरकार ने कहा कि यह स्तब्ध करने वाला फैसला है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि यांग हेंगजुन को जासूसी का दोषी पाया गया और दो साल के दंड-स्थगन के साथ मौत की सजा सुनाई गई।

# ईरान समर्थित असैन्य लड़ाकों ने यदि हमले जारी रखे, तो फिर जवाबी कार्रवाई जाएगीः अमेरिका

यरूशलम। अमेरिका ने ईरान और उसके द्वारा समर्थित मिलिशिया (असैन्य लड़ाकों) को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी बलों को निशाना बनाना जारी रखा तो वह फिर जवाबी कार्वाई करेगा। जॉर्डन में हाल में ईरान समर्थित समूह के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक सैनिक घायल हो गए थे। अमेरिका ने जॉर्डन में अपने सैनिकों पर हमलों के खिलाफ जवाबी कार्वाई करते हुए इराक और सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के 85 ठिकानों पर शुक्रवार को हमले किए। इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने शनिवार को भी यमन में हूती-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमले किए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यदि ईरान ने अमेरिका के खिलाफ सीधे जवाब देने का विकल्प चुना तो उसे त्वरित और कड़ी प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहना

**जॉर्डन में हाल में ईरान समर्थित समूह के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक सैनिक घायल हो गए थे**

चाहिए। सुलिवन ने कहा, हम इराक और सीरिया में ईरान समर्थित मिलिशिया या हूती विद्रोहियों द्वारा भविष्य में किए जा सकने वाले हमलों की आशंका से इनकार नहीं कर सकते। जब ईरान के भीतर हमले किए जाने की संभावना के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि बाइडन व्यापक पैमाने पर युद्ध नहीं चाहते। लेकिन जब उनसे ईरान द्वारा प्रत्यक्ष हमले की आशंका के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, यदि उन्होंने अमेरिका को सीधे जवाब देने का विकल्प चुना तो उन्हें हमारी ओर से त्वरित और कड़ी प्रतिक्रिया मिलेगी। दूसरी ओर, ईरान ने पश्चिम एशिया में उन दो मालवाहक पोतों को निशाना बनाए जाने की आशंका को लेकर अमेरिका को चेतावनी जारी की है, जिन पर ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के लिए जासूसी करने का संदेह है। बेहशाद और सविज पोतों पर हमले की आशंका को लेकर ईरान का यह बयान हाल के दिनों में इराक, सीरिया और यमन में इस्लामिक गणराज्य द्वारा समर्थित मिलिशिया को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हमलों को लेकर तेहरान की बढ़ती बेचैनी की ओर इशारा करता है। ईरान की नियमित सेना द्वारा रविवार को जारी बयान में कहा गया, बेहशाद या इसी तरह के पोतों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोग अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों एवं सुरक्षा को खतरे में डालते हैं और भविष्य में हो सकने वाले अंतरराष्ट्रीय जोखिमों के लिए जिम्मेदार हैं।

## एच-1बी वीजाधारकों के जीवनसाथी, संतानों को कार्य मंजूरी देने वाला द्विदलीय समझौता पेश

वाशिंगटन। एच-1बी वीजा धारकों को बड़ी राहत देते हुए व्हाइट हाउस समर्थित द्विदलीय समझौता पेश किया गया, जिसके तहत लगभग 100,000 एच-4 वीजा धारकों को स्वतः कार्य मंजूरी मिल जाएगी, जो कुछ श्रेणी के एच-1बी वीजा धारकों के जीवन साथी और संतान हैं। अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक नेतृत्व के बीच लंबी चर्चा के बाद रविवार को घोषित राष्ट्रीय सुरक्षा समझौता एच-1बी वीजा धारकों के लगभग 250,000 संतानों के लिए भी समाधान प्रदान करता है। यह कदम उन हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए अच्छी खबर है, जो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिसके अभाव में उनके पति या पत्नी काम नहीं कर सकते और उनकी संतानों को वापस उनके देश भेजे जाने का खतरा है।ग्रीन कार्ड को आधिकारिक तौर पर स्थाई निवास कार्ड के तौर पर जाना जाता है। यह अमेरिका में प्रवासियों को इसके सबूत के तौर पर जारी किया जाने वाला एक दस्तावेज है कि धारक को स्थाई रूप से रहने का अधिकार दे दिया गया है। ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रति देश एक संख्यात्मक सीमा होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा, बहुत लंबे समय से, दशकों से, प्रवासन प्रणाली टूट गई है। इसे ठीक करने का समय आ गया है...यह हमारे देश को सुरक्षित बनाएगा, हमारी सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाएगा, कानूनी आव्रजन को संरक्षित करते हुए एक राष्ट्र के रूप में हमारे मूल्यों के अनुरूप लोगों के साथ निष्पक्ष और मानवीय व्यवहार करेगा। भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के लिए एक और अच्छी खबर यह है कि यह विधेयक लंबी अवधि के एच-1बी वीजा धारकों के युवा संतानों को संरक्षण प्रदान करता है, बशर्ते उन संतानों ने एच4 दर्जा आठ साल तक बनाए रखा हो।

## अपशिष्ट जल में अजीब और अद्भुत सूक्ष्मजीव हमारे शहरों के सतत विकास के लिए कैसे आवश्यक है!

मेलबर्न। कोविड-19 ने हमें दिखाया कि अपशिष्ट जल की निगरानी कितनी उपयोगी हो सकती है। लेकिन हमारे अपशिष्ट जल में आनुवंशिक सामग्री, अर्थात डीएनए और आरएनए, अन्य उपयोगी जानकारी का खजाना है। इससे हजारों प्रकार के अजीब और अद्भुत अपशिष्ट जलीय सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति का पता चलता है। इन सूक्ष्मजीवों की विविधता हमसे बातै कर सकती है और हमें बता सकती है कि हमारे अपशिष्ट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा कैसे प्राप्त की जाए। काश, हम उनकी बात सुन पाते। जल्द ही हम ऐसा कर सकते हैं। वह कैसे काम करेगा? यह सब हमारे मल से शुरू होता है। इस प्रकार के सूक्ष्मजीवों का उपयोग 19वीं शताब्दी से हमारे अपशिष्ट जलशोधन संयंत्रों, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में आने वाले जल-मल की बढ़ती मात्रा को कम करने और शोधन करने के लिए किया जाता रहा है। 2050 तक दुनिया की दो-तिहाई आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने की उम्मीद है, इसलिए जलमल शोधन की अत्यधिक मांग होगी। फिर भी, आज अधिकतर लोगों को यह पता नहीं है कि शहरों के सतत विकास के लिए सूक्ष्मजीव कितने महत्वपूर्ण हैं। हमें अपने अपशिष्ट के शोधन के लिए उनकी आवश्यकता है। इसलिए, हमें इन सूक्ष्मजीवों के बारे में और अधिक जानने की जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे हमारे अपशिष्ट को संसाधित करने का सर्वोत्तम संभव काम कर रहे हैं। ऐसा करने का एक तरीका मानव अपशिष्ट में डीएनए की निगरानी करना है। अवायवीय पाचकों का संचालन महंगा है। इसके लिए गहन निगरानी रणनीतियों और लगातार हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# अमेरिकी सांसदों ने यूक्रेन और इजराइल को मदद देने वाला 118 अरब डॉलर का पैकेज जारी किया

वाशिंगटन। अमेरिकी सांसदों ने रविवार को बहुप्रतीक्षित 118 अरब डॉलर का पैकेज जारी किया जिसमें यूक्रेन, इजराइल और अमेरिका के अन्य सहयोगियों को युद्ध के समय में मदद देने के साथ ही सीमा प्रवर्तन नीति लागू करने के लिए सहायता का प्रावधान है। इसके साथ ही सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन समेत रिपब्लिकन पार्टी के विरोध के बीच इस विधेयक को पारित कराने का प्रयास शुरू हो गया है। यह प्रस्ताव राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए यूक्रेन को युद्धकालीन सहायता की पुनः आपूर्ति करने का सबसे अच्छा मौका है। सीनेट के इस सप्ताह इस पैकेज संबंधी विधेयक पर अहम मतदान करने की संभावना है लेकिन इसे रूढ़िवादी सांसदों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के यूक्रेन को 60 अरब डॉलर की सहायता को मंजूरी देने पर रोक लगाए जाने के बाद अमेरिका ने कीव को गोला बारुद और मिसाइलों की आपूर्ति बंद कर दी जिससे यूक्रेनी सैनिकों के पास हथियारों की कमी हो गई है। नए विधेयक में अमेरिका के रक्षा विनिर्माण में भी निवेश करने, इजराइल को 14 अरब डॉलर की सैन्य सहायता देने, एशिया-प्रशांत में सहयोगियों को करीब पांच अरब डॉलर देने और यूक्रेन तथा गाजा में संघर्ष में फंसे नागरिकों को मानवीय सहायता मुहैया कराने का भी प्रावधान है। सीनेटर चक शुमर ने एक बयान में कहा, अमेरिका और हमारे सहयोगी विरोधियों की कई, जटिल और कई जगहों पर समन्वित चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ए विरोधी लोकतंत्र को बाधित करना चाहते हैं और दुनियाभर में तानाशाही फैलाना चाहते हैं।

## राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सैन्य नेतृत्व को बदलने के संकेत दिए

कीव। रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने संकेत दिया है कि वह देश के सैन्य नेतृत्व को बदलने पर विचार कर रहे हैं। सेना के शीर्ष स्तर पर बदलाव संबंधी उनके बयान ने देश की जनता और यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों को चौंका दिया है। इस बीच, दक्षिणी यूक्रेन के खेरसॉन शहर के स्थानीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने कहा कि शहर में सोमवार दोपहर हुए हमले में चार लोग मारे गए और कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया। इतालवी प्रसारक आरएआई टीवी के साथ एक साक्षात्कार में जेलेंस्की ने पुष्टि की कि वह यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लोकप्रिय कमांडर-इन-चीफ जनरल वलेरी जालुझनी को हटाने के बारे में सोच रहे हैं। रविवार देर रात प्रसारित साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने कहा कि वह चाहते हैं कि युद्ध के समय ऐसे लोग सेना का नेतृत्व करें जो रूस के खिलाफ जीत के प्रति आश्वस्त हों। जेलेंस्की ने कहा, मैं इस बदलाव के बारे में सोच रहा हूं, लेकिन आप यहां यह नहीं कह सकते कि हमने किसी एक व्यक्ति को बदलने का विचार किया है। उन्होंने कहा, जब हम इस (बदलाव के) बारे में बात करते हैं, तो मेरा मतलब केवल सेना जैसे किसी एक क्षेत्र में नहीं, बल्कि कई राज्यों के नेतृत्व को बदलने से भी है। यदि हम जीतना चाहते हैं, तो हम सभी को जीत के प्रति आश्वस्त होकर एक ही दिशा में आगे बढ़ना होगा।

# हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन का नया चेहरा

**भाषा।** इस्लामाबाद

मुंबई में 2008 के आतंकवादी हमलों के सरगना हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का नया चेहरा माना जा रहा पाकिस्तान मरकाजी मुस्लिम लीग नामक नया राजनीतिक दल बृहस्पतिवार को होने वाले आम चुनाव में भाग ले रहा है। मीडिया में आई एक खबर से यह जानकारी मिली है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी-उर्दू) की एक खबर में कहा गया है कि इस संगठन द्वारा पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या उनका संबंध पूर्व में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से रहा है। लाहौर की एक जेल में बंद सईद को आतंकवाद के वित्त पोषण के कई मामलों में पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालतों ने कुल 31 साल की जेल की सजा सुना रखी है। उसे संयुक्त राष्ट्र ने 10 दिसंबर 2008 को वैश्विक

**हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन का नया चेहरा मानी जा रही पार्टी पाकिस्तान के आम चुनाव में उतरी**

आतंकवादियों की सूची में शामिल किया था। भारत ने पिछले साल 29 दिसंबर को पाकिस्तान से सईद को प्रत्यर्पित करने के लिए कहा था जो आतंकवाद के कई मामलों में भारत में वांछित है। भारत ने सईद के बेटे हाफिज तलहा के पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की खबरों पर भी संज्ञान लिया और कहा कि पड़ोसी देश में कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों को



मुख्यधारा में लाना कोई नई बात नहीं है और यह लंबे समय से सरकारी नीति का हिस्सा रहा है। पाकिस्तान ने भी लश्कर-ए-तैयबा, जमात-उद-दावा और उससे संबद्ध दलों तथा संगठनों को प्रतिबंधित संगठनों की सूची में शामिल किया है जिनमें खैर नास इंटरनेशनल ट्रस्ट, फलाह इंसानियत फाउंडेशन, अल-अनफल ट्रस्ट, खमतब खलाक इंस्टीट्यूशन, अल-दवात अल-अरशद, अल-हमाद ट्रस्ट, अल-मदीना फाउंडेशन और मुआज बिन जबाल एजुकेशनल ट्रस्ट शामिल हैं। पाकिस्तान में धार्मिक संस्थाओं पर नजर रखने वाले विश्लेषकों के हवाले से खबर में शनिवार को दावा किया गया कि मरकाजी मुस्लिम लीग सईद की जमात-उद-दावा का नया राजनीतिक चेहरा है। बहरहाल, पार्टी के एक प्रवक्ता ने सईद के संगठनों से किसी भी प्रकार के संबंध होने से इनकार किया। खबर में कहा गया है कि सईद का बेटा हाफिज तलहा सईद मरकाजी मुस्लिम लीग पार्टी की तरफ से चुनाव में भाग ले रहा है और वह लाहौर में नेशनल असेंबली-122 निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा है। इसी सीट से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता और पूर्व मंत्री ख्वाजा साद रफीक भी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह, सईद का दामाद हाफिज नेक गुज्जर मरकाजी मुस्लिम लीग की टिकट पर प्रांतीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पीपी-162 से चुनाव लड़ रहा है। पहले भी जमात-उद-दावा से जुड़े कुछ लोग मिल्ली मुस्लिम लीग पार्टी की तरफ से 2018 में चुनावों में भाग लेने की कोशिश कर चुके हैं लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इस संगठन को प्रतिबंधित कर दिया था और तत्कालीन सरकार के विरोध के बाद पंजीकरण के लिए उसका आवेदन खारिज कर दिया था।

अमेरिका ने मिल्ली मुस्लिम लीग को प्रतिबंधित कर दिया था और इससे जुड़े सात लोगों को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया था। अब इनमें से चार लोग पंजाब और सिंध विधानसभाओं में मरकाजी मुस्लिम लीग की तरफ से चुनाव लड़ रहे हैं। मरकाजी मुस्लिम लीग के एक प्रवक्ता हंजाला इमाद ने कहा, हमारा कोई भी उम्मीदवार किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल नहीं है और किसी भी प्रतिबंधित पार्टी का हिस्सा नहीं है। बीबीसी ने इन लोगों के चुनाव लड़ने को लेकर निर्वाचन आयोग से सवाल किए हैं लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

